



# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

● वर्ष : 1 ● अंक : 120 ● नई दिल्ली, शुक्रवार, 04 अगस्त 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये RNIUP HIN/2015/64737




3 सड़क सुरक्षा समिति में सड़क दुर्घटना से सम्बंधित ...

## ख़ास ख़बर

### पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य के स्वास्थ्य में सुधार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ है और उनकी तबीयत ठीक है। भट्टाचार्य का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। चिकित्सकों ने कहा कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता भट्टाचार्य (79) नॉन-इनवेसिव वेंटिलेटरी सपोर्ट पर हैं और होश में हैं। शहर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों की टीम के एक सदस्य ने कहा कि उन्हें राइल्स ट्यूब के माध्यम से भोजन खिलाया जा रहा है और निगलने की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया जा रहा है। चिकित्सक ने पीटीआई-भाषा को बताया, उनकी समग्र स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है... वह ठीक हैं और होश में हैं। वह चिकित्सकों और आगंतुकों से बात कर रहे हैं और घर लौटना चाहते हैं। उन्हें नॉन-इनवेसिव वेंटिलेटरी सपोर्ट पर रखा गया है। उनके रक्त संबंधी मापदंडों में सुधार हुआ है, लेकिन उन्हें शनिवार तक आईवी एंटीबायोटिक्स दवाएं दी जाएंगी।

### शारजाह के लिए रवाना हुए विमान में आने लगी प्याज की दुर्गंध, वापस कोच्चि लौटा

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि से 175 यात्रियों को लेकर शारजाह रवाना हुए एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तेज बदबू और जलने की गंध आने की वजह से उसे वापस लौटना पड़ा। इस दुर्गंध की वजह विमान के कार्गो (माल) क्षेत्र में रखे प्याज के एक डिब्बे को माना जा रहा है। एअरलाइन के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को बताया कि दो अगस्त को यहां से शारजाह के लिए रवाना हुई एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (IX yvv) में सवार एक यात्री ने विमान के अंदर कुछ जलने की दुर्गंध आने की शिकायत की।

### नाबालिग छात्रा के साथ बलात्कार, तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**जयपुर।** राजस्थान के डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक बलात्कार के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। थानाधिकारी हेमंत चौहान ने बताया कि बुधवार की रात छात्रा से मिली तहरीर के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ उसका अपहरण करने व उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों में से एक छात्रा का परिचित है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण), 366 (शादी के लिए विवश करना), 366 (ए) (इच्छा के बिना ही उसे शादी के लिए विवश करना) 376 (सामूहिक बलात्कार) और 516 पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। चौहान ने बताया कि तहरीर के अनुसार, छात्रा बुधवार को स्कूल जाने के लिए निकली थी लेकिन रास्ते में कार सवार युवकों ने उसे जबरदस्ती वाहन में बैठाया और जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि छात्रा की मेडिकल जांच करवाई गई है और उसके बयान दर्ज कर लिए गए है।

## विपक्षी दलों का गठबंधन देश को बर्बादी, सांप्रदायिक तनाव से बचाएगा : ममता

**एजेंसी/ कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने के बाद देश को बर्बादी, सांप्रदायिक तनाव और बेरोजगारी से बचाएगा।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो बनर्जी ने आरोप लगाया कि इस बात के सबूत हैं कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनाव जीतने के अपने प्रयासों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को हैक करने की कोशिश कर रही है। बनर्जी ने यहां राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से कहा, इंडिया 2024 का चुनाव जीतेगा और सरकार बनाएगा। इंडिया देश को बर्बादी, सांप्रदायिक तनाव और बेरोजगारी से बचाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, वे (भाजपा) पहले से ही योजना बना रहे हैं (कि आम चुनाव कैसे जीता जाए)। वे ईवीएम को हैक करने की कोशिश कर रहे हैं, हमने इस बारे में सुना है व सबूत हासिल किए हैं तथा और अधिक सबूत प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

## मणिपुर: सामूहिक कब्रगाह पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

**एजेंसी/ इंफाल**



मणिपुर उच्च न्यायालय ने जातीय हिंसा में मारे गए कुकी-जोमी समुदाय के लोगों के शव सामूहिक रूप से दफनाए जाने के निर्धारित समय से कुछ घंटों पहले चुराचांदपुर जिले के हाओलाई खोपी गांव में प्रस्तावित अंतएष्टि स्थल को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया। इस बीच, कुकी-जोमी समुदाय के संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने भी कहा कि वह केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुरोध के बाद अंतएष्टि कार्यक्रम को सात दिनों के लिए स्थगित कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि वहीं सभाओं पर प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए एक जुलूस को प्रस्तावित अंतएष्टि स्थल की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बृहस्पतिवार को बिष्णुपुर जिले के कांगवई और फौगाकचाओ इलाकों में सेना तथा आरएएफ कर्मियों ने आंसू गैस के गोले छोड़े। उन्होंने बताया कि इस दौरान झड़प में 17 लोग घायल हो गए। इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट के जिला मजिस्ट्रेट ने एहतियाती कदम के तौर पर पहले घोषित कर्फ्यू में ढील को वापस ले लिया। वहीं समूची इंफाल घाटी में रात का कर्फ्यू जारी है। इससे पहले आईटीएलएफ ने राज्य में जातीय हिंसा में मारे गए 35 लोगों के शव बृहस्पतिवार को हाओलाई खोपी गांव में एक स्थल पर दफनाने की योजना बनाई थी, जिससे मणिपुर के कई जिलों में तनाव पैदा हो गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम.वी. मुरलीधरन और न्यायमूर्ति ए. गुणेश्वर शर्मा की पीठ ने मामले की तत्काल सुनवाई की जरूरत के मद्देनजर सुबह छह बजे सुनवाई शुरू की और अंतएष्टि के लिए निर्धारित भूमि को लेकर राज्य एवं केंद्र सरकारों और उनकी कानून प्रवर्तन एजेंसी तथा आम लोगों को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति मुरलीधरन ने कहा कि मामले में आगे की सुनवाई नौ अगस्त को होगी। पीठ ने उक्त जगह पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र होने से हिंसा एवं रक्तपात फिर से भड़कने तथा कानून-व्यवस्था की पहले से अस्थिर स्थिति के और गंभीर होने की आशंका पर भी गौर किया। पीठ ने कहा कि केंद्र, राज्य सरकार और पीड़ित पक्षों को मामले का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने के प्रयास करने का निर्देश भी दिया जाता है।

लोकसभा

# लोकसभा में पास हुआ दिल्ली सेवा बिल



**एजेंसी/ नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 लोकसभा में पारित हो गया। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने विरोध स्वरूप वाकआउट किया। यह बिल मंगलवार को अमित शाह ने संसद में पेश किया गया था। दिल्ली सेवा विधेयक मौजूदा अध्यादेश की जगह लेगा जो दिल्ली सरकार को अधिकांश सेवाओं पर नियंत्रण देने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश को रद्द कर देता है। अध्यादेश अरविंद केजरीवाल की आप और केंद्र के बीच एक प्रमुख टकराव रहा है। वहीं, आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को आसन पर कागज फेंकने के कारण लोकसभा के शेष मानसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रस्ताव पेश किया। स्पीकर ओम बिरला ने फैसले की घोषणा करने से पहले सदन की मंजूरी मांगी। लोकसभा में 'राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023' चर्चा पर जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सेवाएँ हमेशा केंद्र सरकार के पास रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने व्याख्या दी। 1993 से 2015 तक किसी मुख्यमंत्री ने नहीं लड़ी लड़ाई। कोई लड़ाई नहीं हुई क्योंकि जो भी सरकार बनी उसका लक्ष्य लोगों की सेवा करना था। अगर सेवा करनी है तो लड़ने की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि लेकिन अगर उन्हें सत्ता चाहिए तो वे लड़ेंगे। इसके साथ ही शाह ने दावा किया कि I.N.D.I.A गठबंधन के बाद भी, पीएम मोदी पूर्ण बहुमत के साथ फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। सभी बिल महत्वपूर्ण हैं और आपको सदन में उपस्थित रहना चाहिए था। इस (दिल्ली सेवा विधेयक) विधेयक के पारित होने के बाद गठबंधन टूट जाएगा। कांग्रेस ने दिल्ली में 'समूह-ए' के अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना के लिए एक प्राधिकार के गठन के प्रावधान वाले विधेयक का पुरजोर विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह देश के संघीय ढांचे के साथ छेड़छाड़ है और ऐसा किया जाता रहा तो 'हिंदुस्तान तबाह हो जाएगा'। गृह मंत्री अमित शाह ने 'राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023' को लोकसभा में चर्चा और पारित कराने के लिए रखा।

### विपक्ष को लोकतंत्र की नहीं, गठबंधन बचाने की चिंता

लोकसभा में 'राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023' चर्चा पर जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों पर जबरदस्त तरीके से प्रहार किया है। अपने वक्तव्य की शुरुआत करते हुए अमित शाह ने कहा कि संसद में बहुत दिनों के बाद चर्चा हुई, देख कर अच्छा लगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल विपक्षी दलों की गठबंधन से बाहर ना हो जाए, इसलिए सभी उनके साथ खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने खुद को आज बेनकाब कर दिया है। दिल्ली राज्य नहीं है एक संघ प्रदेश है। केंद्र को कानून बनाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को ना तो देश की चिंता है और ना ही जनता की चिंता है।

### अमित शाह पर केजरीवाल का पलटवार



दिल्ली से जुड़े विधेयक को लेकर आजा जबरदस्त तरीके से राजनीति देखने को मिली। लोकसभा में इस मुद्दे पर चर्चा हुई चर्चा के लिए इससे अमित शाह ने टेबल पर रखा। अमित शाह ने इसके पक्ष में कुछ बयान दिए। हालांकि आप पर अमित शाह के बयान पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने पलटवार किया है। आपको बता दें कि दिल्ली से जुड़े इस विधेयक का आम आदमी पार्टी सहित तमाम विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने अमित शाह पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके पास कोई वाजिब तर्क नहीं है। उन्होंने इधर उधर की फालतू बात की है। अमित शाह के बयान पर पलटवार करते हुए केजरीवाल ने ट्वीट किया कि आज लोक सभा में अमित शाह जी को दिल्ली वालों के अधिकार छीनने वाले बिल पर बोलते सुना। बिल का समर्थन करने के लिये उनके पास एक भी वाजिब तर्क नहीं है। बस इधर उधर की फ़ालतू बातें कर रहे थे। वो भी जानते हैं वो ग़लत कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये बिल दिल्ली के लोगों को ग़ुलाम बनाने वाला बिल है। उन्हें बेबस और लाचार बनाने वाला बिल है। ढ्ढह्यष्द्ध ऐसा कभी नहीं होने देगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी नीत दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली सेवा विधेयक का विरोध करने का मकसद विजिलेंस को नियंत्रण में लेकर 'बंगले' का और भ्रष्टाचार का सच छिपाना है और ऐसे में सभी दलों को देश और दिल्ली के भले को ध्यान में रखना चाहिए।

## आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने अमरावती आर-5 जोन में मकानों के निर्माण पर रोक लगाई

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



● लेकिन किसानों के एक समूह, नीरुकोंडा और कुरागल्लू किसान कल्याण संघ ने आर-5 जोन निर्माण के खिलाफ याचिका दायर कर दी।

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को अमरावती राजधानी क्षेत्र के आर-5 जोन में गरीब लोगों के लिए मकानों के निर्माण पर रोक लगा दी, जो युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के नेतृत्व वाली सरकार के लिए एक बड़ा झटका है। न्यायमूर्ति डीवीएसएस सोमयाजुलु, न्यायमूर्ति चीकाती मानवेंद्रनाथ रॉय और न्यायमूर्ति रविनाथ तिलहर की तीन न्यायाधीशों वाली पीठ ने आदेश दिया कि मौजूदा परिस्थितियों में इस क्षेत्र में आगे निर्माण उचित या न्यायोचित नहीं होगा। आंध्र प्रदेश सरकार ने गरीबों के लिए आवास भूखंड उपलब्ध कराने और वहां मकान निर्माण को लेकर आर-5 जोन बनाने के उद्देश्य से राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए) अधिनियम में संशोधन किया था। लेकिन किसानों के एक समूह, नीरुकोंडा और कुरागल्लू किसान कल्याण संघ ने आर-5 जोन निर्माण के खिलाफ याचिका दायर कर दी। बृहस्पतिवार को जारी स्थगन आदेश में कहा गया, मामले को ध्यान में रखते हुए अदालत की राय है कि व्यापक जनहित में फिलहाल आर-5 जोन में मकानों का निर्माण ठीक नहीं है। पीठ ने कहा कि जिन लोगों ने आर-5 जोन में मकानों के निर्माण को चुनौती दी है उनकी लंबित याचिकाओं पर अदालतों और उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के आधार पर आगे कदम उठाए जा सकते हैं। 24 जुलाई को बड़े जोर शोर से मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) - वाईएसआर बीएलसी (यू) योजना के तहत 1,830 करोड़ रुपये की लागत से गुंटूर जिले के कृष्णयापलेम लेआउट में 50,793 घरों की नींव रखी थी। मंगलागिरी और ताड़ीकोंडा विधानसभा क्षेत्रों में स्थित इन घरों का निर्माण सीआरडीए क्षेत्र में 1,400 एकड़ में किया जाना था।

### भारत ने बच्ची अरिहा की वापसी के लिए जर्मन दूत को तलब किया

**नई दिल्ली।** भारत ने इस सप्ताह जर्मन राजदूत फिलिप एकरमैन को तलब किया और एक भारतीय बच्ची की वापसी के लिए जोर दिया, जो 20 महीने से अधिक समय से बर्लिन के देखभाल केंद्र में रह रही है। अरिहा शाह को दुर्घटनावश चोट लगने के बाद 23 सितंबर, 2021 को जर्मनी के युवा कल्याण कार्यालय की देख-रेख में रखा गया था। घटना



के समय अरिहा की उम्र सात महीने थी। एकरमैन को इस सप्ताह की शुरुआत में अरिहा मुद्दे पर तलब किया गया था। भारत का मानना है कि बच्ची के लिए उसके भाषाई, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परिवेश में रहना महत्वपूर्ण है। पिछले साल दिसंबर में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जर्मन की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को बच्ची के संबंध में अपनी चिंताओं से अवगत कराया था।

## बिहार जातीय जनगणना

## ट्रांसजेंडर समुदाय को उम्मीद है कि कोर्ट उनकी चिंताओं का समाधान करेगा

**एजेंसी/ पटना**



पटना उच्च न्यायालय द्वारा बिहार में जाति आधारित गणना की अनुमति दिए जाने के बाद राज्य के ट्रांसजेंडर समुदाय को उम्मीद है कि इस अभ्यास में थर्ड जेंडर को एक जाति के रूप में शामिल किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत उनकी चिंताओं का समाधान करेगी। ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ता और बिहार के गैर सरकारी संगठन दोस्तानासफ़र की संस्थापक सचिव रेशमा प्रसाद ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस मामले की अगली सुनवाई के दिन, 10 अगस्त को उनकी चिंताओं के निराकरण की दिशा में अदालत द्वारा विचार किया जाएगा। प्रसाद ने ही जाति आधारित जनगणना के फॉर्मेट में थर्ड जेंडर को एक अलग जाति के रूप में शामिल किए जाने के विरोध ट्रांसजेंडर समुदाय की ओर से पटना उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता के वकील शाश्वत ने बताया कि बुधवार को पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की खंडपीठ ने उनके मुवक्किल की याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से अपने समुदाय के लोगों से बात करके बताने को कहा है। उन्होंने कहा कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा अब इस मामले को 10 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

पटना उच्च न्यायालय की इसी पीठ ने मंगलवार को बिहार में नीतीश कुमार नीत सरकार के जाति आधारित गणना के निर्णय को पूरी तरह से वैध करार देते हुए इसको चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

## सिविल सेवक बनने के लालच का देश के लिए जरूरी अन्य पेशों पर प्रतिकूल प्रभाव: संसदीय समिति

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



संसद की एक समिति ने बृहस्पतिवार को कहा कि सिविल सेवाओं में 70 प्रतिशत से अधिक भर्तियां तकनीकी विषयों से होती हैं और सिविल सेवक बनने का लालच संभवत~ उन अन्य पेशों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है जो देश के लिए जरूरी हैं। विभाग से संबंधित कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय संबंधी संसद की स्थायी समिति ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि सिविल सेवाओं के लिए पूरी भर्ती प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने का यह सही समय है। समिति ने कहा कि एक सिविल सेवक सरकार और आम लोगों के बीच एक कड़ी होता है और वह जमीनी स्तर पर काम करता है, जिसके लिए काफी मानवीय और संवेदनशील दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। समिति ने यह भी कहा कि एक सिविल सेवक को इस तरह से प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए कि वह किसी भी मुद्दे के प्रति अधिक मानवीय और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करे। इसने बृहस्पतिवार को संसद में पेश भारत सरकार के भर्ती संगठनों के कामकाज की समीक्षा पर अपनी 131वीं रिपोर्ट में कहा कि भर्ती किए गए अधिकारियों की अधिकतम संख्या तकनीकी और चिकित्सा पृष्ठभूमि की है। भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सिविल सेवा में की जाने वाली 70 प्रतिशत से अधिक भर्तियां आजकल तकनीकी विषयों से होती हैं।

**ज्ञानवापी मस्जिद:** संसद के बाहर पत्रकारों से कहा, यह एक अच्छा फैसला है।

## भाजपा ने एएसआई सर्वेक्षण की अनुमति का स्वागत किया

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने उत्तर प्रदेश में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के एएसआई सर्वेक्षण की अनुमति देने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब स्थल पर मंदिर के बारे में सच्चाई सामने आ जाएगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के खिलाफ दाखिल अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी।अंजुमन इंतेजामिया कमेटी ने वाराणसी की जिला अदालत के 21 जुलाई के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अंजुमन इंतेजामिया कमेटी ने ज्ञानवापी मस्जिद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण की अनुमति देने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। उच्च न्यायालय ने कहा कि जिला अदालत का आदेश उचित है और इस अदालत के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला संविधान के मुताबिक है। उन्होंने संसद के बाहर पत्रकारों से कहा, यह एक अच्छा फैसला है। हम भारतीयों के लिए यह उम्मीद भरा है। सच हमेशा सामने आता है, समय लगता है लेकिन सच सामने आ ही जाता है।

## ख़ास ख़बर

### मरीज की मौत पर हंगामा, एनएच जाम



**मधेपुरा।** सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के कुछ घंटे बाद 52 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। उसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 106 को देर रात दो बजे तक जाम कर दिया । परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल की लापरवाही के कारण मौत हुई है। मृतक के भतीजे अनिल कुमार ने कहा कि मंगलवार की शाम उनके चाचा प्रियवत यादव जो सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के जयपुरा के रहने वाले उनको मेडिकल कॉलेज के समीप एक निजी अस्पताल पाटलिपुत्रा अस्पताल में एडमिट करवाया गया । जिनका ऑपरेशन बुधवार को करीब 11 बजे किया गया । ऑपरेशन के करीब तीन घंटे बाद कहा गया कि आपके पेसेंट की हालत खराब है और उन्हें अच्छे ट्रीटमेंट की आवश्यकता है । जिस पर मरीज के परिजन ने ईसीजी रिपोर्ट की मांग करने लगे । लेकिन अस्पताल प्रबंधन ईसीजी रिपोर्ट देने में आना कानी करने लगे । जिसपर मरीज के परिजनों को शक हुआ की उनके पेसेंट की मौत हो चुकी और डॉक्टर द्वारा बहलाया जा रहा । इस बीच मरीज के भतीजे ने कहा की यदि उनकी सांस चल रही है तो उन्हें वे बाहर ले जा सकते हैं यदि उनकी मौत हो गई है तो स्पष्ट करें । करीब 6 बजे मेडिकल प्रशासन ने कहा की मरीज की मौत हो चुकी है। मरीज के मौत की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों ने हंगामा मचा दिया और एनएच को जाम कर दिया । घटना की जानकारी मिलने पर थाना अध्यक्ष अरुण कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करने लगे और मृतक के परिवार के सदस्यों को समझा बुझाकर जाम को समाप्त करवाया । परिजनों का आरोप था की अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज के किडनी सहित कई पार्ट्स शरीर से निकाल लिया गया जिसके कारण मरीज की मौत हुई है। जबकि अस्पताल के डॉक्टर, डॉक्टर संतोष कुमार का कहना है की उनके ऊपर गलत व बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। पेसेंट की हालत पहले ही गंभीर थी और इसकी जानकारी मरीज के परिजन को दी गई थी।

### एडीजे-04 संतोष गुप्ता योगदान किये अनन्य विशेष न्यायाधीश-02 न्यायालय में



**अररिया।** पटना हाई कोर्ट के निर्देश के आलोक में सोमवार को व्यवहार न्यायालय अररिया मे पदस्थापित एडीजे-04 संतोष कुमार गुप्ता पदोन्नति उपरांत अररिया व्यवहार न्यायालय में ही उत्पाद के अनन्य विशेष न्यायाधीश-02 के न्यायलय मे अपना योगदान कर लिये. न्यायधीश संतोष गुप्ता उत्पाद के अनन्य विशेष न्यायाधीश-01 राजीव रंजन सिंह से चार्ज लिये है।यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह के हवाले से कोर्ट के प्रभारी प्रशासन श्यामबिहारी सिंह ने दी है।जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सह वरीय अधिवक्ता विनोद प्रसाद ने कहा कि एडीजे-04 संतोष कुमार गुप्ता का उत्पाद के अनन्य विशेष न्यायधीश-02 बनने से इस न्यायालय के उत्पाद से जुड़े लगभग 6000 से अधिक मामलो मे सुनवाई पूर्णरूपेण ठप्प पर गया था. योगदान होने से मामलो के निष्पादन मे तेज़ी से बढ़ोतरी होगी।

### जयनगर थाना को गुप्त सूचना मिली कि कुछ शराब तस्कर नेपाली शराब भारी मात्रा में लेकर जा रहा



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर के दिशा निर्देशन में आशुतोष, रंजन, पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष, जयनगर के नेतृत्व में टीम का गठन कर ग्राम बलडीहा बॉध एंव ग्राम पचहर में छापामारी कर एक सुमो विक्टा तथा तीन मोटर साईकिल एंव कुल 900 लीटर, गौरभ सौफी नेपाली देशी शराब बरामद किया गया है। शराब तस्कर प्राथमिकी अभियुक्त विकाश सिंह पिता उमेश सिंह 2. शंभु सहनी पिता अजबी सहनी 3. विवेक सिंह पिता किशोरी सिंह एंव जप्त वाहन के मालिक/चालक के विरूद्ध बिहार मद्यनिषेध एंव उत्पाद संशोधित अधिनियम-2022 के अन्तर्गत दर्ज किया गया है।पु0अ0नि0 धीरेन्द्र कुमार सिंह, जयनगर थाना,पैथर दिलीप कुमार, चुनचुन राम, चंदन कुमार, प्रवीण कुमार, विपीन कुमार, रंजन कुमार गुप्ता,संजीव कुमार,एवं अन्य पुलिस कर्मी मैजूद थे।

# सांसद प्रदीप सिंह को मिला गडकरी का आश्वासन, शीघ्र शुरू हो सकता अंडरपास का निर्माण

### नरपतगंज बाजार स्थित एन एच 57 पर जल्द बनेगा अंडरपास, जिले के कई सड़को का भी होगा चौड़ीकरण- सांसद



**नई दिल्ली/अररिया।** संसद के मॉनसून सत्र के दौरान सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर नरपतगंज बाजार स्थित एनएच-57 पर बनने वाले अंडरपास / फ्लाईओवर के निर्माण के साथ कई सड़कों के चौड़ीकरण व रखरखाव के संबंध में से मुलाकात कर पत्र सौंपा, सांसद ने मुलाकात के बाद जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मेरी सभी मांगों पर अपनी सहमति जताते हुए पूरा करने का भरोसा दिया, सांसद ने कहा कि मंत्री जी ने अतिशीघ्र नरपतगंज बाजार में स्थित एन एच 57 पर अंडरपास निर्माण कार्य शुरू करने का भरोसा दिया। सांसद ने अररिया के कई राजमार्गो को राष्ट्रीय राजमार्ग की श्रेणी में परिवर्तित करने की मांग रखी जिनमें निम्नलिखित मुख्य सड़के है 1. अररिया मुख्यालय स्थित पचकौड़ी चौक से वाया रामपुर, पटेगना, ताराबाड़ी, कुर्साकाँटा से नेपाल बॉर्डर कुआरी तक PWD मार्ग है जिसकी लम्बाई लगभग 40 किलोमीटर है जिसके लिए पूर्व में ही लगभग 85 फीट जमीन अधिकृत किया जा चुका है

2. एन एच 327 ई जोकीहाट भेभड़ा चौक से थाना पलासी, कलिआगंज, टेढ़ागाछ से फतेहपुर, फतेहपुर से नेपाल बॉर्डर 3. पी डब्ल्यू डी मार्ग मिथिला पब्लिक स्कूल डोम सड़क से बंगाल बॉर्डर वाया कुर्साकाँटा से सिकटी फूटानी चौक से कलियागंज वाया झाला से गलगलिया 4. एन एच57 जो की मुजफ्फरपुर से पूर्णिया को जोड़ता है वाया अररिया से किशनगंज से सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल को जाने वाली मुख्य राजमार्ग है, इसकी मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु ठोस कदम उठाने की सख्त आवश्यकता है 5. एन एच 327 ई अररिया मुख्यालय से अररिया जीरो माइल तक जिसकी लम्बाई लगभग 3.5 किलोमीटर है, जिसका चौड़ीकरण तथा मार्ग के दोनो तरफ बने हुए नाले का विस्तार करना है अतः जनता की भावना और लोकहित को ध्यान में रखते हुए आपसे आग्रह है कि इन सभी राजमार्गों का DPR जल्द से जल्द बनाने के आदेश दिए जाएं ताकि इन राजमार्गों का काम जल्द से जल्द शुरू किया जा सकें जिसके लिए मैं श्रीमान का सदा आभारी रहूँगा।

इधर भाजपा के लोकसभा संयोजक समरनाथ सिंह ने अररिया के माननीय सासंद प्रदीप कुमार सिंह जी द्वारा उठाए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में की गई विकास एवम की जा रही प्रयास अब तक के संसदीय कार्यकाल का अररिया लोकसभा में कई गुणा विकास हुआ है। उन्होंने उनके भगीरथ प्रयास की सराहना की।

## समरसता इन्टरनेशनल कॉग्रेस एवं इण्डो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाईजेशन के संयुक्त के तत्वाधान में अवार्ड के लिए चयन हुए हैं अविनाश, अविनाश आनंद का चयन कार्यस्थली से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम के कारण मिला है



**अविनाश आनंद को राजीव गाँधी समरसता अवार्ड 20 अगस्त को- सन्तोष सुखवानी**

**नई दिल्ली/अररिया।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी की जयन्ती 20 अगस्त सदभावना दिवस पर समरसता इन्टरनेशनल कॉग्रेस एवं इण्डो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाईजेशन के संयुक्त तत्वाधान मे भारत-नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में श्री अविनाश आन्नद सामाजिक कार्यकर्ता व युवा नेता राष्ट्रीय जनता दल अररिया बिहार को मुख्य अतिथि दमन नाथ ढँगाना प्रथम लोकसभा अध्यक्ष नेपाल द्वारा राजीव गाँधी समरसता अवार्ड अभिनन्दन पत्र, डा. शिवमाया तुम्बाहाङ्फे प्रथम महिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व कानून मंत्री नेपाल द्वारा शाल, पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ठाकुर दिग्गविजय सिंह महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नेपाल राष्ट्र की टोपी, जगदीश टाइटलर पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार द्वारा मेडल, सुबोध कान्त सहाय पूर्व ग्रहमंत्री भारत सरकार द्वारा स्मृति चिन्ह, संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी, ठाकुर ए.पी. सिंह एडवोकेट द्वारा अभिनन्दन किया जायेगा । अर्न्तराष्ट्रीय मिशन सलाहकार बोर्ड सदस्य सन्तोष सुखवानी ने बताया कि श्री अविनाश आन्नद का मुख्य द्वार पर तिलक, बैज लगाकर अगवानी की जायेगी, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजली कार्यक्रम भी रखा गया है। भारत-नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में श्री अविनाश आनंद अपने विचार रखेंगे एवं रात्रि भोज कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों, 22 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के संग भारत की शक्ति प्रतिष्ठा, पंचशील सिद्धान्त पर चर्चा करेंगें। श्री अविनाश आनंद का चयन कार्यस्थली से विकास तक सेवा कार्यो का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर सलाहकार बोर्ड सदस्यों ने चयन किया है। दी इण्डियन सोसायटी ऑफ इन्टरनेशनल लॉ वी. के. कृष्ण मेनन भवन सभागार में मानवीय एकता के लिए विश्व बन्धुत्व की भावना से सांस्कृतिक समन्वय के माध्यम से मित्रवत रूप मे पारिस्परिक सम्बन्ध, वसुधैव कुटुम्बकम् को साकार करने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय, सर्वधर्म सम्भाव, ग्लोबल विल्लेज को मूर्तरूप देने के लिए काठमाण्डौ नेपाल में आयोजित सार्क सदस्यों का सांस्कृतिक समन्वय 27 से 30 दिसम्बर का आमन्त्रण मुख्य अतिथि दमन नाथ ढुंगाना द्वारा श्री अविनाश आनंद को सम्मेलन में देंगे ।सम्मेलन में पी के सिहं अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच की कार्ययोजना को मूर्त रूप देने के लिए अपना नैतिक समर्थन देगे। सम्मेलन मै श्रीमती सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी प्रियंका गाँधी को विशेष आमन्त्रित 10 जनपथ जाकर संयोजक महावीर प्रसाद टोरडी के नेतृत्व में सांस्कृतिक शिष्ट मण्डल सदस्यों ने आमन्त्रित किया है।

## मिशन इंद्रधनुष की निर्धारित तिथि में बदलाव, अब 07 सितंबर से अभियान का पहला चरण, संशोधित तिथि जारी करते हुए राज्य स्वास्थ्य समिति ने अधिकारियों को दिये जरूरी दिशा निर्देश



**अररिया।** जिले में गर्भवती महिला व पांच साल तक के बच्चों को विभिन्न तरह के जानलेवा बीमारियों से बचाव को लेकर संचालित होने वाले मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के निर्धारित कार्यक्रम में मामूली फेरबदल किया गया है। गौरतलब है कि तीन चरणों में संचालित होने वाले मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का पहला चरण आगामी 07 से 12 अगस्त के बीच संचालित किया जाना था। राज्य स्वास्थ्य समिति ने इसे तत्काल स्थगित करते हुए संशोधित तिथि की घोषणा की है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी करते हुए जिलाधिकारी व सिविल सर्जन को जरूरी दिशा निर्देश दिया है।अभियान को लेकर संशोधित तिथि जारी- सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि गर्भवती महिला व पांच साल तक के बच्चों को 12 तरह के जानलेवा बीमारियों से बचाव को लेकर संचालित होने वाले मिशन इंद्रधनुष 5.0 कार्यक्रम की तिथि में बदलाव किया गया है। विभाग द्वारा घोषित संशोधित तिथि के मुताबिक जिले में अभियान का पहला चरण अब 11 सितंबर से संचालित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता को लेकर जिले में सभी जरूरी तैयारी पूरी हो चुकी है। टीकाकरण के लिये बच्चों का हेड काउंट सर्वे का कार्य भी अपने अंतिम चरण में है।

अभियान की सफलता विभाग की प्राथमिकताओं में शुमार है। 11 सितंबर से संचालित होगा अभियान का पहला चरण-जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के पहले चरण को लेकर विभागीय तैयारी पूरी हो चुकी है। राज्य स्वास्थ्य समिति से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में अब अभियान का पहला चरण आगामी 11 सितंबर से संचालित किया जायेगा। वहीं अभियान का दूसरा चरण 09 से 14 अक्टूबर व तृतीय चरण 27 नवंबर से 02 दिसंबर के बीच संचालित होगा। प्रशिक्षण का दौर खत्म, लोगों को किया जा रहा जागरूक-डीपीएम स्वास्थ्य संतोष कुमार ने बताया कि अभियान की सफलता को लेकर प्रखंडवार संबंधित कर्मियों के प्रशिक्षण का दौर खत्म हो चुका है। अब तक 693 एएनएम, व 1673 आंगनबाड़ी सेविकाओं को अभियान से संबंधित जरूरी प्रशिक्षण दिया गया है। टीकाकरण को लेकर बच्चों के हेडकाउंट सर्वे, ड्यू लिस्ट तैयार करने सहित संबंधित क्षेत्र में टीकाकरण को लेकर लोगों को प्रेरित करने के लिये आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका सहित जीविका दीदी से अपेक्षित सहयोग प्राप्त किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।

## चौथे मैच में गोलाबारी फुटबॉल क्लब का मुकाबला युवा जय मां काली फुटबॉल क्लब धोबनिया बीच खेला गया



**अररिया ।** नेताजी सुभाष स्टेडियम अररिया में मॉडर्न स्पोर्ट क्लब के सौजन्य से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया.बृहस्पतिवार को चौथे मैच में गोलाबारी फुटबॉल क्लब का मुकाबला युवा जय मां काली फुटबॉल क्लब धोबनिया बीच खेला गया.,जिसमे दोनों टीमों कें मुकाबला मे मधयन्तेर तक गोला बारी दो गोल युवा जय मां काली धोबनिया ऐक गोल कर जय मां काली. क्लब ध्वनियां 3/1 से बढ़त बनाये रखा एवम मेडिकल टीम मे रंभा रविदास एवं ज्योति प्रिया ,एंबुलेंस भीस्वास्थ समिति अररिया की ओर से उपस्थित रहे मध्यानतर कें बाद ऐक गोल दाग कर जय मां काली क्लब धोबनिया बराबर ला दिया तत्पश्चात प्लांटी सूट का निर्णय लिया गया प्लांटी सूट में धोबनिया 4/2 से मैच को पर कब्जा किया और सेमी फाइनल मॉडर्न स्पोर्ट क्लब ,युवा संघर्ष मोर्चा मुंशीबारी ,मदनपुर आदिवासी स्पोर्ट क्लब और जय मां काली क्लब धोबनिया मे पहुंच गई हुआ .,,.मॉडर्न चैलेंजर ट्रॉफी टूर्नामेंट में अररिया ,पूर्णिया और कटिहार की कुल आठ टीम भाग ले रही है .जिसका फाइनल मैच रविवार को इसी मैदान पर होगा .मैच में मुख्य रेफरी के रूप में बबलू मरांडी और अब्दुल गफ्फार एवं सदरे आलम शामिल थे.जबकि मैन ऑफ द मैच का ख़िताब धोबनिया क्लब कें अविनाश को दिया गया.मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सरफूल हक़ प्रधान सहायक जीला परिषद समाज सेवी ,अध्यक्ष सत्यन शरण ,इश्तियाक आलम जकी अंसारी ,जकीउल्ल होद ,मोहतासीम जुबेरी ,गोपाल झा , शकील अंसारी ,शादाब शमीम,तंजील अहमद झुन्नू ,सिकन्देर कुमार, चंगेज अंसारी ,नौशाद आलम ,कमाले हक़ ,रफत संवि भी मौजूद थे.

## बिहार में फिर से शुरू हुई जाति आधारित जनगणना, आम लोगों के हित में नीतीश का सराहनीय कदम- फिरोज आलम



**शंकरपुर।** जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव जनाब फिरोज आलम ने कहा देश का पहला राज्य है बिहार जहां जाति आधारित गणना किया जा रहा है। इस गणना के शुरू होने के बाद विपक्ष द्वारा विरोध जताए जाने के बाद मामला कोर्ट में लंबित था। पटना हाई कोर्ट द्वारा पुनः बिहार में जाति आधारित गणना को हाईकोर्ट से हरी झंडी दिए जाना राज्य सरकार की ईमानदार सोच को पुनः बहाल कर दिया। इस गणना के शुरू किए जाने के बाद बिहार में एकबार फिर से मुख्यमंत्री की सोच को नया आयाम मिला है। आगे उन्होंने कहा कि पटना हाई कोर्ट ने बिहार में जाति आधारित गणना एवं आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली आधा दर्जन याचिकाओं को खारिज कर दिए जाने के बाद से इस गणना का रास्ता साफ हो गया और अधूरे पड़े गणना का कार्य राज्य सरकार द्वारा शुरू कर दिया गया है, जो बिहार सरकार की जीत है। श्री आलम ने आगे बताया कि जाति आधारित गणना का लगभग 80 फीसदी काम पहले ही चरण में जा चुका है। पटना हाई कोर्ट ने नीतीश सरकार को बड़ी राहत देते हुए बिहार में जाति आधारित गणना एवं आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली पूरा किया आधा दर्जन याचिकाओं को खारिज कर दिया। इसके साथ ही इस गणना का रास्ता साफ हो गया है। पटना उच्च न्यायालय के आए फैसले के बाद सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आवश्यक निर्देश देते हुए गणना का कार्य शुरू कर देश के लिए नजीर पेश किया है। इस जातीय जनगणना से जनता की जाति, उपजाति, धर्म और संप्रदाय के साथ ही उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति का भी पता लग जाएगा जो बिहार की जनता के हित में होगा और आगे इसका पूरा देश अवलोकन करेगा।

## मौर्या अल्ट्रासाउंड में हंगामा के बाद गर्भवती महिला को भेजा गया अस्पताल



**कुर्साकांटा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मौर्या अल्ट्रासाउंड कुर्साकांटा में गर्भवती महिला के परिजनों द्वारा हंगामा मचाया गया, जब अल्ट्रासाउंड में दिखा कि उनका गर्भस्थ शिशु मृत है। वार्ड संख्या 07 निवासी अफसाना परवीन (30) के परिजनों ने आरोपी एएनएम पूनम कुमारी पर भी गंभीर आरोप लगाए।मरीज के परिजनों के दावे के मुताबिक, पूनम कुमारी ही इलाज कर रही थी, जिससे उन्हें भ्रमित हो गया कि उनका शिशु जीवित है। लेकिन अल्ट्रासाउंड के बाद सत्य सामने आया और उन्हें इलाज के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया।स्थानीय पुलिस ने घटना की जांच करने का वादा किया है और आरोपी एएनएम पूनम कुमारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगीका भरोसा दिलाया।

**शिकायत** डीएम ने स्थलीय जांच हेतु जिला जन लोक शिकायत कार्यालय भेजा, परन्तु करवाई नदारत

# वासगीत पर्चा वाली जमीन पर रेलवे विभाग द्वारा नाजायज तरीके से पिलर गाड़ने की शिकायत संथालों द्वारा डीएम से किया गया





**अररिया।** जिला पदाधिकारी के आदेश पर भी जिला जन लोक शिकायत कार्यालय द्वारा उचित करवाई नही किये जाने पर जिले के बौसी बसेटी मोहनी वार्ड 09 जामुनबारी के रहनेवाले करीब 24 संथाल परिवार हाल-परेशान हैं।बताया जाता है कि बिना किसी पूर्व सूचना के वासगीत पर्चा वाली जमीन पर रेलवे विभाग द्वारा नाजायज तरीके से घनी आबादी वाली बस्ती भूमिहीन गरीब मजदूर का बस्ती उजाड़ने व रेलवे पटरी लाइन नाजायज तरीके से बिछाने का कार्य शुरू किये जाने पर रोक लगाने की बात को लेकर जिले के बौसी बसेटी मोहनी वार्ड 09 जामुनबारी के रहनेवाले करीब 24 संथाल लोगों द्वारा स्वहस्ताक्षरित आवेदन अररिया जिला पदाधिकारी को पत्र लिखा गया था, जिस आवेदन पत्र पर गौर करते हुए डीएम ने स्थल जांच हेतु जिला जन लोक शिकायत कार्यालय को भेजा है, परन्तु जिला जन लोक शिकायत कार्यालय मे यह मामला लंबित पड़ा हुआ है।इस संबंध में जानकारी देते हुए बौसी बसेटी मोहनी वार्ड 09 जामुनबारी के रहनेवाले करीब 24 संथाल लोग क्रमशः जंजु मुर्मू, छक्कू सोरेन, बैजनाथ टुड्डू, सौनरा टुड्डू, राजकुमार मरांडी, सोनेलाल सोरेन, लुखो देवी, रामलाल हासदा, सुखोत टुड्डू, सदानंद मुर्मू, सुखदेव टुड्डू, सोहनलाल बेसरा, नंदलाल सोरेन, अनिल लाल मुर्मू, जागेश्वर सोरेन, मसोमात होना, रसिक लाल किस्कु, तल्लु टुड्डू, जेठा बास्की, मायसा बास्की, छोटे लाल किस्कु, सोने लाल बेसरा, अनूप लाल बेसरा व मसोमात हनजी देवी के अधिवक्ता दिलीप कुमार कर्ण ने बतलाया कि जिला पदाधिकारी को लिखे गये पत्र की प्रतिलिपि कटिहार हेड क्वार्टर के डीआरएम, रानीगंज अंचल पदाधिकारी सहित भूअर्जन कार्यालय अररिया को भी आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजी गई है।बतलाया गया कि प्रत्येक लोगो को बिहार सरकार के द्वारा बासगीत पर्चा द्वारा प्रदत जमीन मौजा बसेटी आरएस खाता 333 खेसरा नंबर 4201 रकवा 12 डिसिमल 21 फरबरी 2012 ईस्वी को ही मिल गया था.।जिस जमीन पर ये लोग शांतिपूर्ण तरीके से दखलकार होकर फुस का जुग्गी झोपड़ी बनाकर परिवार सहित रहते चले आ रहे हैं व उक्त बंदोबस्ती वासगीत पर्चा वाली जमीन का लगान रशीद भी हम सभी प्रत्येक आवेदनगण के नाम निर्गत है व सभी वासगीत पर्चा वाली जमीन का खजाना लगान अदा कर रशीद प्राप्त करते चले आ रहे हैं।आगे बतलाया गया कि मौजा बसेटी खाता 332 खेसरा 4202 रकवा 01 एकड़ 26 डिसमिल पर भी इनलोगों मे से कुछ व्यक्तियों का जमीन है इंदिरा आवास के तहत जुग्गी मकान व जुग्गी झोपड़ी बना हुआ है।वही, खाता 332 खेसरा 4202 रकवा 01 एकड़ 26 डिसिमल जमीन पर एक मुकदमा 337एम/2012 अंदर धारा 145 सीआरपीसी के तहत एसडीएम कोर्ट अररिया के न्यायालय में लंबित है।इधर, पीड़ित संथाल लोगो ने पत्रकारो को बताया कि 09 जनवरी 2023 को एकवेग रेलवे विभाग द्वारा खाता 793 खेसरा 909 व 445 की भूमि पर रेलवे पटरी बिछाने हेतु पिलर गार दिया गया था.

## सुरक्षित गर्भपात को बढ़ावा देने को एमटीपी एक्ट को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**पूर्णिया ।** सुरक्षित गर्भपात को बढ़ावा देने तथा जनसमुदाय में जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व ग्रामीण स्तर की महिला कार्यकर्ताओं को एमटीपी एक्ट से संबंधित प्रशिक्षण देकर उनका क्षमतावर्धन किया जा रहा है। इसी को लेकर क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (आरपीएमयू) के द्वारा आईपास के सहयोग से राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर स्थित मुख्य भवन में सुरक्षित गर्भ समापन को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आशा समन्वयक प्रियंका कुमारी, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के डीसी विकास कुमार सहित सभी प्रतिभागी और प्रशिक्षक मौजूद रहे। एमटीपी एक्ट- 1971 के प्रावधानों के अनुसार गर्भ समापन कई शर्तों के साथ माना गया वैधः मुख्य प्रशिक्षक मुख्य प्रशिक्षक सह महिला रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम प्रभा ने कहा कि वर्ष 1971 से पूर्व किसी भी प्रकार का गर्भ समापन अवैध माना जाता था। दरअसल गर्भ समापन में बहुत ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जिस कारण घरेलू उपायों से गर्भ समापन करने की प्रक्रिया में महिलाओं की मृत्यु तक हो जाती थी। जिसको रोकने के लिए वर्ष 1971 में एमटीपी एक्ट बना। इसके बाद से सुरक्षित गर्भ समापन की प्रक्रिया शुरू हुई। अज्ञानता के कारण तथा सरकारी अस्पतालों में सुविधा नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर में कमी नहीं हो रही थी। एमटीपी एक्ट- 1971 के प्रावधानों के अनुसार गर्भ समापन कई शर्तों के साथ वैध माना गया है। लेकिन इससे भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा था। इसलिए एमटीपी एक्ट में संशोधन किया गया।

## खास ख़बर

# राष्ट्रीय ब्राम्हण महासभा के मीडिया प्रभारी बने राज कुमार उर्फ राजू झा, लोगों में खुशी



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय ब्राम्हण महासभा जिला सुपौल के तत्वावधान में विगत दिनों आयोजित की गई जिला कार्यसमिति की बैठक में जिला के अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक ने अपने सभी संरक्षकों की उपस्थिति में एवं जिला के सभी पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के पदेन सदस्यों के बीच में दिए गए निर्णय के आलोक में संगठन को प्रभावशाली बनाने हेतु तथा संगठन के क्रियाकलाप को धारदार बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के संगठनों के दायित्व में नवीन घोषणाएं की । जिसके तहत कोषाध्यक्ष का दायित्व छातापुर निवासी अजय कुमार मिश्र रिंकू तथा जिला मीडिया प्रभारी छातापुर के पत्रकार राज कुमार झा उर्फ राजू झा एवं जिला के सदस्यता प्रभारी के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्रमणि मिश्र को मनोनीत किए हैं। इसके अलावा मदन मोहन शर्मा को जिला के संयोजक के रूप में मनोनयन हुआ है। जिसको लेकर महासभा के लोगों में खुशी है। महासभा के लोगों ने कहा की सामाजिक कार्यों में बेहतर योगदान देने वाले कर्मठशीलों को राष्ट्रीय ब्राम्हण महासभा में नई जिम्मेवारी दी।

# चदरा का घर ठीक करने के दौरान लगी बिजली के करेंट से गृह स्वामी की मौत



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल/**जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के कटैया माहे वार्ड न 5 में चदरा का घर ठीक करने के दौरान गृह स्वामी को बिजली का करेंट लग गया। जिसमे गृह स्वामी इंद्रदेव सुतिहार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है की गंभीर रूप से घायल इंद्रदेव को सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया ,लेकिन इंद्रदेव सुतिहार की अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई। बताया गया की इंद्रदेव सुतिहार कल ही हरियाणा से अपने घर आया था और आज दरवाजे पर अवस्थित चदरा वाले घर को ठीक करने घर के ऊपर चढ़ कर चदरा ठीक कर रहा था, तभी उसे बिजली का करेंट लग गया। जिसमे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया लेकिन सदर अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।इधर घटना की सूचना पिपरा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंच पुलिस शब को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है।

# प्राइमरी स्कूल यादव राम टोला नरहैया का छातापुर बीईओ शशि प्रभा ने किया निरीक्षण



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर छातापुर सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड के प्राइमरी स्कूल यादव राम टोला नरहैया का गुरुवार को छातापुर बीईओ शशि प्रभा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान स्कूल छात्र छात्रा भोजन कर रहे थे। जिस क्रम में बीईओ ने बच्चों के भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। वही बीईओ ने बताया कि बिद्यालय परिसर व रसोईघर का साफ सफाई,अच्छा था बेहतर शैक्षणिक माहौल देखा गया। मौके पर स्कूल की एचएम कंचन कुमारी ने बताया कि मेरे यहाँ मात्र 2 शिक्षक है वह शिक्षक भी आज से शुरू हुई जाति जनगणना कार्य मे चला गया है। जिसको लेकर स्कूल के संचालन में काफी परेशानी हो रही है।जिसको बीईओ ने गंभीरता पूर्वक सुना। मौके पर स्कूली छात्र छात्रा मौजूद थी।

# सड़क सुरक्षा समिति में सड़क दुर्घटना से सम्बंधित डाटा इन्ट्री हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का लिया गया निर्णय

**सड़क दुर्घटना से संबंधित डाटा इन्ट्री हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।**








**ब्यूरो/ दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/** जिला सड़क सुरक्षा समिति, में सड़क दुर्घटना से संबंधित डाटा इन्ट्री हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। उक्त के आलोक में आज दिनांक 03.08.2023 को समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त प्रशिक्षण में निम्न बिन्दुओं की चर्चा की गई-1. सड़क दुर्घटना से संबंधित डाटा को IRAD Software पर इन्ट्री करना ताकि संबंधित डाटा का उपयोग लम्बे समय तक किया जा सके। 2. IRAD Software पर इन्ट्री किये जाने पर सड़क दुर्घटना मुआवजा भुगतान करने में भी आसानी होगी।3. IRAD Software पर इन्ट्री उपरान्त ब्लैक स्पॉट को आसानी से चिन्हित किया जा सकेगा एवं भविष्य में सड़क निर्माण कार्य में इसका मूल्यांकन किया जा सकता है।

4. इससे सड़क दुर्घटना से संबंधित अनुसंधान वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकता है। चूँकि उक्त प्रशिक्षण जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार किया गया था। जिसका नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा किया गया IRAD प्रशिक्षण में पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग एवं परिवहन विभाग को उनकी भूमिका बताई गई प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले से सभी थानों के एक पुलिस अवर निरीक्षक, सिविल सर्जन कार्यालय से एक डाटा इन्ट्री आपरेटर एवं परिवहन विभाग से अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, नवनियुक्त मोटनयान निरीक्षक प्रवर्तन अवर निरीक्षक, प्रोग्रामर एवं सभी डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों ने भाग लिया।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत व दो घायल, परिजनों में मचा कोहराम





**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा ,सुपौल/**जिले में पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच 327ई पिपरा सुपौल मार्ग में बुधवार देर शाम पी डब्लू डी कार्यालय समीप हुई सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक का इलाज कराने ले जाने के दौरान मौत हो गई।

मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।थाना क्षेत्र के पिपरा सुपौल मार्ग में पीडब्ल्यूडी कार्यालय के समीप में एक अज्ञात गाड़ी ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया। ठोकर इतना जबरदस्त था की बाइक सवार पास ही खड़ी एक ट्रक से जा टकराया।

जिसके बाद बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से सीएचसी पिपरा पहुंचाया गया है।

जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सुपौल सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जहा दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की रास्ते में ही मौत हो गई,घटना की सूचना पर पिपरा पुलिस छानबीन में जुट गई है।दुर्घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

बताया गया की बाइक पर सवार तीनो लोग सुपौल से जमूहा जा रहे थे इसी दौरान पिपरा में पीडब्ल्यूडी कार्यालय के समीप यह हादसा हुआ है। मिली जानकारी अनुसार मृतक की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र स्थित रामपुर पंचायत वार्ड नंबर 11 के जमूहा निवासी मोहम्मद इस्लाम का पुत्र मोहमद सनाजीर (18) बताया गया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही जमुआहा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

मृतक युवक सहरसा में रहकर पढ़ाई करता था जो मोहर्रम में घर आया हुआ था मोहर्रम मेला में अपने बहनोई के यहां सुपौल चकला निर्मली गया था वहां से बुधवार देर शाम अपने घर जमुआहा अपने बहनोई और दोस्त के साथ आ रहा था। मृतक सनाजीर चार भाई बहनों में सबसे छोटा था।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक कि मौत अन्य घायल, खेत जोतने जाने के क्रम में हुई हादसा





**ललन कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,मरौना,सुपौल/**जिले के मरौना प्रखंड में नदी थाना क्षेत्र के रसुआर गांव में गुरुवार की दोपहर ब्राह्मण टोला के समीप एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमे चालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई।

बताया जा रहा है की ललमनिया पंचायत स्थित रसुआर गांव निवासी हरिनारायण मंडल के 41 वर्षीय पुत्र संजय कुमार मंडल अपने ही ट्रेक्टर पर सवार तीन व्यक्ति अपने खेत कडवा करने जा रहा जा रहा था की अचानक ट्रेक्टर अनियत्रित हो कर पलट गया

ट्रेक्टर पलटते देख एक व्यक्ति छलांग लगाकर अपना जान बचाने में कामयाब रहा जबकि दूसरा व्यक्ति ट्रैक्टर के नीचे दब गया लेकिन ग्रामीणों की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन दुःख की बात यह है कि ट्रैक्टर चालक का दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गया जिसे आनन-फानन में परिजनों के द्वारा अनुमंडल अस्पताल निर्मली लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मचा हुआ है।बताया जा रहा है संजय मंडल अपने तीन भाई और दो बहन में दूसरे स्थान पर है। संजय मंडल की शादी लगभग 25 वर्ष पहले कदमाहा पंचायत स्थित पड़री गांव निवासी गुजेश्वर मंडल की 38 वर्षीय पुत्री रेखा देवी से हुई थी।जिसमे एक पुत्र व तीन पुत्री भी है। घटना की जानकारी मिलते ही नदी थाना पुलिस अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई है। पूछने पर नदी थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम हेतु सुपौल भेजा जा रहा है।

# फर्जी उपयोगिता प्रमाण-पत्र जमाकर विद्यालय का ग्रील गेट और रंग रोगन का पैसा गबन करने वाले एच एम के विरुद्ध हो शीघ्र कार्रवाई- कृष्णा राज



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत समाज सेवी कृष्णा राज ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एसएसए सुपौल,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना सुपौल,जिला शिक्षा पदाधिकारी सुपौल,जिला पदाधिकारी सुपौल,प्राथमिक शिक्षा निदेशक बिहार पटना,अपरमुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार पटना को इमेल से पत्राचार करते हुए कहा है कि प्राथमिक विद्यालय आनंदपुर प्रखंड छातापुर सुपौल के प्रभारी एच एम श्री संजय कुमार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-2022 का विद्यालय विकास मद के रूप में विद्यालय के विकासात्मक कार्य हेतु प्राप्त हुई 50,000? (पचास रूपया) विद्यालय के डोर ग्रील गेट लगाने के नाम पर ग्रील गेट का फर्जी उपयोगिता प्रमाण-पत्र शिक्षा विभाग में जमाकर दिये और 50,000 ? का गबन कर लिये हैं उक्त उपयोगिता प्रमाण-पत्र को जमा किये साल भर हो गये हैं लेकिन अभी तक विद्यालय में डोर ग्रील गेट नहीं लगा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भी विद्यालय के विकासात्मक कार्य हेतु पचास हजार रुपए शिक्षा विभाग सुपौल के द्वारा वेंडर के माध्यम से प्रधानाध्यापक को उपलब्ध करवाया गया है जिनसे विद्यालय का जीर्णोद्धार,रंग रोगन,मरम्मति,ग्रील गेट आदि का काम होना था लेकिन उक्त राशि को प्राप्त हुए भी छह माह बीत गए हैं लेकिन अभी तक विद्यालय प्रधान के द्वारा उक्त राशि से न तो विद्यालय का रंग रोगन हुआ है और ना ही विद्यालय में ग्रील गेट आदि लगा है और ना ही विद्यालय में पंखा लगा हैं गर्मी से विद्यालय के बच्चों का हाल बेहाल है।समाज सेवी कृष्णा राज ने डीइओ और डीएम से आग्रह किया है कि भ्रष्ट प्रधानाध्यापक के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई करते हुए गबन की गयी सरकारी राशि की शीघ्र वसूली की जाय और विद्यालय का ग्रील गेट,रंग रोगन तथा बच्चों को गर्मी से राहत दिलवाने के लिए विद्यालय में पंखा लगवायी जाय।

# पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम का अररिया आगमन आज- जाकिर हुसैन खान



**अररिया।** बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम 5 दिवसीय दौरे पर सीमांचल आए हुए हैं। जहां वह बिहार सरकार की ओर से पंचायती राज व्यवस्था के कार्यों का अवलोकन के साथ ही सरकार की ओर से चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं का जायजा लेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए पूर्व विधायक सह जिला कांग्रेस अध्यक्ष जनाब जाकिर हुसैन खान ने बताया कि बड़े हर्ष के साथ आप सभी साथियो को सूचित किया जाता है की कल दिनांक 04.08.2023 दिन शुक्रवार , दिन के 10 बजे पंचायती राज मंत्री, बिहार सरकार श्री मुरारी प्रसाद गौतम का आगमन अररिया स्थित सर्किट हाउस मे हो रहा है , आप सभी से विनम्र निवेदन है की समय पर पहुँच कर अपने नेता से मिले और अपने अररिया जिला के समस्या से उन्हें रूबरू कराएं। मंत्री जी के आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने गुरुवार को जयनगर रेलवे स्टेशन पहुंच कर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया



**जयनगर/मधुबनी/ दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** जयनगर रेलवे स्टेशन पर आगामी 6 अगस्त को अमृत भारत महोत्सव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने गुरुवार को जयनगर रेलवे स्टेशन पहुंच कर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर एवं मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए । डीआरएम ने बताया कि देशभर में 508 रेलवे स्टेशनों को पूर्ण विकास के लिए अमृत भारत रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया गया है। समस्तीपुर मंडल के 12 रेलवे स्टेशन को भी अमृत भारत रेलवे स्टेशन में शामिल किया गया है। समस्तीपुर जयनगर रेल खंड के सीमावर्ती रेलवे स्टेशन जयनगर, सकरी एवं मधुबनी रेले स्टेशन को शामिल किया गया हैं। जयनगर रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य के लिए अमृत भारत योजना के तहत 17.5 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। जिसमे स्टेशन भवन समेत अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास 6 अगस्त को आयोजित अमृत महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के मौके से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा ।

**बैठक** | जिला स्तरीय वार्ड सदस्यों का सम्मेलन आगामी 12 अगस्त को आयोजित किया जाना है।

# प्रखंड में वार्ड सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में वार्ड सदस्य संघ की बैठक का हुआ आयोजन





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल/**जिले में किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित धीरा बाबा स्थान के प्रांगण में गुरुवार को वार्ड सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जहां जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष मोजूद रहे। जहां मुख्य रूप से जिला स्तरीय वार्ड सदस्यों का सम्मेलन आगामी 12 अगस्त को आयोजित किया जाना है।

इस दौरान वार्ड सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने बताया की सरकार की मनसा साफ नजर नहीं आ रहा है। सरकार के द्वारा हमलोगों के अधिकार की कटौती, विभिन्न प्रखंडों के वार्ड सदस्यों को संपूर्ण प्रभार नहीं दिया जाना, मुखिया के द्वारा की जा रही योजना में वार्ड सदस्यों का कोई भागीदारी नहीं देना। यह सरकार की नीति हमलोगो के समझ से गलत साबित हो रहा है। इसी के आलोक में हमलोग 12 अगस्त को जिला में वार्ड सदस्य सम्मेलन करेंगे। यदि सरकार हमलोगों के अधिकार को नहीं दिया तो सरकार के विरुद्ध हमलोगों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कोषाध्यक्ष मुनेश्वर साह, मरोना प्रखंड अध्यक्ष बिनोद कुमार यादव, पिपरा प्रखंड अध्यक्ष आलोक कुमार, त्रिवेणीगंज प्रखंड अध्यक्ष सजेन यादव, मो इब्राहिम, बिपिन कुमार गुप्ता, कृष्ण देव राम, अजय झा, अरुण भारती, नवकांत झा, रविन्द्र कुमार यादव, मो दरमान, जिला मीडिया प्रभारी संतोष कुमार, बिनोद कामत, श्री राम कामत, बिनोद चौधरी, मनोहर साह, रामकुमार मंडल, महेश गोस्वामी सहित अन्य मौजूद थे।

# पुलिस द्वारा बैरिया पलार पर 19 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ स्कार्पियो सहित चालक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर ,सुपौल/**जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के बेरिया पलार के निकट वुधवार के रात बैरिया पलार पर पुलिस ने स्कार्पियो सहित 19 कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ चालक को पकड़ने में सफलता हासिल किया है।

इस बाबत थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया की समकालीन अभियान के तहत की जा रही छापेमारी में पुलिस बल बैरिया मोड़ पर पहुंचा तो सिंगियावन के तरफ से आ रही एक स्कार्पियो को संदेह के आधार पर रोका गया। इस दौरान जैसे ही पुलिस बल के द्वारा रोका गया तो स्कार्पियो चालक अपने गाड़ी को पीछा कर भागने का प्रयास किया। जहां पुलिस बल के द्वारा जब घेरा गया तो स्कार्पियो में सवार दो व्यक्ति उतर कर भागने लगा। जहां पुलिस बल के सहयोग से स्कार्पियो चालक फुलवरिया निवासी रामकुमार यादव सहित स्कार्पियो और स्कार्पियो में रखा शराब को थाना लाया गया। जब उक्त शराब का गिनती किया गया तो रॉयल क्लासिक विस्की कंपनी के राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब के 19 कार्टून में रखा 164.16 लीटर शराब मिला। जहां शराब अधिनियम 2016 के तहत कांड संख्या 179/23 दर्ज कर ड्राइवर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## ख़ास ख़बर

## अज्ञात चोरों ने विद्युत तार चुराया, प्राथमिक दर्ज



**कोचस (रोहतास)** चोर बेखौफ होकर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिसको लेकर किसान काफी आक्रोश मे है। ऐसा ही एक चोरी की घटना सामने आया है जहां रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के फुल्ली गांव के बघार से लग भग 50पोल विद्युत तार को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया है। इसकी जानकारी देते हुए बिजली विभाग एसडीओ प्रीतम कुमार ने बताया कि बुधवार की मध्य रात्रि मे अज्ञात चोरों ने कृषि कार्य के लिए लगाए गए किसानों के खेत में लगे लग भग 50 पोल के विद्युत तार को चोरों ने चुरा ले गए। इसकी जानकारी तब मिली जब वहां के किसान सुबह अपने खेतों की तरफ घूमने के लिए गए तो देखा कि पोल के तार काट लिए गए हैं। तभी विद्युत कर्मियों के द्वारा विद्युत तार चोरी की जानकारी कोचस थाने मे आवेदन के माध्यम से दी गई । वही इस संदर्भ मे थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र के फुल्ली गांव के बधार से विद्युत तार की चोरी की गई है जिसमें विभागीय द्वारा थाने में अज्ञात के विरुद्ध आवेदन के माध्यम से प्राथमिक दर्ज कराई गई है जिसको लेकर पुलिस ने उक्त घटना स्थल पर पहुंच जांच उपरांत पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है। वहीं किसानों का कहना है की थाना क्षेत्र मे हो रही चोरी की घटनाओं से किसान काफी आक्रोशित है।

## अंचल राजस्व शिविर में 20 मामलों का हुआ निष्पादन



**नासरीगंज (रोहतास)** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीआरजीएफ भवन में जमीनी विवाद से संबंधित दाखिल खारिज, परिमार्जन सहित अन्य जटिल मामलों के निष्पादन के लिए अंचल स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ अमित कुमार ने कई मामलों का निष्पादन किया। शिविर मे जमीनी विवाद से जुड़े दाखिल खारिज और परिमार्जन जैसे समस्याओं का तत्काल निष्पादन किया गया। सीओ अमित कुमार ने बताया कि दाखिल खारिज के लिए छह आवेदन आये, जिसमें तीन मामले का निष्पादन किया गया हैं। वहीं परिमार्जन के लिए कुल पांच मामले आये जिसमें दो मामलों का निष्पादन किया गया एवं अन्य 11 मामले आये जिसमें 10 मामले का निष्पादन नही किया गया। पहले से पांच मामले लंबित थे। जिसमें सभी पांचों मामलों का निष्पादन कर दिया गया। आज और पहले के मिलाकर कुल 27 मामलों में 20 मामले का निष्पादन किया गया। मौके पर राजस्व कर्मचारी दीपक कुमार, राजेश कुमार, सोनू कुमार, भोला सिंह, कौशल कुमार, हरिओम, सूरज सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अग्नि पीड़ितों को सीओ ने सहायता राशि चेक प्रदान किया



**नासरीगंज (रोहतास)** स्थानीय प्रखण्ड सह अंचल स्थित सीओ कार्यालय में मंगराव पँचायत के मंगराव गाँव निवासी गोरख पासी व उर्मिला देवी की अग्नि सहायता आपदा कोष से जिला से प्राप्त पंद्रह हजार की राशि का चेक सीओ अमित कुमार ने गुरुवार को दिया। सीओ अमित कुमार ने बताया कि गत पांच जून 2023 को उक्त गांव निवासी गोरख पासी के फुस की झोपड़ी में आग लग गई थी। जिसमें वस्त्र समेत झोपड़ी में रखे अन्य सामग्री जलकर राख हो गई थी। वही उक्त गांव निवासी उर्मिला देवी के झोपड़ी में 11 मई 2023 को आग लग गई थी। जिसमें वस्त्र समेत झोपड़ी में रखे अन्य सामग्री जल गई थी। दोनो पीड़ितों को चार-चार हजार झोपड़ी का और 11-11 हजार जले सामग्री के कुल 15 -15 हजार की राशि का चेक क्षतिपूर्ति को ले भुगतभोगी को प्रदान किया गया है। मौके पर मंगराव मुखिया वकील यादव उपस्थित थे।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक ने स्कूल के मासूम बच्चों को बनाया मजदूर, कुदाल से मिट्टी खुदाई-ढुलवाई करने का वीडियो हुआ वायरल





**काराकाट (रोहतास)** प्राथमिक शिक्षा के लिए सरकार हर साल करोड़ों रुपए खर्च करती है ताकि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी पढ़-लिख कर बेहतर भविष्य बना सकें. लेकिन, कुछ शिक्षक ही सरकार की इस सोच पर कुठाराघात करने पर उतारू हैं। रोहतास से ऐसा मामला आया है जिसमें मजदूरों के पैसे बचाने के लिए स्कूली बच्चों से ही मजदूरी करवाई जा रही है। बिहार के रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड अंतर्गत इटवा राजकीय मध्य विद्यालय से एक मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, मासूम बच्चे कलम कॉपी लेकर विद्यालय पढ़ने के लिए गए थे। किंतु वहां के प्रभारी प्रधानाध्यापक गीता सिंह उनसे बाल मजदूरी करवा रही हैं. यहां मासूम बच्चों से प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा कुदाल, फौड़ा, खुर्पी आदि पकड़ा कर बालू, मिट्टी, ढुलाई कर पेशेवर मजदूरों की तरह मजदूरी करवाई जा रही है। वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि विद्यालय में पढ़ाई करने आए छोटे छोटे स्कूली बच्चों से स्कूल के ग्राउंड में गाढ़ा भरने का कार्य कराया जा रहा है। जहां काम के लिए मजदूरों को ना बुलाकर यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से मजदूरी कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि मजदूरी नहीं देनी पड़े इसके लिए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गीता सिंह द्वारा इन नन्हे मासूम बच्चों को पढ़ाई कराने के बजाय ईंट-बालू व मिट्टी ढोने के काम पर लगा दिया जाता है। अब देखना यह है की इस मामले में अधिकारियों द्वारा करवाई क्या कुछ होती है।

## ग्रामीणों ने बिजली की जर्जर तार बदलने का मांग किया



**केसठ (बक्सर)** विद्युत विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत नए कनेक्शन भले ही दिए जा रहे हैं। लेकिन आपूर्ति सुचारू करने की दिशा में कोई कारगर प्रयास नहीं किया जा रहा है। बिजली की आंखमिचौनी व लो वोल्टेज की समस्या से लोग त्रस्त हैं।

विद्युत विभाग की तरफ से जर्जर तारों को बदलने की बात भी निरंतर कही जाती है। लेकिन,जर्जर विद्युत पोल व तार के सहारे आपूर्ति हो रही है।गर्मी के इस मौसम में बिजली की अनियमित आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता परेशान हैं।

जर्जर तार की वजह से शॉर्ट-सर्किट की घटनाएं भी होती रहती हैं।जिसके कारण कही घंटो तक आपूर्ति बाधित रहती है। तब जाकर कहीं विभागीय अधिकारी गंभीर होते हैं। ऐसा ही मामला केसठ के वार्ड 12,13 की प्रकाश में आई है।मोहल्ले में आपूर्ति व्यवस्था और भी बदतर है। यहां बीते 20 दिनों में कई बार आपूर्ति बाधित हो चुकी है। लो वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है।

इस मोहल्ले जर्जर तारों का मकड़जाल बना है। इस वार्ड के तार इतने जर्जर हो गए है की लोड होते ही जलने लगता है।तार इतना जर्जर हो चुका है की एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला टूटे तार की चपेट में आते आते बच गई।नही तो बहुत बड़ी अनहोनी हो जाती। मेराज अली, सद्दाम अली, अखबर अली, धनजी साह, बेचन खान,सोहराब खान, मोहर्रम खान आदि लोगों ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से वार्ड क्षेत्र के जर्जर तार को बदलने की मांग की है। ताकि भविष्य मे होने वाले किसी भी हादसे को टाला जा सके। लोगों का कहना है कि हर तीन दिन पर तार जल जाती है और घंटों बिजली बाधित रहती है।

उनका कहना है आचनक कब ये विधुत प्रवाहित तार टूट के किसी के ऊपर गिर जाए ये किसी को पता नही है।गाली वासियों का कहना है की इसकी सूचना कई बार विभाग को दी गई है।

लेकिन उनके द्वारा अभी तक कोई सुध नहीं लिया गया। तत्काल तार को बदला नही गया तो किसी बड़ी अनहोनी के घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे ही 11 हजार बोल्ट के तार के टूटकर गिर जाने से कई लोग बाल-बाल बचे है। जिसके कारण कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा तार को हटाये जाने के बाद ही आवागमन चालू हो सका।

## किसानों को वर्मी कंपोस्ट उत्पादन तकनीक का बताया गया गुर






**बिक्रमगंज (रोहतास)** कृषि विज्ञान केंद्र, रोहतास के द्वारा आज ग्राम लेवड़ा,गजीरामपुर एवं तरार में अनुसूचित जाति सब प्लान अंतर्गत तीन महिला संगठन के 40 लोगों को वर्मी कंपोस्ट उत्पादन तकनीक के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कृषि विज्ञान केंद्र की प्रधान डॉ0 शोभारानी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में कई सारे बीमारियों की जड़ रसायन एवं उर्वरक से उत्पादित खाद्य पदार्थ हैं। जो सब्जियां और अनाज हम पैदा कर रहे हैं यदि उनमें हम वर्मी कंपोस्ट खाद का व्यवहार करें तो रसायन एवं उर्वरकों के दुष्प्रभाव से हम अपने आप को बचा पाएंगे। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को प्रथम पंक्ति प्रत्यक्षण अंतर्गत केंद्र द्वारा उत्पादित वर्मी कंपोस्ट उत्पादन हेतु केंचुआ प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में नवजीवन विकास केंद्र के डायरेक्टर सिस्टर असुंता एवं कार्यक्रम समन्वयक अखिलेश कुमार उपस्थित थे। यह महिला समूह नव जीवन विकास केंद्र के द्वारा बनाए गए हैं। डॉ रमाकांत सिंह, मृदा वैज्ञानिक ने छोटे-छोटे गड्ढे बनाकर गोबर, फसल अवशेष एवं किचन अवशेष इत्यादि सामग्रियों के द्वारा वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

इस गांव में 25 महिलाओं के यहां वर्मी कंपोस्ट उत्पादन प्रक्रिया की शुरुआत आज की गई। इन सभी महिलाओं को सात दिवसीय वर्मी कंपोस्ट उत्पादन पर प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा पहले ही दिया जा चुका था। आज केंद्र के द्वारा सभी महिलाओं को वर्मी कंपोस्ट केंचुआ प्रत्यक्षण अंतर्गत प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आर0 के0 जलज ने बताया कि फसल अवशेष को जलाएं नहीं बल्कि उनका खाद बनाने में इस्तेमाल करें, जिससे मृदा में अच्छा सुधार हो सके। डॉ0 रतन कुमार ने जानकारी दी कि केंद्र के द्वारा इस गांव में तीनों महिला समूह के यहां किचन गार्डन में वर्मी कंपोस्ट के प्रयोग से स्वास्थ्यवर्धक सब्जियां उत्पादन करने की सलाह दी।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट-फायरिंग में दुकानदार को लगी गोली



**आरा (भोजपुर)** आरा-सरैया मुख्य मार्ग पर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव के समीप बुधवार की शाम फायरिंग के दौरान गोली लगने से दुकान बंद कर वापस लौट रहे दुकानदार को गोली लग गई। जख्मी दुकानदार को गोली सिर में लगी है। गोली लगते ही वह खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़े। जिसके बाद वहां मौजूद स्थानीय लोग द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।जानकारी के अनुसार जख्मी अधेड़ टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ला निवासी स्व.मो0 कासिम के 50 वर्षीय पुत्र मो.अकबर हैं। वह पेशे से दुकानदार है एवं सरैया बाजार स्थित अपना गेट-ग्रिल बनाने का दुकान चलाते है। घटना को लेकर गांव में आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजय सिंह,टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ आरा सदर अस्पताल पहुंचे और जख्मी अध्ययन एवं उनके परिजनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर जख्मी दुकानदार के बेटे मो. पिंटू ने बताया कि उसके पिता का सरैया बाजार स्थित गेट-ग्रिल का दुकान है। बुधवार की शाम वह दुकान बंद कर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जहां रास्ते मे यादवपुर गांव के समीप दो पक्षों के बीच मारपीट हो रही थी। उसी समय वह वहां से गुजर रहे थे। तभी एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। जिसमे फायरिंग के दौरान उन्हें गोली लग गई। जिससे वह जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। हालांकि फायरिंग किसने की। इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## आरा में हथियारबंद अपराधियों ने टेंट संचालक को लूटा



**आरा (भोजपुर)** आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के महादेवा रोड स्थित पानी टंकी के समीप बुधवार की देर शाम हथियारबंद बदमाशों ने टेंट संचालक से मारपीट कर एक लाख रुपये की लूट कर ली। इसके बाद किसी तरह जख्मी संचालक ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। इसके जख्मी संचालक को परिजन द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी संचालक टाउन थाना क्षेत्र के जेल रोड मिश्र टोला मोहल्ला निवासी गोपाल साह का 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार कश्यप है। वह पेशे से टेंट संचालक है एवं मिश्र टोला स्थित शुभम लाइट एन्ड साउंड नामक टेंट चलाता है। घटना की सूचना मिलते हैं स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर जख्मी युवक के पिता गोपाल साह ने बताया कि उसने बुधवार की सुबह उसने एक भोला नामक युवक से कहा था कि मुझे एक जगह से पैसा लेना है। बुधवार की देर शाम जब वह महादेवा से अपने टेंट का एडवांस एक लाख दस हजार रुपये लेकर घर लौट रहा था। लौटने के क्रम में जैसे ही वह महादेवा रोड स्थित पानी टंकी के समीप पहुंचा। तभी हथियारबंद बदमाशों ने उसे घेर लिया। उसके बाद उसके सिर एवं मुंह पर हथियार के बट से मारकर जख्मी कर दिया और उसके पास रहे एक लाख दस हजार रुपये भी लूट ली। इसके बाद वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागा। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी संचालक के पिता गोपाल साह ने भोला नामक युवक पर लाइन देने एवं शैलेश सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे हथियार के बट से मारकर जख्मी करने एवं उसके पास रहे एक लाख दस हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## विशेष सचिव बिहार एवं डीडीसी की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की बैठक



**सासाराम (रोहतास)** स्थानीय डीआरडीए सभागार में दिलीप सिंह विशेष सचिव बिहार, पटना एवं उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की बैठक आहुत की गई जिसमें पी एम ई जी पी पी एम एफ एम ई योजना का बैंकवार समीक्षा की गयी तथा बैंकों को 15 अगस्त से पहले हर हाल में अपने लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृत प्रदान करने का निर्देश दिया गया। सभी शाखा प्रबंधक आवेदकों के साथ तय तिथि को जी एम डीआईसी के साथ बैठक कर आवेदन पत्रों का निपटारा करेंगे। यह तय तिथि आज शाम तक सभी शाखा प्रबंधक जी एम डीआईसी को भेजेंगे। बैठक में महाप्रबंधक डीआईसी, डी0डी0एम नाबार्ड तथा सभी बैंकों के समन्यवयक भाग लिये।

**उद्घाटन** जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन लोहिया चौक के निकट प्रोफेसर सुभाष यादव के कमर्शियल भवन में किया गया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने राजद के जिला कार्यालय का किया उद्घाटन



**सासाराम (रोहतास)** मंगलवार रोहतास जिला राष्ट्रीय जनता दल के जिला मुख्यालय सासाराम में जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन लोहिया चौक के निकट प्रोफेसर सुभाष यादव के कमर्शियल भवन में किया गया। उद्घाटन भारत सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती डॉ कांति सिहं के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार की कैबिनेट मंत्री अनिता चौधरी, दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल, सासाराम विधायक राजेश कुमार गुप्ता, विधानपार्षद अशोक पाण्डेय, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य जनाब काबुल खां उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर ने किया। वही संचालन प्रधान महासचिव राजीव रंजन उर्फ राजू यादव ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ कांति सिंह ने कहा कि आज देश इस मुकाम पर खड़ा है कि देश को फिर से गुलामी की जंजीरों में जकड़ा जाए या आजाद भारत विश्व के सबसे बड़े संविधान के साथ जो गौरव प्राप्त किया है उसकी साए में जो बढ़त सदियों से बनाई है वह आगे भी बढ़ता रहे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार और उसके चट्टे बट्टे दलों ने देश का जो हाल किया है। आज देश के हर वर्ग के लोग खासकर गरीब - गुरबा गांव में रहने वाले किसान मजदूर देश के भविष्य नौजवान बच्चे महिलाएं सब को आगे की ओर अंधेरा ही अंधेरा दिखाई दे रहा है। इस भयावह स्थिति में हम सभी का एक ही कर्तव्य है। हम सामाजिक न्याय की धारा में विश्वास करने वाले लोग हैं। और इस के धारा में रहने वाले लोग सदियों से इन से लड़कर जीते हैं और अपने देश और संविधान की रक्षा किया हैं आगे के लिए भी तैयार रहना है। और 2024 में राष्ट्र विरोधी, संविधान विरोधी ताकतों को हिंदुस्तान की धरती से उखाड़ कर फेंक देना है। विजय कुमार मंडल ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे पास पुरोधा भारत गौरव लालू प्रसाद जी का सानिध्य और विकास कि रफ्तार से बढने वाले बिहार के भविष्य तेजस्वी यादव के नेतृत्व में हम निरंतर बढ़ रहे हैं। उद्घाटन समारोह में आये सभी साथियों से आग्रह है कि जो चिंता डां कांति सिहं जी ने जताई है उसके लिए कमर कस के और हर तरह से इनके नाकाम इरादों को चकनाचूर करना है। समारोह में विशेष रुप से उपस्थित पूर्व राजद जिलाअध्यक्ष बुचूल सिंह यादव, नथुनी पासवान, सरबजीत सिंह खालसा, सिवंत कुशवाहा, मोहम्मद अली, जितेंद्र नटराज, विमल कुमार सिंह, अश्वनी यादव, जय शंकर शर्मा, महेंद्र पासवान, हरिनारायण यादव, श्याम लाल यादव, दिनेश कुशवाहा, रामचंद्र यादव, कालिका चौधरी, अरविंद यादव, ओम प्रकाश यादव, ईश्वर दयाल पाल, ओम प्रकाश कुशवाहा, विद्या सागर यादव, राम प्रवेश कुशवाहा, अशोक भारद्वाज, एस पी यादव, रीता देवी, मालती देवी, प्रियांसु, ओम प्रकाश गुप्ता, धन्नजय मुखिया, प्रियांसु सिंघानिया, विनय चंचल, सोहराब मुखिया, संतोष यादव, लुकमान फरहान, बिकास यादव, धनंजय यादव, जयनाथ वर्मा, मनोज उपाध्याय सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## कृषि नहर की सफाई को लेकर किसानों ने बीडीओ से लगाई गुहार



**नासरीगंज (रोहतास)** स्थानीय प्रखण्ड के सबदला व पडूरी में नहर की सफाई नहीं होने के कारण सैंकड़ो किसानों की खेती बाधित हो गई है। नहर विभाग की लापरवाही से तीन सौ एकड़ की खेती परती रहने के कगार पर है। नहर विभाग के लापरवाही से किसानों में आक्रोष व्याप्त है।

उक्त दोनों गांव के किसान राहुल यादव, पंकज कुमार सिंह, मनोज चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, जगदीश सिंह, ददन पासवान, सरोज चौधरी समेत अन्य ने बताया कि पडूहार से ढेलाबाग व पडूरी होते हुए आने वाली नहर का नाला जाम से के खेत में पानी अवरुद्ध है। जिससे तीन सौ एकड़ खेती परती रहने के कगार पर है। नहर विभाग की ओर से उक्त नाले की सफाई नहीं की गई है। गत वर्ष भी नाले की सफाई नहीं की गई थी जिसके कारण खेती पड़ती रह गई थी। वही स्थिति वर्तमान में भी है। नहर विभाग से गुहार लगाकर किसान तंग आ चुके हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। किसानों ने गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय पहुंच बीडीओ से हस्तक्षेप कर उक्त नाले की सफाई कराने की गुहार लगाई ताकि किसान खेती कर सके। उक्त खेत के नहर विभाग की लापरवाही से पड़ती पड़ने के कारण सैंकडों किसानों के आगे रोजी रोटी के लाले पड़ गये हैं। बीडीओ मो. जफ़र इमाम ने बताया कि किसानों की समस्या उचित है। इसके समाधान के लिए सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता को निर्देश दिया गया है कि यथाशीघ्र किसानों की समस्या का समाधान उक्त जाम नाले की सफाई कर किसानों के खेत तक पानी उपलब्ध कराएं। इस सम्बंध में पूछे जाने पर सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता सुनील दत्त ने बताया कि किसानों की समस्या के समाधान को ले वह कृतसंकल्पित हैं। किसानों की खेती किसी हाल में बाधित नहीं होगी। उक्त जाम नाले की सफाई कर किसानों के खेत को धारा परवाह पानी उपलब्ध कराया जायेगा।

## ख़ास ख़बर

## कैमूर से जाने वाले तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/**कैमूर भभुआ शहर के नगर पालिका मैदान में तीर्थ यात्रा को जाने वाली बस को भभुआं नगर परिषद के उपसभापति प्रतिनिधि मंटू उर्फ शैलेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।सभी श्रद्धालु कैमूर जिले के ही निवासी है श्रद्धालुओं के द्वारा बताया गया कि हम लोग समूह में पूजा अर्चना के लिए तीर्थ यात्रा पर निकले हुए हैं यह बस सुल्तानगंज होते हुए बाबा बैजनाथ धाम बासुकीनाथ रजरप्पा राजगीर इत्यादि धार्मिक स्थानों की यात्रा करेंगे।तीर्थ यात्रियों के लिए उपसभापति प्रतिनिधि ने मंगलमय यात्रा की कामना की है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना, नल जल योजना एवं राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें की गई





**भभुआ कैमुर/ शुभ भास्कर/** जिला पदाधिकारी द्वारा बिहार जाति आधारित जनगणना कार्य के पर्यवेक्षण के क्रम में अधौरा प्रखंड के चैनपुरा पंचायत के ग्राम लोहरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित नागरिकों द्वारा जनगणना कार्य को संतोषप्रद बताया गया। चैनपुरा पंचायत अंतर्गत जनगणना कार्य पूर्ण हो चुका हूँ पोर्टल पर अपलोड किया जाना बाक़ी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी बिहार जाति आधारित जनगणना भगवानपुर को निर्देश दिया गया कि तत सम्बंध में अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें करें। उपस्थित नागरिकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, नल जल योजना एवं राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें की गई इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## चकमा देकर एटीएम कार्ड चोरी करने के जुर्म में 7 एटीएम कार्ड के साथ एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कुदरा/**कुदरा(कैमूर)- थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के पुसौली गोला बाजार से चकमा देकर एटीएम कार्ड चोरी करने के जुर्म में, सात एटीएम कार्ड के साथ एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार भेजा गया जेल। संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि बुधवार दिन करीब 2ः00 बजे के लगभग थाना क्षेत्र के पुसौली गोला बाजार से, थाना क्षेत्र के शेखपुरवां ग्रामवासी श्री भगवान चौधरी पिता कामेश्वर चौधरी के द्वारा दूरभाष के माध्यम से सूचना दिया गया, की एटीएम कार्ड की हेरा फेरी करने वाले एक व्यक्ति को एटीएम कार्ड बदलते हुए, पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष के निर्देश में स्थल पर पहुंच थाना प्रशासन द्वारा व्यक्ति को गिरफ्त में लिया गया। जब व्यक्ति की तलाशी लिया गया तो उसके पास से अलग-अलग बैंकों के कुल 7 एटीएम कार्ड बरामद किया गया। व्यक्ति से जब पूछताछ किया जाने लगा, तो व्यक्ति द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उसके द्वारा ऐसे ही एटीएम कार्ड का हेराफेरी कर लोगों की खाते से पैसा निकाल लिया जाता है। गिरफ्तार आरोपी श्रीकांत कुमार पिता मदन बिंद ग्राम-मोहन दड़वां, थाना- सोनहन, जिला कैमूर का निवासी बताया जा रहा है।

# चोरी के बर्तन खरीदने वाला दुकानदार भी प्रशासन की गिरफ्त में, ग्रामीणों द्वारा चोरी के माल के साथ चोर को पकड़ कर किया गया प्रशासन के हवाले






**कैमूर-** जिला के कुदरा थाना क्षेत्र के देवराढ़ कलां खुर्द पंचायत के नसेज गांव के ग्रामीणों द्वारा चोरी के मामले में चोरी के सामान सहित चोर को पकड़कर किया गया

प्रशासन के हवाले, अपराधी पहले से भी चोरी के मामले में है वांछित अपराधी। मिली जानकारी के अनुसार जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नसेज गांव में मंगलवार की रात्रि चोरों द्वारा बारिश की मौसम की फायदा उठाते हुए, लगभग पांच ट्रैक्टरों की हाइड्रोलिक की कई पार्ट चोरी कर लिया गया।

वाहन मालिकों द्वारा बुधवार की सुबह ढूंढा जाने लगा, साथ ही उनकी व्यथा की वजह से, आसपास के गांवों में भी चोरी चर्चा का विषय बना। चोरों द्वारा चोरी किया हुआ सामान, बेचने के लिए, कबाड़ की दुकान पर ले जाते हुए, एक व्यक्ति द्वारा देखा गया, उपरांत पीड़ितों को सूचित किया गया। सभी पीड़ितों द्वारा चोरों को पकड़ने हेतु पीछा किया गया, परिणाम स्वरूप चोरी के माल के साथ चोर पकड़ा गया। जिसकी सूचना थाना अध्यक्ष को दिया गया। निर्देश में मौके पर पहुंच थाना प्रशासन द्वारा चोर को गिरफ्तार किया गया। प्रशासन द्वारा जांच में पाया गया कि व्यक्ति पहले से भी थाना क्षेत्र के पट्टी ग्रामवासी इंदु देवी पति जय प्रकाश पासवान के घर हुए चोरी के मामले में अभियुक्त है। आरोपी से पूछताछ करने के उपरांत आरोपी के शिनाख्त पर थाना प्रशासन द्वारा आरोपी द्वारा चोरी की गई पीतल का बर्तन एक दुकानदार के यहां से बरामद किया गया।

साथ ही दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रशासन द्वारा अन्य मामले में भी इनसे जांच पड़ताल किया जा रहा है। ऐसे सूत्रों की माने तो इस तरह चोरी करने वालों का एक गिरोह है।

इसमें कई लोग सम्मिलित हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन कहां तक पहुंचती है। ऐसे इस गांव के कई लोगों के घर से इस गिरोह के सदस्यों द्वारा बर्तन, चावल, गेहूं, धान, पैसा या अन्य सामग्री चोरी कर लिया गया है। लोग मन में मसोस करके रह जाते हैं। कितने लोग तो थाने तक भी नहीं जाते हैं। गिरफ्तार चोर सुनील मूसहर पिता स्वर्गीय इंदर मुसहर ग्राम-पट्टी, चोरी की हुई सामान को खरीदने वाला, दुकानदार रामप्रवेश सेठ पिता किशुन सेठ ग्राम- घटांव, दोनों थाना कुदरा जिला कैमूर के निवासी बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को गुरुवार के दिन स्वास्थ्य जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# पंचायत समिति सदस्या ने 675000 की लागत से चेक डैम पुल का कराया निर्माण







**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- जिला के कुदरा प्रखंड अंतर्गत सलथुआं पंचायत के कैथिया गांव में, जल जीवन हरियाली के तहत, मनरेगा से 6 लाख 75 हजार के लागत से चेकडैम पुल का निर्माण कराया गया है।

यह निर्माण पंचायत समिति सदस्या सलथुआं भाग 2 आनंदी देवी के द्वारा कराया गया। सलथुआ पंचायत के कैथीया गांव में इस चेकडैम को बन जाने से ग्राम सिलौंधा तथा ग्राम कैथीया के किसानों में खुशी की लहर है। पंचायत समिति सदस्या प्रतिनिधि कन्हैया राय ने बताया कि इस चेकडैम को बन जाने से किसानों के साथ साथ छात्र छात्राओं तथा ग्रामीण जनता को भी लाभ हो रहा है चेकडैम के ऊपर से को पुल का निर्माण करा दिया गया है उससे ग्रामीण को सिलौंधा से कैथीया या परसथुआं जाने में कम दूरी तय करना पड़ रहा है।

सिलौंधा गांव से परसथुआ तथा कैथीया की दूरी लगभग 5 km तथा 6 km हैं। अब इस चेकडैम के ऊपर पुल बन जाने से अब परसथुआ की 2 km तथा कैथीया की दूरी 1 km हो गया है

कैथीया के किसान उपेंद्र यादव बिरेंद्र राम श्री भगवान पाल सोनू तिवारी अम्पू तिवारी सिलौंधा निवासी वार्ड सदस्य जयराम सिंह राकेश यादव बबलू पाण्डेय सहित अन्य ग्रामीण जनता ने कहा कि सरकार की इस योजना से हमे खेत की सिंचाई के साथ साथ छात्र छात्राओं को अब परसथुआ पढ़ने जाने के लिए ठुद्ध 30 से भी अब काम दुरी तय करना पड़ेगा

## आई फ्लू नामक संक्रमण बीमारी से हो रहे बच्चे प्रभावित



**दैनिक शुभ भास्कर संवादाता रामगढ़ कैमूर/**रामगढ़- आइ फलु नामक संक्रमण बीमारी से रामगढ़ प्रखंड की जनता एवं बच्चे परेशान है यह एक संक्रमण बीमारी है जिससे बच्चों एवं बच्चियों के पठन-पाठन कार्य को बाधित हो रहा है पठन-पाठन के कार्य के साथ-साथ छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक को भी इस संक्रमण बीमारी से परेशानियां बढ़ रही हैं यह संक्रमण बीमारी लोगों के आंखों को प्रभावित कर रहा है जिससे लोगों को कई कठिनाइयों से होकर गुजरना पड़ता है इस रोग के लक्षण है जैसे आंखों से पानी गिरना आंखें लाल हो जा रही है और आंखों में जलन हो रहा है यह संक्रमण बीमारी एक दूसरे के संपर्क में रहने से अधिक तेजी से बढ़ रहा है इस बीमारी के शिकार रामगढ़ के कुछ विद्यालयों के बच्चे हो चुके हैं तथा कुछ रामगढ़ प्रखंड वासियों को भी इस बीमारी का सामना करना पड़ रहा है यह बीमारी बहुत तेजी के साथ बढ़ रही है इसके बचाव के लिए आंखों को ठंडे पानी से धोना तथा चश्मा का प्रयोग कर इस बीमारी से बचा जा सकता है

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की पूर्व संचालिका पर दुर्गावती थाने में प्राथमिकी दर्ज



**दुर्गावती कैमुर/ शुभ भास्कर/** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के पूर्व संचालित डॉ मीनाक्षी स्वराज के ऊपर गमन के मामले में दुर्गावती थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मिली जानकारी के मुताबिक जिला पदाधिकारी के निर्देश पर गबन में जांच के लिए जिले से एक टीम का गठन किया गया था ।जिसमें गंभीरता पूर्वक जांच के बाद पाया गया कि पूर्व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के संचालिका डॉ मीनाक्षी स्वराज कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मद से 25 लाख 21 हजार ?837 का गमन किया है वह सत्य है। जिसके बाद जांच कमेटी के द्वारा दुर्गावती के शिक्षा पदाधिकारी मालती नगीना को जांच समर्पित करते हुए दुर्गावती थाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। जांच संबंधी कागजात और आदेश मिलने के बाद शिक्षा पदाधिकारी मालती नगीना ने दुर्गावती थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी। अब देखना यह है कि प्राथमिकी के बाद कार्रवाई में कितनी तेजी और प्रगति होती है।

## पीसीसी ढलाई में अनीमियतता के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को सौंपा आवेदन



**शुभ भास्कर/ रामपुर [ कैमूर ]** रामपुर प्रखंड के खरेंदा पंचायत के वार्ड नंबर 8 पुनॉव गांव में पिसीसी ढलाई में अनिमियतता के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को सौंपा आवेदन। संदर्भ में ग्रामीणों का कहना है, कि इस योजना के कार्य के तहत ढलाई महावीर स्थान से उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं मुख्य गली से रंगनाथ दुबे के घर तक कराना था। नियमानुसार ढलाई का कार्य 6 इंच का करना था। पर ग्रामीणों का कहना है, की ढलाई का कार्य स्थल पर देखा जाए, तो कही 4 इंच तो कहीं 3 इंच तो कहीं दो इंची तक ही सिमट कर रह गया ह। दोनों तरफ मिट्टी भी देना था लेकिन अभी तक नहीं दिया गया है। साथ ही योजना से संबंधित पराक्रम राशि का बोर्ड भी अभी तक नहीं लगाया गया। आवेदन कर्ता संदीप कुमार, मनोज कुमार एवं वार्ड सदस्य शकुंतला देवी वार्ड पति बालेश्वर दुबे का कहना है , कि ग्रामीणों का द्वारा आमसभा कर वार्ड को आवेदन दिया गया।। उस आवेदन को ही हमने प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को दिया है। यदि यहां पर जांच नहीं किया जाएगा तो जिला पदाधिकारी को भी दिया जाएगा

## आग से बचाव को लेकर राज फायर सेफ्टी द्वारा बताए गए उपाय



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**मोहनियां (कैमूर)- अनुमंडल अंतर्गत गर्मी में आग से बचाव के लिए राज फायर सेफ्टी के धनंजय कुमार उपाध्याय उर्फ किन्नू उपाध्याय द्वारा रामगढ़ में कार्यशाला लगाकर लोगों को आग से बचाव की जानकारी दी। साथ ही घरों में अग्निशमन यंत्र लगाने की सलाह भी दी।गुरुवार की शाम करीब चार बजे राज फायर सेफ्टी के किन्नू उपाध्याय रोड के किनारे अग्निशमन यंत्र को रख कर अपनी कार्यशाला शुरू की। यहां देखने वालों की भीड़ लग गई।किन्नू उपाध्याय ने लोगों को समझाते हुए कहा कि अक्सर नासमझी के चलते घरों में एलपीजी के सिलेंडर से आग लग जाती है। ऐसे में घबराने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। आग लगने के दौरान पानी में भीगा बोरा सिलेंडर के ऊपर डालें, जिससे आग पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों को समझाते हुए कहा कि घरों में अक्सर बिजली स्पार्किंग तथा सिलेंडर में आग लगने से हादसे होते हैं। ऐसे में यदि घर पर अग्निशमन यंत्र हो तो उससे आग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है।उन्होंने लोगों को अग्निशमन यंत्र घरों पर लगाने के लिए प्रेरित किया।

**तालाबंदी** पिछले डेढ़ महीने से दादर गांव की बिजली गुल है

# विद्युत आपूर्ति समुचित रूप से ना होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया तालाबंदी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मोहनियां/** मोहनियां (कैमूर)- विद्युत आपूर्ति समुचित रूप से ना होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया तालाबंदी। आपको बताते चलें कि बिजली विभाग अक्सर अपने कारनामों को लेकर सुर्खियों में रहता है।

चाहे वह बढ़े हुए बिजली बिल का मामला हो या फिर ट्रांसफार्मर को लेकर अक्सर बिजली विभाग की लापरवाही सामने आती है। ऐसा ही मामला कैमूर जिले के मोहनियां प्रखंड के दादर गांव का है जहां पिछले डेढ़ महीने से दादर गांव की बिजली गुल है और बिजली विभाग के अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं।

नाराज दर्जनों की संख्या में दादर गांव के ग्रामीण गुरुवार की दोपहर बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे इस दौरान बिजली विभाग के कर्मी ऑफिस छोड़कर भाग निकले नाराज ग्रामीणों ने ऑफिस में तालाबंदी कर नारेबाजी करने लगे।स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग बिजली विभाग से गुहार लगाकर थक चुके हैं। लेकिन एक-दो दिन कर हमारी बातों को टाल दिया जा रहा है उमस भरी गर्मी में डेढ़ महीने से हम लोग परेशान हैं हम बिजली बिल देते हैं तो हमें लाइट

# फाइलेरिया ग्रसित रोगियों को बांटे गए दवाओं के किट और बचाव की दी गई जानकारी




**दुर्गावती कैमुर/शुभ भास्कर/**बृहस्पतिवार की दोपहर 11बजे यानी 3/8/2023 को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शांति कुमार माझी की अध्यक्षता में जिले से आई हुई फैलेरिया विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों की दुर्गावती के स्वास्थ विभाग के सभागार में आयोजित समारोह में फाइलेरिया से ग्रसित कुल 10 मरीजों को उपयोग की जाने वाली सामग्री कीट उपलब्ध कराया गया। साथ ही सभी मरीजों को फाइलेरिया होने के कारण एवम बचाव का उपाय के संबंध में विस्तार से बताया गया । स्वास्थ विभाग के डॉक्टरों ने बताया कि फाइलेरिया ला इलाज बीमारी है यदि समय रहते सही रूप से इसका इलाज किया गया तो राहत मिल सकती है ।यह रोग रात को सोते समय मच्छरों के काटने से होता है। फाइलेरिया के मच्छर जिसे काट लेते हैं उसे यह रोग होता है। इसका असर कभी-कभी 10 से 20 वर्ष बाद भी मच्छरों के कांटे हुए मरीजों को देखने को मिलता है। पूर्ण रूप से ग्रसित फाइलेरिया के मरीजों को ठीक तो नहीं किया जा सकता लेकिन उन्हें राहत जरूर दी जा सकती है। इसलिए लोगों को दवाओं का सेवन पैरों की धुलाई नियमित रूप से करते रहना चाहिए। साथ ही उपस्थित चिकित्सा अधिकारी ने लोगों को बचाव के लिए कुछ योग और व्यायाम भी बताएं और कहा कि रात को सोते समय सर के यहां लगाया जाने वाले तकिए को रोग से ग्रसित पैरों के नीचे लगाकर सोने से राहत मिलती है। इस मौके पर डा संतोष कुमार राय, BHM,BCM, पीरामल के शिवानंद ,पंकज कु0,राजकिशोर एवम अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### विद्यालय में बालिकाओं को दी गई जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता- विरबहादुर मौर्या/जमानियां (गाजीपुर)।** स्टेशन बाजार स्थित अमर शहीद इण्टर कालेज में गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन तथा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराते हुए जागरूक किया। महिला आरक्षी ने छात्राओं को आकस्मिक घटनाओं और खतरों से बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर सरकार बेहद गम्भीर है।महिला अपराध को रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाएं जा रहे है। अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। यदि किसी के साथ कोई बदतमीज़ी या किसी तरह से परेशान कर रहा है तो निसंकोच 1090, 112, 108, 1076 आदि हेल्प लाइन नंबर पर तत्काल शिकायत कर सकती है। शिकायत करने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा। महिला सम्बंधित शिकायत को प्रभावी तरीके से निस्तारण किया जा रहा है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। अंत में जागरूकता के लिए पम्पलेट वितरित किया गया। उक्त मौके पर प्रधानाचार्य अजीमुल हक अंसारी, सहायक कम्पनी कमाण्डर अखिलेश कुमार सिंह, प्लाटून कमाण्डर रविकांत सिंह, कक्षाध्यापक हरिशंकर प्रसाद गुप्ता, नफीशुल हक अंसारी, श्यामलाल राम, अखिलेश शर्मा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## घुटने के दर्द से परेशान होकर युवक ने किया आत्महत्या

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/जमानिया।** कोतवाली क्षेत्र के गड़ही गांव के पास स्थित रेलवे ट्रैक (डाउन लाइन) पर गुरुवार की सुबह करीब 11:30 बजे शव मिलने से सनसनी फैल गई। आस पास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच में जुट गई। मृतक घुटने के दर्द से परेशान होकर आत्महत्या कर लिया। गड़ही गांव के पास से गुजर रहे ग्रामीणों कि नजर ट्रैक डाउन लाइन पर पड़े शव पर पडी। जिस पर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और उसकी पहचान में जुट गई। तलाशी के दौरान मृतक के जेब से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसका नाम हनुमान गुप्ता (55) नवासी बुढाडीह लिखा और सुसाइड नोट में मृतक के पुत्र मोनू गुप्ता का मोबाइल नंबर मिला। जिससे उनकी शिनाख्त हो पाई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास से एक शव मिला है। जिसकी पहचान बुढाडीह गांव निवासी 55 वर्षीय हनुमान गुप्ता के रूप में हुई है। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमे उसने अपने घुटने के दर्द से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

## अपराधियों पर नकेल कहना होगी हमारी पहली प्राथमिकता- थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/शादियाबाद/ गाजीपुर।** नए थाना प्रभारी के रूप में सत्येन्द्र कुमार राय ने बुधवार को देर शाम शादियाबाद थाने के नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद थाने के सभी पुलिसकर्मियों से औपचारिक जान -पहचान की इसके बाद उन्होंने थाने का जायजा लिया नए थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार-विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। नवागत थाना प्रभारी ने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसना व अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कर अमन चैन कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। सरकार के मिशन को इमानदारी से लागू कराना होगा। इससे पहले श्री राय ने भांवरकोल थाना की कमान संभाल चुके हैं।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ किया बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** जिलाधिकारी/ जिला निवार्चन अधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं मतदाता सूची से आधार नम्बर जोड़ने के संबंध में विभिन्न राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक की गई। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो में मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं पुनरीक्षण से पूर्व की जाने वाली कार्यवाहियों व मतदाता सूची को आधार से जोड़ने के संबंध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में विभिन्न राजनैतिक दल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई है। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन अधिकतम 1500 मतदाओं के आधार पर कराने पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो के अनुसार मतदेय स्थलों का निर्धारण करने के पश्चात मतदये स्थलों की एक नई सूची तैयार की जाएगी। उन्होने कहा कि मतदेय स्थलों का सम्भाजन, मतदेय स्थल भवन तथा उससे सम्बद्ध किये जाने वाले निर्वाचन नामावली के सुसंगत भाग के शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन के उपरान्त किया जाय। अर्थात भवन के सत्यापन के साथ ही यह भी देखा जाय कि उक्त मतदेय स्थल की निर्वाचक नामावली में अंकित मतदाताओं का निवास उस स्थान के आस पास भौतिक रूप से हो। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी राजनैतिक दल के पदाधिकारी यदि कही मतदेय स्थलों का सम्भाजन अथवा किन्ही कारण से बदलने आदि से सम्बन्धित कोई भी सुझाव व आपत्ति हो तो उसे आगामी 12 अगस्त 2023 तक अपनी आपत्ति व सुझाव लिखित रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय अथवा सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अरुण कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गाजीपुर संसदीय/विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले निर्वाचन क्षेत्रो के कुल 1616 मतदान केन्द्र एवं 2924 मतदेय स्थल हैं। उन्होने सभी से अपील करते हुए कहा कि बी0एल0ओ0 के द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा हैं। मतदाता सूची को आधार से जोड़ने में सभी लोग अपना सहयोग प्रदान करें व मांगने पर आधार नम्बर व उसकी छायाप्रति सम्बन्धित कर्मचारी को उपलब्ध करा दे ताकि शत प्रतिशत त्रुटिरहित मतदात सूची तैयार कराया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी,सुभाष राम (सिपाही) जिला सचिव बसपा, राजेश कुमार यादव जिला सचिव स0पा0, राजन प्रजापति जिला कार्यालय मंत्री भाजपा, निजामुद्दीन खॉ जिला उपाध्यक्ष स0प0, रविकान्त सदस्य अखिल भारतीय राष्ट्रीय कमेटी, कमलेश्वर प्रसाद सचिव जि0का0कमेटी कांगेस, ओमप्रकाश महासचिव भाजपा एवं प्रवीण सिंह महा सचिव भाजपा निर्वाचन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन की कार्यकारणी की बैठक




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता- सुरेश चन्द्र पाण्डेय/गाजीपुर।** क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन की कार्यकारणी की बैठक में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश टी 20 (UPPL) लीग आयोजित करने पे खुशी जाहिर की गई क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द सिंह ने कहा की उत्तर प्रदेश टी 20 (UPPL) लीग से उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के खेल विकास में बहुत बड़ा इजाफा होगा उत्तर प्रदेश के क्रिकेट खिलाड़ी IPL मे खेलते हुए जल्द नजर आयेंगे प्रदेश सचिव सत्यवंत सिंह ने कहा की उत्तर प्रदेश ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए उत्तर प्रदेश टी 20 लीग वरदान साबित होगी विनय सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए IPL जैसी बड़ी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है अरविन्द सिंह ने कहा की राजीव शुक्ला का BCCI मे होने का लाभ उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को मिल रहा है

उत्तर प्रदेश टी 20 (UPPL) लीग जैसी बड़ी प्रतियोगिता जैसा प्लेट फार्म देने के लिए क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शुक्ला का आभार प्रकट करती हैं साथ में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन के अधिकारी एपेक्स काउंसिल के सदस्यों को उत्तर प्रदेश टी 20 (UPPL) लीग कराने के लिए हार्दिक बधाई पूर्वांचल के जिलों सहित उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के क्रिकेट खिलाड़ियों ईमानदारी से चयन किया जायेगा क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश मांग करती हैं की सभी टीमों के 20.20 खिलाड़ियों को लिया जाय ताकि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को अवसर प्रदान हो सके। साथ में BCCI को क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश को धन्यवाद करती हैं

बैठक में विश्वजीत राय, सौरभ, सुजीत मौर्य, अभिषेक यादव, आशुतोष सहित कई पद अधिकारों ने भाग लिया।

## बिहार अंजुमन निर्धन छात्र छात्राओं को मुफ्त शिक्षा प्रदान करती है। इनाम / शकील





**दरभंगा- (मो.जीलानी अंसारी)** सत्र 2023- 24 के लिए पारा मेडिकल कोर्स में नामांकन हेतु बिहार अंजुमन रहबर छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए कैरियर परामर्श सेमिनार अनीसाबाद पटना स्थित कार्यालय में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बिहार अंजुमन दुबई के संस्थापक सदस्य शकील अशरफी ने कहा कि अंजुमन 2016 से प्रत्येक वर्ष 200 छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं पैरामेडिकल कोर्सेज में बिहार एवं दूसरे राज्य में शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजती है, जहां इनके रहने एवं पढ़ाई का खर्चा वहन करती है। बिहार अंजुमन पटना के संरक्षक इनाम खान ने कहा कि देश एवं विदेश में रहने वाले सुख संपन्न सदस्य अपनी इच्छा से इन छात्रों की आर्थिक मदद करते हैं। इस अवसर पर बहाउद्दीन गिलानी ने कहा कि हम पूरी तरह से निष्पक्ष होकर सारे फार्म की जांच पड़ताल एवं चैप्टर या स्पॉन्सर के अनुशंसा करने के बाद ही 200 छात्र-छात्राओं का चयन करते हैं, फिर इन बच्चों को इनके इच्छा अनुसार कॉलेज में नामांकन कराने के लिए पटना स्थित बिहार अंजुमन कार्यालय में बुलाकर इनको नामांकन पत्र दिया जाता है। इस अवसर पर अधिवक्ता शाहिद अतहर निर्देशक मिथिला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंस दरभंगा ने कहा कि बिहार अंजुमन 2018 से हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर निर्धन एवं मेधावी छात्रों को पारा मेडिकल कोर्स करवाकर रोजगार प्रदान करवा रही है एवं मानवता की एक बहुत बड़ी उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। मिथिला इंस्टिट्यूट प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करवाने का कार्य करती है।

## 'डीएम साहिबा! साजिश के तहत मेरे ससुर मुझे अपनी पैतृक संपत्ति से कर रहे हैं बेदखल' महिला ने लगाई गुहार

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** 'डीएम साहिबा! मुझे मेरे ससुर अपनी पैतृक संपत्ति से बेदखल करना चाहते हैं, जबकि पुत्र को अपने घर में अपने साथ ही रख रहे हैं।' ये गुहार एक विवाहिता ने लिखित रूप से डीएम आर्यका से न्याय की गुहार लगाई। मामला जखनियां तहसील के विश्वभरपुर सानी का है। गांव निवासिनी कुमकुम तिवारी ने डीएम को लिखित पत्र देकर कहा कि उसके पति उसे प्रताड़ित करते हैं और ससुर लालजी तिवारी उसे अपनी पैतृक संपत्ति से साजिश के तहत बेदखल करना चाहते हैं, जबकि उसके पति को अपने साथ अपने मकान में रख रहे हैं। कहा कि उसके पति धनंजय तिवारी व ससुर लालजी तिवारी अपने साथियों चंद्रिका चौबे, कृष्ण कुमार चौबे, धनंजय चौबे व कैलाश चौबे निवासी सिखड़ी गेल्हना के साथ मेरे घर आकर मुझे धमकाया करते हैं। कहते हैं कि यहां से भाग जाओ और प्रापर्टी लेने के चक्कर में मत पड़ो। अन्यथा जान से हाथ धो बैठोगी। उसने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

## नवागत थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने भांवरकोल थाना का संभाला कार्यभार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/भांवरकोल/ गाजीपुर।** नए थानाध्यक्ष के रूप में राजेश बहादुर सिंह ने बुधवार को देर शाम भांवरकोल थाने के नए थानाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद थाने के सभी पुलिसकर्मियों से औपचारिक जान -पहचान की इसके बाद उन्होंने थाने का जायजा लिया नए थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार-विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। नवागत थानाध्यक्ष ने कहा कि अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था को चुस्त- दुरुस्त कर अमन चैन कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। सरकार के मिशन को इमानदारी से लागू कराना होगा। इससे पहले श्री सिंह थानाध्यक्ष के पद पर बिरनो में कार्यरत रहे ।

## ओमप्रकाश राजभर ने शिवपाल यादव पर किया पलटवार, कहा- शिवपाल यादव हैं दगे कारतूस



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो/गाजीपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने शिवपाल यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि शिवपाल यादव दगे कारतूस हैं। दिन में खुली आंखों से सपना देखना छोड़ दें। सपा लोकसभा में 50 सीट तो क्या पांच सीट भी नहीं जीत पायेगी। पूरे देश में पीएम मोदी के पक्ष में प्रचंड लहर चल रही है। अति बैकवर्ड समाज के लोग लगातार एनडीए से जुड़ रहे हैं जिससे उत?तर प्रदेश में सपा-बसपा का सुपड़ा साफ हो रहा है। कांग्रेस कहीं दूर-दूर तक दिखाई नही दे रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से विक्षिप्त किशोरी की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय।**जखनियां गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के अमारी गांव के पास वाराणसी से भटनी जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के चपेट में आने से 16 वर्ष विक्षिप्त किशोरी प्रीति की मौत हो गई ।तत्काल परिजनों ने शव को कब्जे में लेकर दाह संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया काफी दिन से विक्षिप्त थी ट्रेन का झटका लगने से उसकी मौत हो गई।

**मॉक ड्रिल** — बिहार अग्निशाम सेवा, सहरसा द्वारा गैस सिलेण्डर की आग से सुरक्षा एवं बचाव कैसे करे।

# आग से बचाव व सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग ने डीएम की उपस्थिति में किया मॉक ड्रिल



**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/** समाहरणालय कैम्पस में गुरवार को जिला पदाधिकारी के निर्देश पर बिहार अग्निशाम सेवा, सहरसा द्वारा गैस सिलेण्डर की आग से सुरक्षा एवं बचाव कैसे करे। इसका मॉक ड्रील के द्वारा बताया गया। जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में एवं समाहरणालय के पदाधिकारी एवं सभी विभागों के कर्मी की उपस्थिति में बिहार अग्निशाम सेवा द्वारा गैस सिलेण्डर में आग लग जाने पर उसे किस तरह बुझाया जाता है।

इसे मॉक ड्रील करके बताया गया। बिहार अग्निशाम के पदाधिकारी कन्हैया कुमार द्वारा बताया गया कि किचेन में हमेशा सिलेण्डर सीधा खड़ा रखें। जलते हुये चुल्हे को पहले रगुलेटर से उसके बाद स्टोव बाल्व से हीं बंद करें। रेगुलेटर का पाईप समय-समय पर साफ करते रहें एवं समय पर पाईप बदल दें। अगर किचेन में गैस की गंध आ रही हो तो इलेक्ट्रीक पैनल/स्वीच के साथ छेड़-छाड़ नहीं करें। किचेन में एक सूती कपड़ा हमेशा भिंगो कर रखें ताकि आपात स्थिति में आग लगने पर बुझाया जा सके। खाना बनाते समय चूल्हे पर रखे गर्म बर्तन को पल्लू से नहीं पकड़े। चूल्हे पर उबलते हुए चाय, दूध आदि को छोड़कर किचेन से बाहर न जायें। इस तरह कुछ महत्वपूर्ण परन्तु जरूरी जो बातें है उस पर ध्यान देंगे तो दुर्घटना नहीं होगी। कहा भी गया है कि ''सावधानी हटी दुर्घटना घटी''। इसके अलावे बताया गया कि आग लगने पर 101 डॉयल करें।जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में मॉक ड्रील के द्वारा सिलेण्डर में लगे आग पर किस तरह काबू पाया जाय बताया गया। इस मौके पर उपस्थित समाहरणालय में पदस्थापित महिला कर्मी के द्वारा भी स्वयं मॉक ड्रील कर सिलेण्डर में लगे आग को कैसे बुझाया जाय किया गया। मीडिया कर्मी से बात करते हुए जिला पदाधिकारी ने मीडिया कर्मी से कहा कि आपलोग आमजनों को प्रचार-प्रसार कर जागरूक करें कि किस तरह हम सावधानी को अपनाकर छोटी एवं बड़ी दुर्घटना से बच सकते हैं।

## आपसी घरेलू विवाद में मारपीट 2 लोग हुए गंभीर रूप से जख्मी सदर अस्पताल में भर्ती



**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/ सहरसा/**सदर थाना क्षेत्र के सहरसा बस्ती वार्ड नंबर 28 में आपसी घरेलू विवाद में हुई मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में सहरसा बस्ती निवासी मोहम्मद अशफाक आलम ने सदर थाना में दिए आवेदन में कहा है कि 31 जुलाई को संध्या बच्चों के बीच आपसी लड़ाई हो गई।

वहां पर मौजूद लोगों द्वारा लड़ाई को समाप्त करते हुए दोनों पक्ष के बच्चों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया लेकिन कुछ ही देर बाद मो सलाउद्दीन,मो असलम,मो जब्बार, मो यूसुफ, मो रहमान,मो कौसर, मो शमी, फरीदा खातून, रवीना खातून, सकीना खातून, मोहम्मद सद्दाम एवं टीपू सुल्तान सभी लोग नाजायज मजमा बनाकर हरबे हथियार लेकर मेरे घर में घुस गया। वही मेरे घर में मौजूद पत्नी आयशा खातून, पुत्र मोहम्मद सईद, पुत्री सबेनाज एवं घर में मौजूद सभी छोटे छोटे बच्चे बच्चों के साथ बुरी मारपीट किया। वही मेरी पत्नी का कपड़ा भी उन लोगों ने फाड़ दिया। इसके साथ ही मेरी पुत्री के गले से सोने का डेढ भर का सोने का चैन मोहम्मद रहमान गले से खींच लिया।मो सलाउद्दीन आसपास की भीड़ को देखते हुए हवाई फायर करते हुए सभी लोगों को लेकर भाग गया। वही मेरा पुत्र मो सईद अपने मित्र मो शकील के साथ सोनू मेडिकल दवा लेने के लिए जा रहा था। दोनों को देखकर यूसुफ ने कहा इसे उस समय ठीक से मार नहीं लगा था।इसे मारो और अचानक सभी लोगों ने मेडिकल के पास ही अपने हाथ में लाठी डंडा से जान मारने की नियत से मारना शुरू कर दिया। जिससे मेरा पुत्र एवं उसका मित्र दोनों लहूलुहान हो गए और बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों जख्मी को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## ख़ास ख़बर

# जिले में पहली बार आरंभ हुआ राष्ट्रीय योग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता





**गोण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी** गोंण्डा जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिले में पहली बार फातिमा स्कूल से किया गया इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि देवी पाटन मंडल के एडी हेल्थ डॉ एच डी अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि फादर पॉल कोरिया सनबीम स्कूल की प्रबंधक अर्श छाबड़ा इंद्रा इंटरनेशनल की प्राचार्या एच मोलॉय और फुलवारी स्कूल की प्रबंधक नीता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया प्रतियोगिता में कुल जिले के लगभग 12 स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया और अपनी योग कुशलता का प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों ने प्रथम ट्रेडिशनल योग, आर्टिस्टिक योग, रिदमिक योग, आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 12 विद्यालयों के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में अनिल भट्ट, आशीष गुप्ता,गौरव गुप्ता, मुख्य निर्णायक की भूमिका में ज्योति सिंह, शिल्पी, नेहा, मनीषा,वर्षा,अंजलि सिंह, अंश मौर्य ने अहम भूमिका निभाई। अंत में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता कुल तीन वर्गो में आयोजित की गई है। इसमे सब जूनियर,जूनियर वर्ग,सीनियर वर्ग बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में लक्ष्य,कृष्णा सिंह,नभ्य सिंह,विवान,पार्थ,शिवा, तथागत, रितिका, सलोनी, माही, सुप्रिया,सौम्या, आदि सहित अन्य बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# श्रष्टि ने मास्टर ऑफ ला में प्रथम स्थान प्राप्त कर किया जनपद का नाम रोशन



**गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी** गोंण्डा महाराजगंज पुलिस चौकी क्षेत्र मोहल्ला सुभाष नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार श्रीवास्तव की बेटी जो सुप्रीम कोर्ट में वकालत प्रोफेशन से जुड़ी थी और राम मनोहर लोहिया यूनिवर्सिटी से एल एल एम की पढ़ाई कर रही थी जिसने मास्टर आफ ला की डिग्री में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद ,परिजनों तथा गुरुजनों का किया नाम रोशन जिसकी सूचना मिलते ही मां संगीता श्रीवास्तव ,पिता अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव ,अजय( अज्जू चाचा सुनील ने अपनी बेटी सृष्टि को मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं तत्पश्चात अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव ,नेता जीवन लाल शुक्ला, बृजेश तिवारी ,विश्वनाथ गिरी, राजेश कौशल, शशांक कुमार श्रीवास्तव, किशन श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, वैष्णवी, प्रतीक, अवनी रंजन श्रीवास्तव ज्ञान दूबे समेत सैकड़ों लोगों ने बेटी सृष्टि को दी ढेरों शुभकामनाएं और मिठाई खिला कर दिया आशीर्वाद।

# आपत्तिजनक वीडियों वायरल करने की धमकी देकर लड़की के साथ दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश** गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0करनैलगंज पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर लड़की को बहला-फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फँसाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का वीडियों बनाने का वांछित अभियुक्त अम्बिकेश्वर सिंह उर्फ नन्दन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उक्त अभियुक्त ने थाना को0 करनैलगंज क्षेत्र की रहने वाली एक लडकी को बहला-फुसलाकर अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा उसका फोटो वीडियों बनाकर वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके सम्बन्ध पीडिता द्वारा थाना को0 करनैलंगज मे अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0करनैलगंज में विधिक कार्यवाही की गयी।

# इफको द्वारा नैनो यूरिया व नैनो डीएपी आधारित प्रशिक्षण संपन्न



**गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी** गोंण्डा इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड गोंडा द्वारा आज दिनांक 3 अगस्त 2023 दिन गुरुवार को विकासखंड मनकापुर के सभागार में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग विषय पर प्रशिक्षण संपन्न हुआ । प्रशिक्षण का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख मनकापुर जगदेव चौधरी ने किया । उन्होंने कृषकों से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग का आह्वान किया । उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग से फसलों की उपज में वृद्धि होगी । अशोक कुमार सहायक निबंधक सहकारिता ने सहकारी समितियों में यूरिया एवं डीएपी उर्वरकों की आपूर्ति के संबंध में बताया कि जनपद में यूरिया डीएपी आदि उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं । वैज्ञानिक संस्तुति के अनुसार किसान भाई उर्वरकों का प्रयोग करें । नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग से दानेदार यूरिया एवं डीएपी पर दिया जाने वाला अनुदान कम होगा । इससे राष्ट्र को काफी बचत होगी । डॉ. डीके सिंह मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक इफको ने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग विधि की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया की 4 मिलीलीटर मात्रा को प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर फसल की बुवाई के एक माह बाद छिड़काव करें । दूसरा छिड़काव पहले छिड़काव के 15 से 20 दिन बाद करें । नैनो डीएपी की 5 मिलीलीटर मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर फसल बुवाई के 30 से 35 दिन बाद छिड़काव करें । नैनो डीएपी से बीज का शोधन, रोपाई वाली फसलों में जड़ का शोधन, कंद वाली फसलों में कंद का शोधन तथा गन्ना फसल में गन्ना बीज के टुकड़ों का शोधन किया जा सकता है । बीज व कंद के शोधन हेतु नैनो डीएपी की 5 मिलीलीटर मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर 25 से 30 मिनट तक पौधे की जड़ को या कंद को उपचारित करना चाहिए । नैनो यूरिया की आधा लीटर की बोतल एक बोरी यूरिया के बराबर कार्य करती है । नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का अधिकतम भाग पौधे उपयोग कर लेते हैं, जबकि दानेदार यूरिया एवं दानेदार डीएपी का मात्र 30 से 35 प्रतिशत भाग ही पौधे उपयोग कर पाते हैं । डा.रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग को जरूरी बताया । उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया की आधा लीटर की एक बोतल एक एकड़ खेत में छिड़काव के लिए पर्याप्त है । उन्होंने मोटे अनाज की खेती को अपनाने की सलाह दी । वर्ष 2023 अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है । मोटे अनाज को अन्न नाम दिया गया है । मोटे अनाज में आठ फसलों को रखा गया है । इसमें ज्वार बाजरा रागी कोदों सांवा कंगनी कुटकी शामिल हैं । मोटे अनाज की खेती सीमित संसाधनों में की जा सकती है । इनकी खेती वर्षा आधारित की जा सकती है । मोटे अनाज मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी हैं । मोटे अनाजों में रेशा, कैल्शियम प्रोटीन आदि की मात्रा धान गेहूं की अपेक्षा अधिक है । यह हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी हैं । मनीष श्रीवास्तव अपर जिला सहकारी अधिकारी सहकारिता ने इफको के उत्पादों, रामसजीवन पांडेय सहायक विकास अधिकारी सहकारिता ने उर्वरकों के सुरक्षित भंडारण की जानकारी दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता लल्लन प्रसाद अध्यक्ष सहकारी समिति अशरफपुर द्वारा की गई । इस अवसर पर आमोद प्रताप सिंह अध्यक्ष सहकारी समिति, रामबहादुर यादव उपाध्यक्ष, जगदीश प्रसाद यादव एटीएम सहित प्रगतिशील कृषकों अयोध्या प्रसाद वर्मा एवं किसान सखी बहनों लक्ष्मी एवं कंचन देवी ने प्रतिभाग कर फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

# जदयू के तथाकथित मुस्लिम नेता मदरसा, मस्जिद और मदरसा बोर्ड को जदयू पार्टी का कार्यालय न बनाएं- बेदारी कारवाँ



**मधुबनी संवाददाता** जदयू के कुछ तथाकथित मुस्लिम नेताओं द्वारा बिहार के मुसलमानों की छवि धुमिल करने, मदरसा, मस्जिद, मदरसा बोर्ड और वक्फ बोर्ड को अपने अपने स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किए जाने पर ऑल इंडिया मुस्लिम बेदारी कारवाँ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नजरे आलम ने नाराजगी जताई है और उन्होंने नीतीश से सीधी मांग की है के मुस्लिम संस्थाओं को जदयू का कार्यालय न बनाया जाए। नजरे आलम ने आगे कहा के हम बिहार के मुख्यमंत्री ह्वह्लद्बह्यद्ध चह्वद्वड्ड जी से पूछना चाहते के क्या बिहार के मुसलमानों ने मदरसा, मदरसा बोर्ड, आयोग और मुस्लिम संसथानों को राज्य सरकार के पास गिरवी रख दिया है? जिसको जब चाहें अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल कीजिएगा। माफ किजिए नीतीश जी आपने अबतक जितने गुलाम और दलाल टाईप कुछ मुस्लिम नेताओं को पार्टी में लिया, ईज्जत दिया, ओहदा दिया मुसलमान उतना ही आपकी पार्टी से दूर होता चला गया। अब आप कहेंगे के ऐसा क्यों कह रहे हैं तो आप पूरे बिहार घूम लें कोई मुसलमान ऐसा नहीं मिलेगा जो आपकी पार्टी से जुड़े नेताओं के बारे अच्छा बोलता हो, जितने नेता हैं आपकी पार्टी के दो-चार को छोड़ सब मदरसा बोर्ड, वक्फ बोर्ड और जो भी मुस्लिम समुदाय से जुड़े आयोग या संस्थाएं हैं सबको लूटपाट का अड्डा बना लिया है। सब मुसलमानों को ही लूट रहा है। अब देखिए इस पोस्टर को ये कौन इत्तेहाद और भाईचारा फैला रहा है। क्या मुसलमानों के अंदर अंदर से इत्तेहाद और भाईचारा खत्म हो गया है या मुस्लिम समुदाय दंगाई है जो इस तरह का काम आपकी पार्टी से जुड़े हवा हवाई रोडछाप नेता कर रहे हैं। क्यों बनी बनाई, बची खुची अपनी पार्टी और अपनी छवि को इन जैसे लोगों से खत्म करवा रहे हैं। पोस्टर में कई नेता ऐसे हैं जिसने मदरसा बोर्ड और वक्फ बोर्ड के नाम पर गरीब मुसलमानों से करोड़ो की ठगी करके आपकी पार्टी को बर्बाद कर रहा है। आज तक तो बिहार के लोग ये नहीं समझ सके के हमारा अल्पसंख्यक मंत्री कल्याण मंत्री कौन है, अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष का क्या काम है। इस पोस्टर वाले नेताओं से पूछिए बिहार में जहां कहीं

**नीतीश जी बताएं क्या बिहार का मुसलमान दंगाई है, भाईचारे को खत्म करता है- नजरे आलम**

मुसलमानों पर अत्याचार या दंगा के नाम पर कत्लेआम किया जाता है उस वक्त ये सब कहां गायब रहता है। हम समझते हैं के ऐसे फ़र्जी और ढ़ोंगियों से खुद भी बचे, मुसलमानों को बचाएं, मुस्लिम संस्थानों को भी जिंदा रहने दें और साथ ही अपनी पार्टी को भी बचाएं। नहीं तो 2024-2025 में आपकी पार्टी को बड़ा नुकसान होगा और भाजपा को फायदा पहुंचेगा। मुसलमान सब चेहरे को अच्छे से पहचान गया है जान चुका है। अब किसी भी बहुरुपिया के बहकावे में नहीं आएगा। बिहार को आपकी जरूरत है। समय रहते ऐसे सभी लोगों को बोलिए जितनी सियासी दुकानदारी चलानी है चलाए लेकिन मदरसा, मदरसा बोर्ड, आयोग, अल्पसंख्यक मंत्रालय वगैरह को अपने स्वार्थ के लिए इस्तेमाल करना बंद कर दे। देश और खासकर बिहार के मुसलमानों को फर्जी इत्तेहाद और भाईचारा न सिखाए, बदनाम न करे। भारत का मुसलमान इस देश को आजाद कराने के लिए सबसे ज्यादह शहादत दे चुका और जबतक सांस है तबतक देश के लिए शहादत देता रहेगा। किसी के सर्टीफिकेट की जरूरत नहीं है।

# शिव भक्ति के लिए दूर करे अहंकार



**नवाबगंज गोण्डा शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गाँव में चल रही शिव पुराण की कथा के छठवे दिन कथा व्यास आचार्य हरि प्रसाद मिश्र ने कहा कि शिव महापुराण कथा श्रवण व शिव भक्ति के लिए पहले अहंकार दूर करना होगा। क्योकि जब तक अहंकार होता है तक भोलनाथ प्रसन्न नही होते है। जिस प्रकार आदि देव महादेव को भोलेनाथ कहा जाता है उसी उनको भक्त भी भोले पसंद है। जब तक अहंकार दूर नही होगा तब तक शिव की भक्ति प्राप्त होना कठिन है।शिव की प्राप्ति के लिए अहंकार त्यागना होगा.शिव कथा सुनाते हुए कहा कि शिव और पार्वती के दो पुत्र हुए एक का नाम कार्तिकेय और दूसरे का नाम गणेश है। कार्तिकेय को पुरुषार्थ का प्रतीक माना गया है। पुराणों में श्री गणेश की अनेक कथाएं प्राप्त होती हैं। एक कल्प में साक्षात श्रीकृष्ण उनके पुत्र बनते हैं दूसरे कल्प में पार्वती के उद्धटन से उनकी उत्पत्ति होती है। एक कल्प में शनि की दृष्टि से सिर कटता है और दूसरे में स्वयं शिवजी सिर काटते हैं। माता के कोप से बचने के लिए हाथी का सिर जोड़ा जाता है। हाथी का सिर बड़ा होता है लेकिन आंखें छोटी होती हैं। यह सूक्ष्म दृष्टि का प्रतीक है। हमारी दृष्टि सूक्ष्म होनी चाहिए। कान सूप के जैसे मानो फालतू बात गणेश नहीं सुनते। एक दांत अर्थात जो बात कह दिया उसमें अटल रहते हैं और लम्बी नाक होना प्रतिष्ठा का प्रतीक है।कथा व्यास ने कहा कि जहां पर सूक्ष्म दृष्टि होती है। वहां विघ्न नही होता है और जहां विघ्न बाधा न हो तो वहीं ऋद्धि-सिद्धि और शुभ लाभ का सदैव आगमन होता है। कथा में सुशील पाण्डेय, विवेकानंद पाण्डेय, सर्वोदयकृष्ण पाण्डेय, नरसिंह मिश्र, दिव्यांशु, प्रियांशु,मंगल, आदि रहे.

# तीन लोगों ने ग्रहण की कांग्रेस पार्टी की सदस्यता



**गोण्डा-शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी** कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा के नेतृत्व में तीन लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई,जिसमें समाजसेवी संदीप कुमार मिश्रा एडवोकेट,अनु रूद्र ओझा,विवेक गिरी,द्वारा पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर सद्स्यता ली।कांग्रेस पार्टी को अपना पूर्ण सहयोग समर्थन देने का भी संकल्प लिया।और 2024 लोक सभा चुनाव में राहुल गांधी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी में कार्य करने का संकल्प लिया।इस दौरान जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे ने सभी का स्वागत किया और हर समय सहयोग के लिए तत्पर रहने की बात कही,और आशा करते हुए साथियों से अपेक्षा किया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी एवं प्रांतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे के निर्देशानुसार पार्टी को आगे बढ़ाएंगे।इस अवसर पर महासचिव राम सिंगार भारती बाबा ब्लॉक उपाध्यक्ष मुजेहना चंद्र प्रकाश पांडे सभासद महाराजगंज शाहिद कुरेशी विनय प्रकाश त्रिपाठी चांद खान पूर्व सभासद आमिलअंसारी टीएन फारूकी फूल मोहम्मद सूरज मिश्रा,रहे।

# आजाद समाज पार्टी कांशीराम में तीन लोगे ने ली सदस्यता



**गोंण्डा शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा/**गोंण्डा आज जनपद नगर के मोहल्ला पटेल नगर में देवीपाटन मंडल के मंडल अध्यक्ष मओ0आबईद व मंडल उपाध्यक्ष मो0शादाब के उपस्थिति मे कार्यकर्ता बैठक जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। आजाद समाज पार्टी कांशीराम की नीतियो से प्रभावित होकर समाज वादी पार्टी के नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष मओ0नसईम रैनी बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मो0आवेश तथा मओ0नसईम अंसारी ने आजाद समाज पार्टी कांशीराम की सदस्यता ग्रहण किया है। तीनों लोगो? की कर्मठता देख कर मंडल अध्यक्ष मओ0आबईद के निर्देश में संगठन जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश आजाद ने मो0नसीम रैनी को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई वहीं मो0आवेश अंसारी को जिला महासचिव की जिम्मेदारी दी गई मो0वसीम अंसारी को नगर उपाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी दी गई है जिस पर बैठक उपस्थित सभी कार्य कर्ता ने नव नियुक्त पदाधिकारी को मिला पहना कर स्वागत किया

**मार्ग अवरुद्ध** ढेमवा मार्ग अवरुद्ध हो जाने से क्षेत्रीय लोगो की समस्याओं में भी बाढ़ आ गयीं है

# ढेमवा मार्ग की आवाजाही बंद शिक्षा, व्यापार, रोजी रोटी पर बनी बाधा





**नवाबगंज गोण्डा-शुभ भास्कर रिपोर्ट** अनमोल मिश्रा के दत्तनगर में ढेमवा मार्ग अवरुद्ध हो जाने से क्षेत्रीय लोगो की समस्याओं में भी बाढ़ आ गयीं है. मगर उनके दर्द को समझने वाला कोई नहीं है. लगभग महीने भर से आवागमन बाधित हुआ है तबसे क्षेत्र के हजारों लोगो के रोजी रोटी पर इसका खासा प्रभाव पड़ा है. आधा दर्जन से अधिक गावों के हजारों की संख्या में लोग सोहावल मार्ग होकर अयोध्या जिले में दिहाड़ी मजदूरी को जाते थे. उस पर भी संकट गहरा गया है. यही नहीं व्योन्दा, बहादुर पुर, बनगाँव,चरौठा, दत्तनगर, साखीपुर, गोकुला आदि गावों के करीब 2 हजार बच्चो की शिक्षा भी बाधित हो गयीं है. चुंकि अब ढेमवा पुल तक पहुंचना खतरों से खाली नहीं रहा इसलिए बच्चों की शिक्षा बाधित हो गयीं है. व्यापार की दृष्टि से भी लोगो को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है. दूध दही की नदियां बहाने वाला माझा क्षेत्र अब बाढ़ और कटान की चपेट में है. जिसके चलते व्यापार भी ठप हो सा गया है. दूध और खोया की सप्लाई पडोसी जिले अयोध्या के साथ साथ राजधानी लखनऊ तक भेजा जाता है. किन्तु मार्ग बंद होने चलते अब लोगो की सबसे बड़ी आमदनी वाले श्रोत पर भी खतरा मंडरा रहा है. नवाबगंज मार्ग से व्यापार लोगो के लिए बड़ा ही महंगा पड़ेगा. दत्तनगर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजाराम यादव बताते हैं की ढेमवा पुल समाजवादी सरकार में लोगो के लिए वरदान साबित हुआ था. हर वर्ष बाढ़ की मार झेलकर अपना सबकुछ गवां देने वाले माझा वासियो के जीवन पुल खुशियाँ लेकर आया था. इस मार्ग से शिक्षा, व्यापार, रोजगार आदि आसान हो गया था और लोगो के जीवन में भी बड़ा बदलाव दिखा था, किन्तु अब ऐसा लग रहा है की सब कुछ कितना पीछे चला जा रहा है.कैसे उदासीन हो गयीं सरकार पिछले वर्ष ही बाढ़ में कटे ढेमवा मार्ग का अब तक निर्माण ना होना सबके लिए रहस्य बना हुआ है. यह बात किसी से छिपी नहीं की जिले तो दूर अन्य जिलों के लोगो के लिए यह मार्ग कितना उपयोगी हो गया था. तरबगंज व नवाबगंज ब्लॉक के लोगो के शिक्षा व्यापार, रोजगार के लिए वरदान साबित हुआ था.

# महिला से तीन डिसमिल की जगह तीन बीघा जमीन करा लिया बैनामा, महिला ने कप्तान से लगाई गोहार



**गोंडा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी** गोंण्डा एक अनपढ़ महिला से मनोज नाम के एक व्यक्ति ने तीन डिसमिल जमीन खरीदने की बात करके उससे तीन बीघा जमीन का बैनामा करा लिया। महिला का कहना है कि वह पढ़ी लिखी नही है। उसके चार बच्चे हैं,उसके जीविका चलाने के लिए कोई और साधन नही है।

महिला ने अपने साथ धोखाधड़ी किये जाने का आरोप लगाते हुए कप्तान से मिलकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। घटना जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बाबू पुर की है। यहां की निवासी उर्मिला देवी पत्नी पाटनदीन ने उसकी तय से अधिक जमीन का बैनामा करा लिए जाने की बुधवार को पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर शिकायत की है। उर्मिला देवी ने बताया कि वह काफी समय से बीमार है इलाज के खर्च के लिए उसने अपनी जमीन में से तीन डिसमिल जमीन की बिक्री के लिए जमीन खरीदार ने बात की थी। लेकिन खरीदार ने गवाहों व कर्मचारियों से से मिलकर उसके तीन बीघा जमीन व दूसरे गाटे की जमीन में लगे कई पेड़ों का बैनामा लिखवा लिया। कुछ दिन बाद जब महिला ने तहसील जाकर अपने बचे हुए जमीन की जानकारी ली तो उसे पता चला कि उसकी बड़ी आराजी की जमीन व कई पेड़ों का भी धोखाधड़ी व कूटरचना कर बैनामा करा लिया है। महिला का आरोप है कि बैनामा के कागजात की जांच व बैनामा करने का बयान लेने के दौरान उससे जमीन बिक्री करने का रकबा नही पूछा गया। खरीदार व गवाहों ने उसे रजिस्ट्रार कार्यालय से बाहर करा दिया कि अब चलो बयान अंगूठा हो गया। वहीं इस मामले कप्तान ने सीओ को मामले की जांच सौंपी है। वहीं इस प्रकरण में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी दोषी पर कार्रवाई होगी।

## खास ख़बर

## श्रीपुर पंचायत भवन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को ले कैंप आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला(जामताड़ा)/** गुरुवार को श्रीपुर पंचायत सचिवालय में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुको के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भीएलई गोपाल पंडित के द्वारा ई-केवाईसी एवम आईपीपी (इंडिया पोस्ट पेमेंट) के तहत खाता खोला गया एवम आधार सीडिंग की गई। प्रज्ञा केन्द्र संचालक सह डाटा ऑपरेटर गोपाल पंडित के द्वारा उन किसानों का ई-केवाईसी किया गया जिनका ई-केवाईसी नही हुआ था। इस अवसर पर भीएलई तथा किसान मित्र ने कैंप के उद्देश्य एवं विशेषता के बारे में जानकारी दी साथ ही किस प्रकार किसान इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । इस अवसर पर कृषक मित्र ठाकुर प्रसाद सिंह सहित अन्य कृषक मौजूद थे।

## नाला कृषि तकनीकी केंद्र में बीओडी मेंबर्स के साथ हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला(जामताड़ा)/** नाला प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि तकनीकी सुचना केन्द्र में बीओडी मेंबर्स की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीटीएम सुजीत कुमार सिंह ने की।इस अवसर पर नाला प्रखंड में वर्तमान में संचलित एफपीओ (फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन) तथा नाला वेजिटेबल फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी की बीओडी मेम्बर्स के साथ बैठक की गई। जिसमें एफपीओ के बीओडी मेम्बर्स द्वारा नाला प्रखंड में किए जा रहे कृषि सम्बंधित कार्यों के बारे में बताया गया। इस क्रम में निर्देशित किया गया कि कृषि विभाग के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए धान के आलावे मकई,ज्वार एवम दलहनी फसलों की खेती हेतु क्षेत्र के किसानो को जागरूक करने का काम तेजी से किया जाए। जिला कृषि पधाधिकारी जामताड़ा के अदेशानुशार सभी कृषक मित्रों को पंचायत वार व ग्राम स्तर पर वैकल्पिक खेती के प्रचार प्रसार की जिम्मेवारी दी जा रही है। बताया गया कि कृषक मित्र किसानों को मोटे अनाज के उत्पादान करने हेतु प्रेरित करेंगे एवम स्वयं भी इसकी खेती करेगें। आज के इस बैठक में एफपीओ की डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर रजनी सिन्हा, सीईओ रिंटू मंडल, बीओडी मेम्बर्स बिमल कांत घोष, निर्मल माजी,मंत्रीराम मंडल, शिवलाल मरांडी,विधान राय, लक्ष्मी सोरेन, चिनिश्वर सोरेन, सोमनाथ मंडल ,बिमल कुमार माजी, कृषक मित्र गोपीनाथ साधु, मिलन राणा, हेमंत दास, दुलाल चंद्र राय आदि मौजूद थे।

## डाक बंगला परिसर में मत्स्य विभाग की ओर से 600 पैकेट मत्स्य जीरा का हुआ वितरण




**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित जामताड़ा/** गुरुवार को कुंडहित प्रखंड मुख्यालय स्थित डाकबंगला परिसर में मत्स्य जीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष बलराम धीवर के नेतृत्व में मत्स्य पालकों के बीच मत्स्य जीरा का वितरण किया गया। जिसमें मत्स्य पालकों के 40 लाभुकों के बीच 90% अनुदानित दर पर दस हजार प्रति पैकेट 600 पैकेट मत्स्य जीरा वितरण किया गया ।मौके पर मत्स्य जीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष बलराम धीवर ने बताया कि आज मत्स्य विभाग की ओर से कुंडहित क्षेत्र के विभिन्न गांव के 40 मत्स्य पालक के बीच मत्स्य जीरा का वितरण किया गया। जिसमें एक पैकेट में 10,000 मछली के जीरा है जो 90% अनुमानित दर पर मत्स्य पालकों के बीच वितरण किया गया। कहा कि लाभुकों के लिए मछली पालन लाभकारी सिद्ध होगा। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उल्लेखनीय है कि मछली उत्पादन के क्षेत्र में कुंडहित प्रखंड का काफी नाम रहा है।

# जन विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजयुमो ने किया धरना प्रदर्शन



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/** गुरुवार को पुराना कोर्ट मोड़ के समीप भारतीय जनता युवा मोर्चा जामताड़ा के तत्वाधान में वर्तमान जन विरोधी महागठबंधन सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल उपस्थित थे। भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि जनविरोधी महागठबंधन यूपीए की सरकार जिनके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं। इनके जन विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजयुमो के तत्वाधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। यूपीए महागठबंधन के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की जनता से लोकलुभावन वादे किए थे। जिन वादों को सत्ता में आते ही भूल गए। स्थानीय नीति, नियोजन नीति ,पारा शिक्षकों के साथ उचित न्याय ,महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र ,किसानों के स्वालंबन की दिशा में को रोजगार देने के बारे में। इन सब बातों के बारे में बात करें तो इस वर्तमान सरकार ने किसी भी प्रकार के जनहित कार्यों को करने का काम नहीं किया हैं। जामताड़ा के विधायक हज कमेटी के चेयरमैन इरफान अंसारी जब से जामताड़ा का विधायक बने है, सिर्फ हिंदू विरोधी कार्यों को करने का काम किया हैं। जामताड़ा विधायक ने हिंदू आस्था और संस्कृति के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। इसका स्पष्ट उदाहरण पिछले दिनो ढोंग रचकर मिहिजाम स्थित काली मंदिर में घुसकर तिलक लगाकर सार्वजनिक रूप से मिटाने का काम किया है। मंदिर में घुसकर स्पष्ट करते हैं कि मुझे जीतने के लिए हिंदू मतदाता के वोट की आवश्यकता नहीं है। पिछले दिनों विधानसभा में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के बारे में यह कहा कि आदिवासियों को इतना बुद्धि कहां से हो गया। इस तरह की बातें कर उन्होंने सिर्फ झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का ही नहीं बल्कि संपूर्ण आदिवासी समाज का अपमान करने का काम किया है। वर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह को विधानसभा में सुला देने की बात कही हैं। मैं चुनौती देने का कार्य करता हूं कि आप झोलाछाप डॉक्टर हैं। जिसकी खुद की मानसिक स्थिति बिगड़ी हुई है। रांची विधायक सीपी सिंह से अनुरोध करता हूं कि इसके लिए आप सरकार से विशेष मांग कीजिए कि रांची में एक पागल खाने का निर्माण किया जाए। जिसमें इस पप्पू विधायक का इलाज किया जाए। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मांग करूंगा कि आप ज्ञानी हैं इस जामताड़ा के पप्पू विधायक का विशेष उपचार की व्यवस्था कीजिए। हम सभी जामताड़ा के जनमानस इसे पागल खाने की गाड़ी में बिठा कर रांची भेजने का कार्य करेंगे। जिस पागलखाने में इसका समुचित इलाज किया जाए। भाजपा जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार ने वादा किया था कि प्रत्येक साल 5 लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। अगर नौकरी नहीं मिली तो बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा और अन्य सभी वादों को पूरा करने का कार्य नहीं किया। इनके सरकार के विधायक मौलाना इरफान अंसारी के विधानसभा जामताड़ा में गौ हत्या गौ तस्करी लव जिहाद धर्मांतरण बांग्लादेशी घुसपैठिया जैसे अनैतिक कार्यों को बढ़ावा देने का कार्य किया है। गौ हत्या जो झारखंड में प्रतिबंध है विगत दिनों पबिया में विधायक के इशारे पर गौ हत्या जैसा घिनौना कार्य हुआ हैं। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का नेतृत्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष अनूप पांडे ने किया और सफल मंच संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री चंदन राउत के द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री सुमित शरण, भाजपा जिला महामंत्री प्रभास हेंब्रम, जामताड़ा नगर अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, जामताड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रंजीत राणा ,जिला परिषद सुनील हांसदा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल ,महेंद्र मंडल रामदेव मंडल ,अशोक मंडल, मुकेश यादव सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## इरफान अंसारी में अगर ज्ञान की कमी है तो किसी भी आदिवासी को अपना शिक्षक रख ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं- मंगल सोरेन



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगल सोरेन की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम किया गया । मौके पर मंगल सोरेन ने कहा कि झारखंड विधानसभा सदन में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने आदिवासी को लेकर जो गलत बयान दिया उस बयान को लेकर आदिवासियों में रोष है और जगह-जगह आदिवासी गांव में इरफान अंसारी का विरोध हो रहा है। इरफान अंसारी अब जिस भी गांव में जाएंगे आदिवासी वहां उनका विरोध करेंगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी एक स्वाभिमानी समुदाय है और इसमें फुटबॉल की जर्सी और 10 की साड़ी दे कर खरीदा नहीं जा सकता और आदिवासी हमेशा से वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बहुत तेज और ज्ञानी रहे हैं। इरफान अंसारी में अगर ज्ञान की कमी है तो किसी भी आदिवासी को अपना शिक्षक रख ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने मांग रखी इरफान अंसारी को हर आदिवासी गांव जाकर माफी मांगनी चाहिए अन्यथा आने वाले चुनावों में आदिवासी इरफान अंसारी को करारा जवाब देंगे। 4 अगस्त को जामताड़ा सिद्धू कान्हु चौक के पास अनुसूचित जनजाति मोर्चे के द्वारा इरफ़ान अंसारी का पुतला दहन किया जाएगा इसमें मुख्य रूप से जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप कुमार हेंब्रम, अबिता हांसदा, प्रोफ़ेसर सुनील कुमार हंसदा, पूर्व जिला अध्यक्ष निर्मल सोरेन, बीएन सोरेन, सुखेंद्र टूडू, बलदेव मुर्मू, विजेंद्र मुर्मू, रामलाल मरांडी आदि उपस्थित थे।

## स्तनपान कराने व इसके फायदों के प्रति लोगों को करें जागरूक- बीडीओ



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक पूरे विश्व में मनाए जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत गुरुवार को बाल विकास परियोजना के द्वारा जामताड़ा प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व प्रखंड कार्यालय परिसर से आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जहीर आलम एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद जहीर आलम ने कहा कि देश में प्रतिवर्ष 1 से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है ताकि स्तनपान को बढ़ावा दिया जा सके और नवजात बच्चों का स्वास्थ्य सुधार हो सके?। उन्होंने कहा कि मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी हो और जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। इसके लिए सरकार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि जागरूकता के अभाव के कारण ग्रामीण क्षेत्र के महिलाएं ना तो अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखती है और ना ही बच्चों का इसी उद्देश्य को लेकर सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया है कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना है ताकि वे नवजात शिशु का पालन पोषण सही तरीके से कर सके। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने भी आंगनबाड़ी सेविकाओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका निशा कुमारी, अनिता दास, कल्पना रानी शील, कौशिक राय, सदानंद महतो, अरुण कुमार झा सहित काफी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थे।

**बैठक** बैठक में मुख्य रूप से समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी को ले समाज कल्याण समिति परिसर में बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** गुरुवार को समाज कल्याण समिति परिसर में राजा अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक सह अधिविध कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल उपस्थित थे।समाज कल्याण समिति परिसर में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक सह अधिविध कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रमों की सूची एवं तैयारी को लेकर बैठक की गई। समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने कहा कि समाज कल्याण समिति परिसर में समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक सह अधिविध कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी को लेकर आयोजक समिति के पदाधिकारी गण के साथ बैठक की गई। इस बैठक में सभी के विचार विमर्श से कार्यक्रम की रूपरेखा सूची एवं सभी प्रकार की तैयारी की रणनीति तैयार की गई। श्री मंडल ने कहा कि तमाम जामताड़ा वासियों से छात्र-छात्राओं से एवं उनके अभिभावकों से अपील करना चाहूंगा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी लोग स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर समाज कल्याण समिति परिसर में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक अधिविध कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। जामताड़ा के प्रसिद्ध शिक्षाविद डीडी भंडारी ने कहा कि पूर्व संध्या में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को ड्रॉइंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन होगा एवं 14 अगस्त को देशभक्ति आधारित नृत्य,लोक एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। सभी जामताड़ा वासियों से छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील करना चाहूंगा कि इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## जामताड़ा नगर पंचायत से लोग निराश, बाबा बोले से लगा रहे हैं आश



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/** जामताड़ा वार्ड नंबर 8 पुराना हटिया स्थित शिव मंदिर के सामने पीएचईडी गली में कचरे का अंबार लगा हुआ है। साथ ही साफ सफाई नहीं होने के कारण नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। इस मोहल्ले के लोगो की नारकीय हालत में रहने की नियति बन चुकी है। सावन के इस पावन महीने में मंदिर आने जाने के लिए भक्तों को काफी परेशानी और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के इस मौसम में गंदे पानी से नाले के पानी से होकर गुजरने को विवश है। शिव भक्त साफ सफाई ना होने को ले रोष में है। अब तो मोहल्ले वाले मूखर हो कहते भी हैं कि इस नारकीय स्थिति से बाबा भोला ही निकालेंगे। विदित हो कि कचरे का अंबार लग चुका है और दुर्गंध इतना की पास से निकलना मुश्किल है।जिस वजह से मंदिर जाने वालों कई स्वच्छता के साथ पवित्रता भी भंग होती है। यहां रहने वाले लोगों को मंडरा रहा है महामारी का खतरा। ऐसे में नगर पंचायत का बेगानापन यहां के रहवासियों को कचोट रहा है।

## अमरूद तोड़ने को लेकर दो भाइयों में हुई मारपीट, कुंडहित थाना में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा)/** अमरूद तोड़ने को लेकर दो भाईयों में गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट करने का एक मामला में प्रकाश में आया। मारपीट में छोटा भाई ने बड़े भाई को छड़ से माथे में मारकर घायल कर दिया। वही भाभी का हाथ भी छड़ से मार कर चोटिल कर दिया।दोनों को घायल करने के बाद भाई को थाना को सुचित नहीं करने की धमकी भी दी गई। घटना की जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर कुंडहित थाना अंतर्गत नाटुनतोला गांव निवासी क्षेत्रनाथ घोष के पुत्र गया प्रसाद घोष एवं रक्षाकर घोष के बीच पेड़ से अमरूद तोड़ने को लेकर विवाद हो गया । गाली गलौज करते करते छोटा भाई रक्षाकर घोष ने छड़ निकालकर बड़े भाई गया प्रसाद घोष को जान मारने के नियत से माथा में मारकर घायल कर दिया। परिजनों की मदद से घायल गया प्रसाद घोष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करा कर कुंडहित थाना पहुचा तथा भाई रक्षखकर घोष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज़ कराया। कुंडहित थाना कांड सं 34/23 भादवी की धारा 341, 323, 325, 307, 504, 506 के तहत रक्षाकर घोष को आरोपी बनाया गया। इस संबंध में कुंडहित थाना के एसआई विकास कुमार सिंह ने बताया मारपीट का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया गया है।

## चोरों ने एक ही रात दो दुकान से नगदी समेत हज़ारो चुराया

**मधुपुर/** शहर के अनुमंडल कार्यालय के निकट स्थित अस्थाई बस पड़ाव के सामने बुधवार की रात अज्ञात चोरों के द्वारा सर के किनारे स्थित दो दुकानों से नगदी समेत हजारों रुपए मूल्य का सामान चोरी कर लिया । गुरुवार सुबह दुकान खोलने आए दुकानदारों दोनों दुकानदारों की घटना की जानकारी ।वाहन का ट्यूब पंचर बनाने वाले मोहम्मद सब्बीर के दुकान के साइड से चोर प्लास्टिक और बांस का चचड़ी काटकर अंदर घुसे।अंदर से दो नया ट्यूब और 2 टायर आदि सामान चोरी कर लिया।एक उपकरण भारी रहने के कारण नहीं ले जा सके।उसे दुकान के बाहर छोड दिया।पंचर दुकानदार सबीर ने बताया कि ट्यूब का पंचर बना कर परिवार का भरण पोषण करते हैं।चोरी घटना के बाद अब वह डरे हुए हैं कि अब अपना सामान कहां रखेंगे।दूसरी घटना वही पर कुछ दूरी पर चोरों ने की है।विक्की चाय गुमटी का दरवाजा तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए नकदी और सामान चुराया है।उन्होंने बताया कि उनका गुमटी का दरवाजा चोर तोड़ा।गल्ला में रखे करीब गला में करीब 5 हजार नगद, सिगरेट और पुड़िया के कई पॉकिट चोरी कर लिया है।दुकानदारों ने बस स्टैंड पर रात्री को पुलिस गस्त तेज करने की मांग की हैं।

## सरकार घटना को अंजाम देने वाले दोषी को तुंरत सजा दें- डा0 सुमन लता



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/** मधुपुर महिला सामिति ने गुरुवार को समिति के अध्यक्ष डॉ सुमन लता के नेतृत्व में समिति की महिलाए ने मणिपुर में हुए महिला के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को लेकर प्रधानमंत्री वह गृह मंत्री के नाम मधुपुर एसडीओ मधुपुर को ज्ञापन सौंपा गया।मौके पर डा0 सुमन लता ने कहा कि सरकार इस घटना को अंजाम देने वाले दोषी को तुंरत सजा दें।ताकि पीड़ित महिलाओं को लगे कि उनकी आत्म सम्मान की रक्षा हुई है।कहा कि कभी देश में कही निर्भया कांड हो जाएगा।कहीं किसी को देश में टुकड़े काट दिया जाएगा।बेटी बचाओ बेटी पढाओ का नारा देने से सिर्फ काम नहीं चलेगा।बेटी की रक्षा करना भी सरकार दायित्व है।कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने शहर में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया है।जिसमें महिलाएं और पुरुष हस्ताक्षर किए हैं और सभी ने दोषियों को कार्रवाई पर मांग की है।उन्होंने कहा कि जरूरत पड़े तो राष्टीय स्तर पर महिला संगठनों से मिलकर आंदोलन करेगी।इसके लिए राज्य और दूसरे राज्यों के महिला संगठनों से पत्राचार कर सहमति प्राप्त की है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के नाम एसडीओ ज्ञापन सौंपा है।इसके अलावा उन्होंने सीधे डाक के द्वारा जी यह ज्ञापन सरकार को भेज रही है।मौके पर सुनीता जयसवाल, इंद्रासन देवी, पुष्पा कुसवाहा, पापीया भादुड़ी आदि मौजुद थे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/** अनुमंडल कार्यालय मधुपर में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल ने आयोजन समिति के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक की। बैठक मे सरकारी पदाधिकारी व शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। शहर के डाकबंगला मैदान में राजकीय समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय हुआ। कार्यक्रम में सरकारी व गैर सरकारी स्कूली बच्चों के द्वारा मार्च पास्ट, पैरेड बैंड डिस्प्ले, प्रशासन नागरिक के बीच फैंसी फुटबाल मैच, उत्कृष्ट कार्य के लिए अनुमंडल प्रशासन द्वारा सम्मान, स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अप्पू मल्टी जिम द्वारा मैराथन दौड़, स्वतंत्रता दिवस की सुबह चौक-चौराहा पर स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण समेत अन्य कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्यो को जिम्मेदारी सौंपी गई। आयोजन समिति की अगली बैठक सात अगस्त को रखी गई । अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि मधुपुर में वर्षो से स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने की परंपरा है। इस वर्ष भी सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाना है। मौके पर सीओ परमेश्वर कुशवाहा, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर मधुपुर शैलन्द्र सिंह, महिला थाना प्रभारी रेणू कुमारी, अरविंद कुमार, मोती सिंह, पूर्व प्रमुख सुबल प्रसाद सिंह, महेंद्र घोष, शाहिद आलमी,जय प्रकाश मंडल,अरविंद यादव,अमेरिका यादव, एनुल होदा, धनंजय प्रसाद ,शंकर यादव, मोहम्मद फेकू, आदिल रसीद, व अन्य समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## इको क्लब के छात्रों द्वारा किया गया पौधारोपण



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** जेबीसी +2 विद्यालय इको क्लब के छात्रों द्वारा पौधरोपण के अनुकूल मौसम में आज 3 अगस्त को विद्यालय के सौंदर्यीकरण में अनेक छोटे पौधों की रोपाई की और साफ सफाई की।जिसमें विद्यालय के प्रभारी सुशील मराण्डी, इको क्लब के कॉर्डिनेटर उमेश चन्द्र मिश्र व खेल शिक्षक हृदयानन्द ने संयुक्त रूप से कहा कि सभी बच्चे घर पर भी पौधों की रोपाई करें। जिससे अनुकूल मौसम का पूरा लाभ मिल सके। इको क्लब के छात्रों में अभिषेक सिंह,सोमनाथ दे,अरमान अंसारी, मोहित शर्मा, आयुष सिंह, करन यादव, अनिरुद्ध, प्रिंआंशु, सराफत, रणवीर, अल्फाज, शिवम, पप्पू मंडल, अंकुर चौरसिया, अमित ठाकुर, पीयूष कश्यप, सोनू वर्मन इत्यादि ने अपना पूर्ण सहयोग किया।

## खास ख़बर

## बिआरपी के द्वारा पांच विद्यालयों का किया गया निरीक्षण



**बड़हरिया सिवान संवाददाता।** प्रखंड के पांच विद्यालयों का निरीक्षण नवनियुक्त बीआरपी विक्रमा प्रसाद साह के द्वारा किया गया। विदित हो कि बड़हरिया प्रखंड के नवनियुक्त बीआरपी ने उत्क्रमित मध्य सह उच्च विद्यालय माधोपुर,प्राथमिक विद्यालय नसीर छपरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाबूहाता,प्राथमिक विद्यालय (मकतब )बाबूहाता,भुनेश्वर फतेह आलम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबूहाता का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सभी शिक्षक उपस्थित थे।वही सभी विद्यालयों में छात्रों कि उपस्थिति अच्छी थी। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक हरेन्द्र कुमार ने बताया कि छात्रों कि उपस्थित लगभग ठीक है,लेकिन उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में विषयवार शिक्षकों की कमी के कारण पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है।मौके पर रजनीश पंडित ,आशमोहम्मद बैठा, सुमन कुमार,चंद्रप्रकाश प्रसाद, शाहनवाज आलम, मुश्ताक अहमद, वसीम राजा, राजा हुसैन, रूपेश कुमार,नमिता कुमारी,अनवारूल हक आदि शिक्षक मौजूद थे।

## जाति आधारित गणना कार्यो को लेकर बीडीओ ने पर्यवेक्षकों संग की बैठक



**रघुनाथपुर, सीवान/**जाति आधारित गणना करवाने को ले माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद विभाग ने गणना को लेकर कार्य तेज कर दिया है। रघुनाथपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज अधिकारी अशोक कुमार ने प्रखंड के सभी 81 पर्यवेक्षक संग बैठक कर कार्य में तेजी लाने संबंधी निर्देश दिए। बैठक के दौरान किस पंचायत में कितना काम हो चुका है पहले इसकी समीक्षा की गई। इसके बाद शीघ्र कार्य को सम्पन्न कराने के गुर बताए। वही आईटी सहायक प्रशांत कुमार द्वारा बताया गया की गणना संबंधी एप्प अभी एक्टिव नही है जैसे एक्टिव होगा सभी को सूचित कर दिया जाएगा। बीडीओ श्री कुमार ने बताया की एप्प जबतक सक्रिय होगा तब तक ऑफलाइन सर्वे युद्ध स्तर पर संपन्न करा लें। मौके पर अनिल कुमार मिश्र, मो0 आलम, संजीव कुमार पांडेय, राजेश्वर कुमार, अरविंद तिवारी, विवेक कुमार सिंह, जयप्रकाश यादव, प्रदीप मिश्र, दीनबंधु शर्मा, नसीम अंसारी, साहेब हुसैन अंसारी सहित सभी पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

## जातिगत जनगणना को लेकर डीएम और सचिव ने की बैठक



**सिवान संवाददाता।**आज दिनांक 3-08-2023 को श्री परमार रवि मनुभाई, अपर मुख्य सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना सह प्रभारी सचिव सिवान की अध्यक्षता में जाती जनगणना संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। इस बैठक में जिला पदाधिकारी सिवान श्री मुकुल कुमार गुप्ता के साथ सिवान जिले के सभी प्रखण्डों के वरीय प्रभारी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया की सभी Enumerator एवं Supervisor अपने निर्धारित क्षेत्र में गणना करना 2 अगस्त 2023 से शुरू कर दिया है। समीक्षा के दौरान बताया गया की सिवान जिले मे दिनांक 2 /08/2023 तक जाति गणना कर प्रपत्र 84.94% भर दिया गया है एवं एप्प पर 41.86% अपलोड कर दिया गया है। सभी चार्ज ऑफिसर एवं प्रखंड के वरीय पदाधिकारी को जाति गणना शनिवार 5 अगस्त 2023 तक 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

# श्रवण से साहिल बना नौजवान कोर्ट में हुआ पेश




**सिवान संवाददाता** सिवान जिले के मैरवा प्रखंड मुख्यालय के मिस कर रही गली निवासी श्रवण चौहान के धर्म परिवर्तन का मामला उलझता हुआ नजर आ रहा है। इस संबंध में रोज रोज नए खुलासे किए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों मे चर्चा है कि लड़की के चक्कर में बुरी तरह से फंस चुका नौजवान सब कुछ करने पर आतुर हो चला है जो गुरुवार को मैरवा खाने में एकाएक हाजिर हो गया। जहां मौके पर रोजी खातून पर अपहरण का मामला दर्ज करने के लिए आवेदन दे चुकी उसकी मां नैना देवी चौहान को भी बुलाया गया। जिसके बाद उसे सिवान एसडीओ कोर्ट में पेश किया गया।

घटना को लेकर जहां तरह तरह के चर्चे हो रहे हैं वह स्थानीय लोगों का कहना है कि लड़की के चक्कर में पड़ चुका है। नौजवान रोजी खातून से शादी करने के लिए मुस्लिम धर्म अपना चुका है। जबकि नौजवान ने कुछ यूट्यूब के पत्रकारों से यह भी कहा कि मुझे मुस्लिम धर्म अच्छा लगा जिसकी वजह से कुबूल कर लिया वही स्थानीय सूत्रों ने बताया कि मुस्लिम लड़की से शादी करने को लेकर यह नौजवान हिंदू धर्म को परिवर्तित कर लिया है मामला जो भी हो कोर्ट में देर शाम तक इस मामले में पूछताछ जारी रहा बताते चलें कि पिड़ीत महिला यानि श्रवण चौहान की मां का आरोप है कि प्रेम जाल में फंसाकर मुस्लिम युवती ने उसके बेटे का धर्म परिवर्तन कराया है। बताते चलें कि सीवान जिले मैरवा नगर के मिसकरहि मुहल्ले से धर्म परिवर्तन कराने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में प्रदीप चौहान की पत्नी नैना देवी ने स्थानीय थाना में आवेदन दी है।

नैना देवी ने पत्रकारो से बात चीत के दौरान बतायी की 25 दिसंबर 2022 को रोजी खातून ने मेरे पुत्र को प्रेमजाल में फंसा कर लेकर भाग गयी।

कुछ दिनों बाद जब अपने घर आयी तो पूछताछ करने पर झगड़ा पर उतारू हो गयी। उसने लगभग 7 महीने तक अपने पुत्र की खोजबीन की लेकिन कहि पता नही चला। जिसके बाद उसने 13 जुलाई को मैरवा थाना में आवेदन दी है। उसने यह भी बतायी की रोजी खातून मेरे पुत्र का आधार कार्ड में नाम चेंज करवाने के साथ उसका मुस्लिम का रूप में फ़ोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने लगी। उसने पुलिस प्रशाशन से मामले की जांच कर आरोपित के खिलाफ कड़ी कानूनी करवाई करते हुए पुत्र की वापसी की गुहार लगायी है।

मैरवा के मिसकरहि मुहल्ले के रोजी खातून के बगल में किराये के मकान में रह रहे नैना देवी के पुत्र श्रवण कुमार को बुलाकर घर का काम करवाती थी। ऐसा ही कुछ वर्षो तक चलते रहा। लड़के की माँ को इसके बारे में जानकारी हुई तो लड़का को उसके घर जाने से मना कर दी। और उसे दूसरे जगह भेज दी। इसके बाद भी रोजी खातून उसका पीछा नही छोड़ी। दोनो आपस मे बात करते थे। रोजी खातून ने उसका दिमाग घुमा कर अपने प्रेमजाल में फंसा ली और उसे मदसरे में कैद करवा दी।

# मैरवा में भाजयुमो ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, सैकड़ो लोगो ने सरकार के खिलाफ किया हस्ताक्षर





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/ मैरवा सीवान संवाददाता।** राज्य में व्याप्त भ्र्ष्टाचार, बेरोजगारी एव सरकार के द्वारा 10 लाख युवाओ को रोजगार देने का झूठे वादे को लेकर विधानसभा में मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में मैरवा धाम के समीप हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। नगर मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार मद्देशिया के नेतृत्व में इस हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। इस अभियान में पहुंचे दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ ब्यास सिंह ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान 9 अगस्त तक पूरे जिले में चलेगा। इसके बाद हस्ताक्षर को ज्ञापन के रूप में राज्यपाल को सौंपा जायेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह पटेल ने कहा की इस अभियान में आम जन और युवाओ में उत्साह भर दिया। जो सैकड़ो लोगो ने मुख्यमंत्री की तानाशाही रवैये को खात्मा करने के लिए हस्ताक्षर किये है। भाजयुमो के पूर्व जिलाधक्ष चंद्रविजय प्रकाश उर्फ हैप्पी यादव ने कहा की सरकार शिक्षको, किसान सलाहकार पर लाठियां बरसा रही है। जिसका जवाब आने वाले लोकसभा और विधानसभा में भाजपा को पूर्ण बहुमत देकर करेंगे। हस्ताक्षर अभियान का संचालन जिला उपाध्यक्ष सौमिल उपाध्याय ने किया। इस अभियान में भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह, आनंद प्रताप शाही, नीतीश कुशवाहा, सुमंत बरनवाल, रवि पटेल, मनोज जैसवाल, चंद्र प्रकाश तिवारीसहित दर्जनों भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य मौजूद थे।

## बिहार सरकार जमीन पर मिट्टी भर किया अतिक्रमण विवाद कि स्थिति उत्पन्न



**शिवसागर (रोहतास)** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकरौर गांव के सिकरौर मौजा में सड़क किनारे बने करहा को खेत मे मिलाने के बाद इस इलाके में जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है।जिसको लेकर अन्य पीड़ित किसान परेशान है। लेकिन जबरन जलाशयों पर अतिक्रमण कर लिया है।

जिसको लेकर पीड़ित किसान ने अंचलाधिकारी कार्यालय और स्थानीय थाना में आवेदन दिया है ताकि उचित कार्यवाही हो सके। रैयत किसान लक्ष्मण दुबे ने कहा की सिकरौर मौजा के खाता संख्या 227 और प्लाट संख्या 266 के बगल मे बगल में दबंगों ने सड़क किनारे बिहार सरकार की जमीन पर अतिक्रमण कर उसपर मिट्टी भर कर अपने खेत में मिला लिया है। जिससे पानी के निकासी का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। जिसके कारण बाकी के खेतो मे जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पानी की निकासी नहीं होने के कारण फसल बर्बाद हो रहे है। पीड़ित किसानों ने कहा की दबंगों से इस संदर्भ में बात करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। लाचार होकर इसकी सूचना स्थानीय थाना और अंचलाधिकारी को दे दी गई है।बताते चले की शिकायत में सिकरौर निवासी उपेंद्र सिंह पिता बिहारी सिंह और कामेश्वर सिंह पिता स्वर्गीय मितर सिंह को आरोपी बनाया गया है।

## अपराध पीड़ित परिवार के लाभार्थियों को प्रोबेशन कार्यालय में चेक का वितरण



**सासाराम (रोहतास)** कारा महानिरीक्षक कारा एवं सुधार विभाग बिहार सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला प्रोबेशन कार्यालय सासाराम में समारोह आयोजित कर अपराध पीड़ित परिवार के सदस्यों को चेक के माध्यम से लगभग 5,84,665 रुपए से अधिक का लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रोबेशन पदाधिकारी राजीव कुमार राय, जिला अभियोजन पदाधिकारी अवधेश सिंह, जेल अधीक्षक राकेश कुमार, प्रोबेशन पदाधिकारी चंद्रकांत कुमार मणि एवं श्रीमती विद्या कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं अनुमंडल प्रोबेशन कार्यालय बिक्रमगंज में अपराध से पीड़ित परिवार के लाभार्थियों का चेक वितरण उपेन्द्र कुमार पाल अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान प्रोबेशन पदाधिकारी रजनीश कुमार राय, प्रोबेशन पदाधिकारी चंद्रकांत मणि, जेलर निर्मल कुमार, कार्यालय कर्मी अजमल अली, मुन्ना पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 2 दिन से बिजली नहीं रहने से मैरवा के लोग कर रहे त्राहि-त्राहि

**दैनिक शुभ भास्कर मैरवा सिवान संवाददाता/** मैरवा में 2 दिन से बिजली दिन भर नहीं रहने के कारण लोग उमस तथा गर्मी के वजह से त्राहि-त्राहि करते हुए नजर आ रहे हैं। बताते चलें कि सिवान जिले का मैरवा सबसे बड़ा व्यवसायिक प्रखंड माना जाता है। जहां दिनभर बिजली नहीं रहने के कारण लोग त्रहि-त्राहि करते हुए नजर आ रहे हैं।

इस संबंध में बातचीत करते हुए मैरवा बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि 33000 बोल्ट के तार में कुछ गड़बड़ी आ गई है। जिसको कारण पिछले 2 दिनों से ठीक किया जा रहा है।

जिसके कारण बिजली काटी जा रही है। आपको बताते चलें कि सिवान जिला के मैरवा में बुधवार को 10:00 बजे दिन से ही बिजली गायब रही जबकि गुरुवार को पूरे दिन बिजली नहीं रहने से लोग उमस भरे मौसम में त्राहि त्राहि करते हुए नजर आ रहे थे।

## दूसरे बैच के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**हसनपुरा (सीवान)** प्रखंड स्थित मीटिंग हॉल में मंगलवार को वार्ड सदस्यों का चल रहे तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का दूसरा बैच का प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हो गया। जिसमें शेखपुरा, तेलकथू, फलपुरा व लहेजी पंचायतों के वार्ड सदस्य शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस प्रशिक्षण के ट्रेनर बीपीआरओ शालू कुमारी व प्रखंड कार्यपालक सहायक विकास कुमार द्वारा प्रोजेक्टर चला कर व मौखिक प्रशिक्षण दी गयी। इस दौरान उनके अधिकार, कर्तव्यों, योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन, राशि के खर्च संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में संबंधित पंचायत के सभी वार्ड सदस्य उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## पॉक्सो एक्ट मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**हसनपुरा (सीवान)** एम एच नगर थाना के उसरी बुजुर्ग गांव में गुरुवार की सुबह पुलिस ने छापेमारी कर पॉक्सो एक्ट मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त महेश शर्मा का 25 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार शर्मा है। जो नौ माह से फरार चल रहा था। तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पर मारपीट व नाबालिक से छेड़कानी करने मामले में पॉक्सो एक्ट मामला दर्ज हुआ था।

## उत्पाद विभाग के द्वारा लाखों रुपए के शराब पर बुलडोजर चलाया गया



**सिवान** में उत्पाद विभाग के द्वारा लाखों रुपए के शराब पर बुलडोजर चलाया गया बताते चलें कि सिवान जिला मुख्यालय में उत्पाद विभाग की टीम ने लगभग 70लाख रुपए मूल्य के देशी और विदेशी शराब पर गुरुवार को बुलडोजर चलाया मौके पर 13 लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था जिन को जेल भेज दिया गया।

## भाजयुमो के जिला कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

**सासाराम (रोहतास)** भारतीय जनता युवा मोर्चा रोहतास ने गुरुवार को अपने टीम का घोषणा किया। इसकी जानकारी युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने देते हुए कहा कि टीम आगामी चुनाव और मोदी के नेतृत्व में देश को मजबुत करने के उदेश्य से बनाया गया है। जिसमे सभी विधानसभा और सभी वर्ग के साथ साथ पुरानी टीम के सदस्यों का भी खयाल रखा गया है और नये सदस्यों को भी मौका दिया गया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा सम्राट चौधरी, संगठन महामंत्री भिघू भाई दिल्सनीया, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह एवं रोहतास भाजपा अध्यक्ष सुशील कुमार के देख रेख में किया गया। टीम में उपाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, रवि पांडेय, इंदरजीत सिंह, सन्नी देवल चन्द्रवंसी, अविनाश सिंह, योगेन्द्र कुशवाहा, मंत्री- पंकज तिवारी, रजनीश वर्मा, सोभनाथ सोन्डीक, राम लाल बिन्द, मनीष सिंह, महामंत्री सुधीर सिंह, धीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष- चंदन गुप्ता, अभय प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष- संजय कुमार, मीडिया प्रभारी राजेश, बिट्टू, रौशन, दीपक, प्रवक्ता- चंदन सिंह, महराना प्रताप, अर्जुन लाल, शक्ति परमार आईटी सेल सयोजक दिव्य प्रकाश तिवारी, डब्लू पासवान, इम्मी देव, सोशल मीडिया- पुरषोत्तम गुप्ता, पंकज पाण्डेय, आरयन सिंह, विद्या भास्कर चौबे,कार्यालय मंत्री - ध्रुव सिंह, अमीत मिश्रा, कृष्णा यादव यंग प्रोफेशनल- अविनिश रंजन, पप्पू गुप्ता, स्वच्छता एवं रचनात्मक प्रकोष्ठ नीरज गुप्ता, पंकज यादव चिकित्सा सेल रजनीश कुमार, प्रेम प्रकाश आदि को बनाया गया है।

**बैठक** बैठक में पुराने योजनाओं का डीपीआर तैयार करने का निर्देश

# नगर पंचायत की बैठक में हाउस होल्डिग टैक्स समेत अन्य योजनाओं को लागू करने पर बनी सहमति, सामान्य बैठक में बस स्टैंड, स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय पर चर्चा




**दैनिक शुभ भास्कर/ गुठनी।** नगर पंचायत की बैठक गुरुवार की दोपहर नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मुख्य पार्षद राजेश कुमार गुप्ता ने किया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि जो योजनाएं पूर्व में ली गई है।

उन पर जल्द काम शुरू किया जाए। और उसका डीपीआर भी जल्द तैयार किया जाए। वही जिन जगहों पर योजनाओं के अनुरूप कार्य शुरू किया गया है। उनके सार्वजनिक शौचालय, डस्टबिन खरीद, स्ट्रीट लाइट, टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, समेत वार्डो के विकास की चर्चा हुई।

प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ संजय कुमार ने बताया कि बैठक में नगर पंचायत के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमे सभी वॉर्ड पार्षद मौजूद थे। कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ संजय कुमार ने बताया कि राज्य सरकार के जो निर्देश है। उसके अनुरूप हाउस होल्डिंग टैक्स, टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, हर वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगाना, सार्वजनिक शौचालय का जल्द निर्माण, और डस्टबिन खरीद में तेजी लाना है। उन्होंने बताया की कचरा उठाव, पूरे नगर पंचायत में साफ सफाई, जलजमाव पर जल्द काम होगा। ताकि नगर पंचायत की जनता को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जलजमाव के लिए डीपीआर तैयार करने का भी निर्णय लिया गया जिससे बरसात के दिनों में लगने वाले जलजमाव से लोगों को राहत मिल सके। बैठक में मुख्य पार्षद राजेश कुमार गुप्ता, उप मुख्य पार्षद पूनम देवी, निर्भय कुमार शुक्ला, दिलीप सिंह, संध्या कुमारी, इंदिरा देवी, उर्मिला देवी, शिवानंद पांडेय, चंपा देवी, अजय कुमार दुबे, सोनू कुमार मद्धेशिया, पीयारी देवी, सरिता देवी, अनिता देवी, पूनम देवी, सुभावती देवी, अमित कुमार मौजूद थे।


## मैरवा में भाजयुमो ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, सैकड़ो लोगो ने सरकार के खिलाफ किया हस्ताक्षर

**मैरवा सीवान संवाददाता।** राज्य में व्याप्त भ्र्ष्टाचार, बेरोजगारी एव सरकार के द्वारा 10 लाख युवाओ को रोजगार देने का झूठे वादे को लेकर विधानसभा में मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में मैरवा धाम के समीप हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। नगर मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार मद्देशिया के नेतृत्व में इस हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। इस अभियान में पहुंचे दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ ब्यास सिंह ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान 9 अगस्त तक पूरे जिले में चलेगा। इसके बाद हस्ताक्षर को ज्ञापन के रूप में राज्यपाल को सौंपा जायेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह पटेल ने कहा की इस अभियान में आम जन और युवाओ में उत्साह भर दिया। जो सैकड़ो लोगो ने मुख्यमंत्री की तानाशाही रवैये को खात्मा करने के लिए हस्ताक्षर किये है। भाजयुमो के पूर्व जिलाधक्ष







चंद्रविजय प्रकाश उर्फ हैप्पी यादव ने कहा की सरकार शिक्षको, किसान सलाहकार पर लाठियां बरसा रही है। जिसका जवाब आने वाले लोकसभा और विधानसभा में भाजपा को पूर्ण बहुमत देकर करेंगे। हस्ताक्षर अभियान का संचालन जिला उपाध्यक्ष सौमिल उपाध्याय ने किया। इस अभियान में भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह, आनंद प्रताप शाही, नीतीश कुशवाहा, सुमंत बरनवाल, रवि पटेल, मनोज जैसवाल, चंद्र प्रकाश तिवारीसहित दर्जनों भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### सपा विधायक के संकल्प पत्रों पर लोगों ने हर्ष जताया



**इटावा।** महेवा आगामी विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान क्षेत्रीय विधायक राघवेंद्र गौतम द्वारा विधानसभा में संकल्प के रूप पेश किए जाने वाले दोनों प्रस्तावों पर क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से दोनों प्रस्तावों को स्वीकार कर पूरा करने की माँग की है। विदित हो कि भरथना विधायक श्री गौतम ने 03 अगस्त गुरुवार को प्रमुख सचिव  विधानसभा को दिए संकल्प पत्र में महेवा ग्राम पँचायत को नगर पँचायत का दर्जा देने तथा अंदावा एवम नौगवा के बीच यमुना नदी पर पुल बनाने का प्रस्ताव दिया है। विधायक श्री गौतम के द्वारा दिये गए ये दोनों जनहितकारी प्रस्तावों पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गयी तथा प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, प्रधान महेवा कुमुद सिंह, अंदावा प्रधान चरन सिंह यादव, पंकज भदौरिया, क्षेत्र पँचायत सदस्य मिथुन पाण्डेय, पूर्व प्रधान मनोज दोहरे, सपा नेता संजय यादव, सपा नेता यतेंद्र दोहरे, पूर्व प्रधान अन्नू पाल, रामजी तिवारी आदि ने हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री योगी जी से दोनों प्रस्तावों को स्वीकार कर पूरा करने की माँग की है।

### खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक



**इटावा।** महेवा स्थानीय ब्लॉक सभागार में खण्ड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह की अध्यक्षता में समस्त रोजगार सेवकों, तकनीकी सहायकों व ग्राम सचिवों की साप्ताहिक बैठक हुई जिसमें  मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने व कायाकल्प के तहत अधूरे पड़े कार्यो को शत प्रतिशत रूप से समाप्त करने का निर्देश दिया इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पँचायत श्याम वरन राजपूत व खण्ड शिक्षा अधिकारी महेवा धर्मेंद्र प्रसाद भी मौजूद रहे जिन्होंने अपने विभागों से भी सबन्धित निर्देश दिये। बी डी ओ महेवा सूरज सिंह ने सभी अधीनस्थों को आदेश देते हुए बैठक में कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात गत वर्ष जैसे हर घर तिरंगा कार्यक्रम सफल हुआ था वैसे ही इस वर्ष मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को  सफल बनाना है।इसमें हर गाँव मे स्कूल, पँचायत घर, अमृत सरोवर, वाटिका आदि के पास 09 अगस्त से 15 अगस्त तक खुली बैठके कराकर रूपरेखा बनाई जाए, 15 अगस्त को धूमधाम से स्वंतत्रता दिवस मनाया जाए, झंडारोहण किया, प्रभात फेरी आदि के लिए प्रचार प्रसार हो वही 16 अगस्त से 20 अगस्त के मध्य हर गाँव से माटी ला जाए जो कि दो कलशों एकत्रित होगी जिसे जिला पर भेजा जाएगा वहाँ से राजधानी जाएगी वही ग्राम स्तर व ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। खण्ड विकास अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि इस अवसर पर गाँवो में बसुधा वाटिका स्थापित कर 75 पौधें लगाए जाएंगे वही गाँव मे शहीद हुए सैनिकों, पुलिस कर्मियो, स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में शिलापट भी लगाए जाएंगे। वही उन्होंने कायाकल्प के तहत अधूरे बचे कार्यो, अमृत सरोवरों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सभी सचि, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### राजस्थान के चाचा जी स्वर्गीय श्री कृष्ण मोहन व्यास जी का निधन



**विशाखा व्यास दैनिक शुभ भास्कर की संपादक डूंगरपुर एडिशन** राजस्थान के चाचा जी स्वर्गीय श्री कृष्ण मोहन व्यास जी का निधन दिनांक 31 /7 /23को हो गया था जिसकी शोक सभा दैनिक शुभ भास्कर के डूंगरपुर कार्यालय पर संपन्न हुई इसमें पत्रकार बंधुओं एक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे जिसमें केशव लाल पंड्या सपना पंड्या रीना राय चेतना राजपूत 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई जिनका पगड़ी दस्तूर 11:08 23 को निज निवास खजुरिया ब्राह्मण बस्ती डूंगरपुर राजस्थान पर रखा गया है

## बनारस की बेटी ने स्थापित किया नया कीर्तिमान, सिर्फ 26 घंटों में तैयार की अयोध्या के श्रीराम मंदिर की अद्भुत पेंटिंग



**वाराणसी।** भगवान शिव की सबसे प्रिय नगरी काशी में पैदा होना सबसे बड़ा सौभाग्य माना जाता है। यहां पैदा होने वाली सख्शियत अपने कृत्यों के द्वारा प्रायः नवीन कीर्तिमान स्थापित करते हैं। ऐसा ही कारनामा करके दिखाया है वाराणसी के एक छोटे से गांव की लड़की ने। उसने अयोध्या के श्रीराम मंदिर का एक अद्भुत पेंटिंग बनाकर बड़ा इतिहास रच दिया है।

इस पेंटिंग के जरिये प्रिया ने वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड बनाया है। वह बीएफए फाइनल ईयर की छात्रा हैं। इस ऐतिहासिक पेंटिंग के उद्घाटन के अवसर पर बनारस के अपर जिला जज राकेश पांडेय ने कहा कि प्रिया सिंह की पेंटिंग में सिर्फ मंदिर नहीं, आस्था का समंदर है। बनारस के पुरंदरपुर गांव की प्रिया सिंह प्रतिभाशाली कलाकार हैं। उन्होंने पेंटिंग के जरिये वर्ल्ड रिकार्ड बनाने से पहले कला का हुनर देश की जानी-मानी चित्रकार पूनम राय से सीखा है। उनकी प्रेरणा से उन्होंने अयोध्या के श्रीराम मंदिर की विशालकारी पेंटिंग तैयार की है, जो उसका भव्य रूप में प्रदर्शित करती है। इस पेंटिंग में उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन के अनेक पलों को अपने दिल में उतारा है। प्रिया ने यह पेंटिंग 2 हजार 726 कील के जरिये एक प्लाइबोर्ड पर बनाया है जो एक ही नजर में हर किसी को बरबस अपनी ओर खींच लेता है। प्रिया की योग्यता और मेहनत देखकर, सभी लोग वाहवाही कर रहे हैं और उन्हें बधाई दे रहे हैं। चित्रकार प्रिया ने बताया कि उनके मन में भगवान श्रीराम में गहरी आस्था और श्रद्धा है। उन्हें खुद भगवान श्रीराम के जीवन के प्रति विशेष रुचि है और उन्होंने इस पेंटिंग के माध्यम से अपने भाव को समर्थन दिया है। पेंटिंग का उद्घाटन करते हुए बनारस के अपर जिला जज राकेश पांडेय ने भी प्रिया की पेंटिंग की प्रशंसा की और कहा कि उनकी कला में भगवान श्रीराम के जीवन की प्रेरक कथाएं छुपी हुई हैं। इस पेंटिंग के माध्यम से वे लोगों को श्रीराम के जीवन को जीने की कोशिश करती हैं। इस पेंटिंग के जरिये उन्हें आध्यात्मिकता का अनुभव करने का अवसर मिलता है। पेंटिंग के उद्घाटन समारोह में प्रिया ने बताया कि उन्होंने सिर्फ 26 घंटों में इस पेंटिंग को बनाकर विश्व में नया कीर्तिमान रचा है। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के अलावा चित्रकार पूनम राय को देती हैं।

## जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कमिश्नरी सभागार में आयोजित हुई बैठक, विभागीय अधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

**वाराणसी।** अगस्त माह में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन को लेकर की जा रही तैयारियों को लेकर गुरुवार को पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन व जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अधिकारियों द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में निदेशक नवीन गुप्ता व उनकी टीम के समक्ष पिछले जी-20 में प्रशासन द्वारा की प्रस्तुति की गयी। बता दें कि वाराणसी में इस बार जी-20 में संस्कृति मंत्रालय की वर्किंग ग्रुप की बैठक 24 से 25 अगस्त और संस्कृति मंत्रियों की बैठक 26 अगस्त को वाराणसी में ही होना प्रस्तावित है। उल्लेखनीय हैं कि जी-20 देशों के संस्कृति मंत्रियों को भारत की संस्कृति से रूबरू कराने का यह मौका है, जिसमें केंद्र सरकार ने वाराणसी को प्राथमिकता दी है।

ऐसे में वाराणसी के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने वाराणसी विकास प्राधिकरण को सारनाथ में बुद्धा थीम पार्क के पास सड़क, नाली आदि की उचित मरम्मत करने तथा नगर निगम को एयरपोर्ट से रास्ते में पड़ने वाले खाली प्लाटों की समुचित साफ-सफाई करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने विश्वविद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित करने को कहा, ताकि कार्यक्रम की उचित ब्रांडिंग हो सके।

वही प्रशासन द्वारा एयरपोर्ट पर अतिथियों के आगमन पर स्वागत करने, होटल में अतिथियों के ठहरने तथा मीटिंग हॉल आदि के संबंध में पूरी जानकारी लेते हुए उचित टूरिस्ट गाइड, लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त करने व सुरक्षा की पूरी तैयारी करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## हिंदुस्तान जिंक प्रबंध को स्थानीय युवाओं ने ज्ञापन सौंपा




**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर/** देबारी जिंक स्मेल्टर स्थित हिंदुस्तान जिंक के बाहर आज आसपास की गांवों के युवाओं ने जिंक प्रबंधन को ज्ञापन सौंप कर स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के साथ ही ऐसे लोग जिनकी जिंक में ऑन ड्यू ह्यूटी मौत हो गई उनके परिजनो को रोजगार देने की मांग की गई है। बुधवार को हिंदुस्तान जिंक के बाहर भल्लो का गुड़ा, छोटा गुड़ा, बिछडी ,उदय सागर गोवला सहित आसपास के पंचायत के जनप्रतिनिधियो और युवाओ ने एकत्रित होकर हिंदुस्तान जिंक के बाहर जिंक के एचआर प्रबंधन को ज्ञापन सौपा।  इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह, युवराज सिंह, चुन्नीलाल डांगी, घनश्याम सालवी ,जगदीश डांगी, प्रकाश चन्द्र पटेल एडवोकेट,राजू डांगी, गुडु भारती सहित कई जनप्रतिनिधि और युवा मौजूद रहे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणावत ने कहा कि हिंदुस्तान जिंक द्वारा आसपास की पंचायत के युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है जिससे क्षेत्र में काफी युवा बेरोजगार है। साथ ही कई ऐसे लोग हैं जिनकी जिंक में काम करते समय मौत हो गई फिर भी उनके परिजनों में से किसी को नौकरी नहीं दी गई इसको लेकर आज  प्रबंधन को ज्ञापन सौप कर मांग की है कि जल्द ही स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाए साथ ही ऐसे लोग जिनकी जिंक में कार्य करते समय मौत हो गई उन्हें परिजनों को भी नौकरी दी जाए जिस की घर गुजरा चला सके वही स्थानीय लोगों को पहले प्राथमिकता देने की मांग की है। ज्ञापन देने आए युवा और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अगर समय रहते उनकी मांगे नहीं मानी जाती है तो जिंक गेट के बाहर ताला लगाकर प्रदर्शन किया जाएगा।

## परिषदीय स्कूलों में लगे ट्रांसफार्मर दे रहे हादसे को दावत



**इटावा।** महेवा जनपद के लगभग 70 से 80 परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चो की जान पर गंभीर खतरा बना हुआ है इन सभी स्कूलों के प्रसार के मध्य से बिजली लाइन निकली हुई है कई स्कूलों की छत के ऊपर से भारी वोल्टेज वाली लाइन निकल रही है और तो कई स्कूलों में बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर ही स्थापित कर दिए है। स्कूलों के परिसर में पेयजल के लिए लगे हैंडपंप में डाले गए सबमरसिल के लिए बिजली के तार बेहद खतरनाक है। स्कूलों के परिसर से कही एलटी लाइन तो कही एचटी लाइन निकल रही है। इन स्कूलों में हजारों बच्चे पढ़ते है। बच्चों के साथ ही इन स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक को भी हमेशा जान का खतरा बना रहता है। कई स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा ही बच्चों को खतरा पैदा किया जा रहा है। स्कूल परिसर में लगे हेंडपंपो के अंदर सबमर्शिबल डाले गए है लेकिन बिजली आपूर्ति के लिए सुरीक्षित व्यवस्था नही की गई है परिसर में लगे हेडपंपो से पानी निकालने के दौरान कई बार और वर्षा ऋृतु में अक्सर करंट आने लगता है। स्कूलों के परिसर से निकलने वाले बिजली तारों को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदय भान सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा विभाग और बिजली विभाग उदासीनता और अनदेखी के कारण जनपद के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चो की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है बच्चो के अभिभावकों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी विभाग क्यों ध्यान नही दे पा रहा है या किसी बड़े हादसे के इंतजार में है।

## कोपा में फंदे से लटकता हुआ मिला किशोरी का शव

**सारण/कोपा/दैनिक शुभ भास्कर/ब्यूरो/पवन कुमार सिंह/**सारण जिले के कोपा थाना अंतर्गत न्यू कॉलोनी टोला में एक किशोरी का शव कमरे में फंदे से लटकता हुआ पाया गया।घर वालों की नजर जैसे ही कमरे में पड़ी उनके होश उड़ गए । जब तक उसे फंदे से उतारा जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी जिसके बाद परिवार वालों में रोना पीटना लग गया। वहीं सूचना के बाद कोपा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया जहां शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद उसे परिजनों को सुपुर्द किया गया। मृत किशोरी की पहचान सारण जिले के कोपा थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी टोला निवासी 19 वर्षीय गुनगुन कुमारी के रूप में की गई सूत्रों के अनुसार मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है

## अनवल बाजार पर बिजली के तार से लटक कर एक अज्ञात युवक की हुई मौत

**सारण/ जलालपुर/दैनिक शुभ भास्कर/ब्यूरो/ पवन कुमार सिंह/** आपको बता दें कि अनवल बाजार पर बिजली के तार से लटक कर एक पागल युवक की हुई मौत। जानकारी के अनुसार वह लड़का 2 दिन से अनवल,साधपुर बाजार पर घूम रहा था। जिसको घूमता हुआ लोग देखे थे मगर उसके घर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। वही उसकी उम्र लगभग 15 साल बताई जा रही। वही  मौके पर सूचना पाकर पहुंची स्थानीय कोपा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया।

## धरनावदा बालाजी के पदयात्रा में शामिल हुए टीकम चंद वर्मा



**दैनिक शुभ भास्कर/मोहन सिंह /राजस्थान/कोटा/** जिले की रामगंजमंडी के नगरपालिका चैयरमैन देवीलाल सैनी एवं परिवार द्वारा आयोजित बालाजी की विशाल पदयात्रा में राष्टीय युवा शक्ति कांग्रेस के रामगंजमंडी विधानसभा अध्यक्ष टीकमचंद वर्मा शामिल हुए,रामगंजमंडी विधानसभा अध्यक्ष टीकमचंद वर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ  यात्रियों का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। राष्टीय युवा शक्ति कांग्रेस के रामगंजमंडी विधानसभा अध्यक्ष टीकमचंद वर्मा ने कहा कि धर्म की जड़ पताल में है,ईश्वर ने हमें ये अमूल्य जीवन दिया है इसका धार्मिक कार्यों एवं परोपकार कार्य में लगाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका चेयरमैन हुकम चंद बाफना,राजेंद्र सिंह सिसोदिया,देवेंद्र सिंह,तेजमल सर्राफ,राहुल चतर,प्रदीप राय,संजय सावला,ओम गुप्ता,अनिल कुमार भील,सहित श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## 4 अगस्त को बेगूं में भाजपा पैदल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री के नाम देगी ज्ञापन



**दैनिक शुभ भास्कर/मोहन सिंह/राजस्थान/चित्तौड़गढ़/** जिले की बेगूं विधानसभा में राजस्थान सरकार की किसान विरोधी तुकलकी फरमान व अघोषित बिजली कटौती के विरोध में 4 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 11 बजे बेगूं में पैदल मार्च निकालकर उपजिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगी। नही सहेगा राजस्थान आंदोलन के जिला सहसंयोजक व किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने बताया कि  राजस्थान की गहलोत सरकार ने एक तुकलकी फरमान जारी किया जिसके अनुसार अफीम कास्तकार को चार साल का डोडाचूरा तुलवाना है,राजस्थान सरकार एवं नारकोटिक विभाग को ज्ञात हो की किसान के पास इतना छायादार स्थान नही होता है की वह चार साल का डोडाचूरा एकत्रित कर सके।बारिश होते ही डोडाचूरा सड़ जाता है और उसमे कीड़े पड़ने लग जाते है तो किसान उसे अपने खेत में डाल देता है। भाजपा इस तुकलकी फरमान,अघोषित बिजली कटौती,नारकोटिक विभाग की धारा 8/29 के विरोध में चित्तौड़गढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट की अगुवाई में पैदल मार्च निकालकर एवं धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देगा। सरकार इस तुकलकी फरमान को निरस्त कर,अघोषित बिजली कटौती बंद कर तथा नारकोटिक विभाग की धारा 8/29 में संशोधन कर कास्तकारो को राहत प्रदान करे।

**अभियान** सभी को टीकाकरण से आच्छादित करने पर होगा विशेष जोर

## बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए चलाया जाएगा मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान

**वाराणसी।** गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि जनपद में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से छूटे हुये 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। इसका पहला चरण 7 अगस्त से शुरू होकर 12 अगस्त तक चलेगा। वहीं दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर, तीसरा चरण 1 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान की तैयारिया पूरी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रत्येक बुधवार और शनिवार को नियमित टीकाकरण सत्र चलाया जा रहा है। इसके बावजूद

**पहला चरण 7 अगस्त से शुरू होकर 12 अगस्त तक चलेगा। वहीं दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर, तीसरा चरण 1 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा।**

किन्ही कारणों से कई बच्चे व गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से छूट जाती हैं। इसी को लेकर सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। इसका पहला चरण 7 अगस्त से, दूसरा चरण सितंबर और अक्टूबर माह में चलाया जाएगा। इस अभियान में एकीकृत रूप से छूटे हुये बच्चों और गर्भवती को टीकाकरण से आच्छादित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि इस अभियान के मद्देनजर समस्त अधीक्षक व प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अभियान में उच्च जोखिम, मलिन बस्तियों, दूरदराज के क्षेत्रों में विशेष जोर दें। साथ ही आशा कार्यकर्ता के माध्यम से घर-घर जाकर सर्वेक्षण करें। टीकाकरण से छूटे हुए 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाये। सीएमओ ने कहा कि टीकाकरण गर्भवतों को गंभीर बीमारियों के साथ ही टीके से रोकी जा सकने वाली जन्मजात बीमारियों की जटिलताओं से बचाता है। इससे बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। उन्होने अपील की है कि सभी परिजन जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों और गर्भवती का टीकाकरण समय से करा लें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डीआईओ डॉ. एके मौर्या ने बताया कि अभियान के तहत टीकाकृत किए गए बच्चों और गर्भवती महिलाओं के कवरेज की एंट्री ई. कवच पोर्टल पर की जाएगी। टीकाकरण सत्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, वीएचएसएनडी सत्र, निजी चिकित्सालयों में भी आयोजित किए जाएंगे। आईसीडीएस विभाग सहित महिला आरोग्य समिति और नगर निगम का भी सहयोग लिया जाएगा।

## विश्व स्तनपान दिवस पर बरेका केन्द्रीय चिकित्सालय में आयोजित हुआ सेमीनार, स्तनपान के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई गहन चर्चा




**वाराणसी।** गुरूवार को बरेका चिकित्सालय एवं पॉपुलर कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट, वाराणसी की सहभागिता से विश्व स्तनपान दिवस के उपलक्ष्य में प्रमुख मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश कुमार के नेतृत्व में सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बरेका के प्रमुख मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 देवेश कुमार ने ब्रेस्ट फिडिंग (स्तनपान) के फायदों से उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए स्तनपान को बढ़ावा देने का आह्वान किया एवं बताया कि बदलते समय के अनुसार कार्यरत मातायें अपने बच्चों को अपने कार्यस्थल पर भी स्तनपान कराना सुनिश्चित करें, ताकि बच्चे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सुदृढ़ हो एवं उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके। कार्यक्रम में कॉलेज की जी.एन.एम. की तृतीय वर्ष की छात्राएं ममता, रंजना, प्रियंका कुशवाहा, नेहा, निक्की, निवेदिता, प्रियंका, स्वेता कुमारी, स्वेता शर्मा, अनामिक तथा कुमारी ममता द्वारा लघु नाटक का मंचन किया गया एवं साथ ही व्याख्यान की प्रस्तुति के साथ ब्रेस्ट फिडिंग के व्यावहारिक पहलूओं को केंद्रित कर समाज में इसके प्रचार-प्रसार हेतु संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बरेका के शिशु रोग विशेषज्ञ डा. एस.के. शर्मा द्वारा स्तनपान के विभिन्न लाभदायक पहलुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. मधुलिका सिंह ने अपने उद्बोधन में माताओं के लिए स्तनपान के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर व.मं.चि. अधिकारी डा. विजय दुर्गा सिंह, स.न.अधिकारी श्रीमती गीता कुमारी चौधरी के अतिरिक्त नर्सिंग सिस्टर्स सर्व श्रीध्श्रीमती अंजना टोड, कमला श्रीनिवासन, सुनीला ए लाल, सीता सिंह, उषा जैसल, उषा देवी, अंजू सिंह, आरती, प्रतिमा सिंह एवं चिकित्सालय के अन्य पैरामेडिकल कर्मचारियों ने कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

## खास ख़बर

# महिलाओं से शर्मसारक जातीय हिंसा में वीरेन सरकार विफल मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू हो-डॉ आरसी प्र0 मेहता



**हजारीबाग** -देश को शर्मसार करने वाला मणिपुर के घटना है विगत 4 महीनों से जातीय हिंसा में मणिपुर जल रहा है जिसमें मणिपुर के वीरेंद्र सरकार विफल है इसके बावजूद केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है महामहिम द्रोपति मुर्मू से निवेदन है कि स्वयं संज्ञान में लेकर मणिपुर में राष्ट्पति शासन लागू करें। यह बातें हजारीबाग विधानसभा महागठबंधन के उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने अपने कार्यालय में कहा। उन्होंने कहा कि मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर उसके शरीर को नोच खरोच कर शर्मसार किया जा रहा है जिससे विश्व में भारत की छवि धूमिल हो रही है यह चिंता का विषय है न्यायालय दोषियों को फास्ट्रेक कोर्ट के द्वारा तत्काल फांसी की सजा दिया जाए। जातीय हिंसा के कारण सैकड़ों नागरिक को जान गंवानी पड़ी है हजारों की संख्या में लोग राहत शिविरों में जी रहे हैं इसके बावजूद केंद्र सरकार दृष्ट राष्ट बनी बनी हुई है मणिपुर हिंसा रोकने में नाकाम वीरेंद्र सरकार को अविलंब बर्खास्त किया जाए तत्पश्चात राष्ट्रपति शासन लागू कर कानून व्यवस्था बहाल किया जाए। राहत शिविरों में रह रहे नागरिकों को पुनर्वास की व्यवस्था किया जाए, मणिपुर हिंसा में मृत आम नागरिकों को न्याय दिया जाए तथा मृत नागरिकों के परिजनों को 20- 20 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। मणिपुर राज्य में बलात्कार हिंसा की शिकार महिलाओं को एसटी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

# सावन में नदी और झीलों में चल रहे हैं साइकिल

भविष्य वक्ताओं की बातें धीरे-धीरे सत्य साबित हो रही है ।पूरे देश के आधे भाग में जहां बाढ़ की भयानक स्थिति बनी हुई है उस दौर में बिहार में सुखाड़ की स्थिति प्रकाष्ठा पर है। सरकारी घोषणायें सिर्फ़ कागजी है। पूरा तंत्र भ्रष्टाचार के कंठ तक डूबा हुआ है प्रशासन के लोग सिर्फ और सर की प्रतीक्षा में है कि सरकारी राहत कार्य आरंभ हो सरकारी फंड आवे और दिल्ली मुंबई पटना में नए फ्लैट की बुकिंग करें ।सुरक्षा और बचाव के लिए प्रशासन में कहीं भी कोई सक्रियता नहीं दिख रही है। सिर्फ मीटिंग का दौर चल रहा है ।दूसरे सावन चढ जाने के बाद भी बारिश नहीं हुई। जैसे तैसे किसानों ने खर्चीले पटवन करके धान की रोपनी की लेकिन सब सुख रहे हैं ,पीले पडते जा रहे हैं। किसान मायूस और हताश हैं।उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि जीवन यापन कैसे होगा ।सरकारी मशीनरी हर मोर्चे पर फेल है।अब तो जनता उनसे अपेक्षा भी नहीं रख रही है ।कुल मिलाकर स्थिति भयानक बनी हुई है। अकाल के भयावहता को देखते हुए आम जनता ने खर्च में कटौती कर दी है।सिर्फ चावल आटा की खरीदारी मुख्य रूप से हो रही है। बाजार से रौनक गायब है। जहां शहर में दिनभर जाम का नजारा होता था आज विरानगी छाई हुई है। ऐसा लगता है कोरोना काल का नजारा दुहराया जा रहा हो ।सडके सुनी है ।पर्व त्योहार का रौनक गायब है। वाहनों की आवाजाही भी काफी कम हुई है।

## कटिहार के शहीद चौक स्थित निजी होटल के सभागार में कांग्रेस की ओर से प्रेस वार्ता, 6 अगस्त को अनुमंडल कार्यशाला का होगा आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर/ जिला ब्यूरो चीफ /रूपेश मिश्रा** अनुमंडल कार्यशाला के संयोजक संजय कुमार सिंह की ओर से प्रेस वार्ता कर बताया गया कि 6 अगस्त को स्थानीय टाउन हॉल में अनुमंडल कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर यह अनुमंडल कार्यशाला का आयोजन होगा। इस कार्यशाला में कटिहार अनुमंडल के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी व कांग्रेस के नेता भाग लेंगे। अनुमंडल कार्यशाला में प्रदेश से भी कांग्रेस के पदाधिकारी पहुंचेंगे। अनुमंडल कार्यशाला के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को जिला और प्रदेश के पदाधिकारी संबोधित करेंगे। खासकर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अनुमंडल कार्यशाला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।



# किशनगंज डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सहकारी विकास समिति का कार्य योजना की समीक्षात्मक बैठक

**किशनगंज (अली रजा)**
किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सहकारी विकास समिति की कार्य योजना की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में प्राथमिक सहकारी सहयोग समितियों के आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में बताया गया कि पैक्सो के सशक्तिकरण हेतु उनका कंप्यूटरीकरण करके किशनगंज जिला के अंतर्गत वर्तमान में कुल 86 पैक्सो का दो चरणों में चयन किया जाना है आने वाले समय में सभी पैक्सो को कंप्यूटरीकृत करने की योजना है। इससे पैक्स की कार्यकुशलता एवं पारदर्शिता बढ़ेगी।

प्रत्येक पंचायत /गांव में बहुउद्देशीय पैक्सो, डेयरी,मत्स्य सहकारी समिति की स्थापना करना, इसके अंतर्गत डेयरी के प्रोडक्शन पर जोर दिया गया। साथ ही, बकरी पालन पर भी जोर दिया गया और मत्स्य पालन को भी बढ़ाने की चर्चा की गई। मत्स्य पालन को पंचायत स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने एवं मत्स्य बिक्री के लिए एक बाजार का चुनाव करना।

स्थाई मछली मार्केट को बनाकर इसकी सूचना मछली विक्रेता के साथ-साथ आम जनता को भी सूचना प्रदान करना। साथ ही, लोकल मछली के प्रोडक्शन पर बढ़ावा देने की चर्चा की गई। जिले के अंतर्गत छोटे-छोटे लोकल तालाब को लीज पर लगाया गया ताकि मछली का प्रोडक्शन तेजी से बढ़ सके। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता क्षेत्र में सबसे बड़ी विकेंद्रीकृत अन्य भंडार योजना इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कृषि अवसंरचनाएं, जैसे कि गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्रसंस्करण इकाइयों, उचित मूल्य दुकान इत्यादि का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया इन योजनाओं का क्रियान्वयन जिला स्तरीय सहकारी विकास समिति द्वारा समन्वित किया जा सकता है। ई सेवाओं के बेहतर पहुंच के लिए कॉमन सेवा केंद्र( ष्व्यष) के रूप में पैक्सो को विकसित करना, किशनगंज जिला के अंतर्गत सभी पैक्स में ष्व्यष का पंजीयन कार्य प्रगति पर है । पैक्स के द्वारा नए किसान उत्पादक संगठन (FPO) का गठन, इसके सहयोग से कृषि से संबंधित अन्य आर्थिक क्रियाकलाप करने में सक्षम बनाने पर चर्चा हुई।बताया गया कि वर्तमान में किशनगंज जिले में कोई टैक्स एफपीओ के रूप में पंजीकृत नहीं है। पैक्स की एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरसीप के लिए पात्रता तथा इसके अंतर्गत टैक्स को अपनी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने का स्रोत बढ़ाना और इससे ग्रामीण स्तर पर रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध होंगे। बैठक में ग्रामीण स्तर पर जेनेरिक दवाइयों के पहुंच के लिए पैक्सो में जन औषधि केंद्र खुलवाना और इसके अंतर्गत किशनगंज जिला में 5 पैक्सो को जन औषधि केंद्र के रूप में चिन्हित किये जाने पर विमर्श हुआ। पैक्सो को के रूप में कार्य करना तथा इसके अंतर्गत उर्वरक वितरण केंद्र प्रधानमंत्री किसान जागृति केंद्र (PM KSK) के रूप में पैक्सो का विकासत करने का निर्देश दिया गया। गौरतलब हो कि केंद्रीय मंत्रीपरिषद, भारत सरकार की बैठक में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने एवं जमीनी स्तर पर पहुंच बनाने हेतु योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। उक्त योजना के तहत देश के सहकारी समिति सुविधा से वंचित प्रत्येक पंचायत गांव में बहुउद्देशीय पैक्स एवं डेयरी मत्स्यजीवी सहकारी समिति की स्थापना एवं वर्तमान चिन्हित क्रियाशील योजनाओं के सम्मेलन के माध्यम से सुदृढ़ कर क्रियान्वयन में लाना है।केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए गए निर्णय के आलोक में उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु सभी राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में राज्य स्तर पर राज्य सहकारी विकास समिति (स्टेट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमिटी एवं जिला स्तर पर जिला सहकारी विकास समिति (डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेंट कमिटी )का गठन करने का निर्देश दिया गया है। इस बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, महाप्रबंधक/परियोजना पदाधिकारी जिला उद्योग केंद्र, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी एवं जिला विकास प्रबंधक राष्टीय ग्रामीण एवं कृषि विकास बैंक और अन्य पदाधिकारी /कर्मी उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस के तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त ने की बैठक



15 अगस्त के तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक मे स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य व आकर्षक रूप से मनाने पर चर्चा हुई।

उन्होंने कहा पूर्व के आयोजन के अनुसार ही इस बार भी झंडोत्तोलन का कार्यक्रम मुख्य आयोजन स्थल कर्जन ग्राउंड में आयोजित किए जायेंगे।

झंडोत्तोलन के अवसर पर परेड, राष्टीय ध्वज को सलामी सम्मान सार्जेंट मेजर द्वारा की जाएगी। परेड में झारखंड सैन्य पुलिस,बीएसएफ मेरु एवं सीआरपीएफ के एक एक प्लाटून बल रहेंगे तथा जिला सशस्त्र बल के 2 प्लाटून रहेगें। पार्टी बैंड की व्यवस्था बीएसएफ मेरु कैंप के स्तर से की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या में सेना के जवानों द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल परेड का आयोजन किया जायेगा।

मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मीडिया ड्ढ्ढ तथा प्रशासन ड्ढ्ढ के बीच एक फैंसी फुटबॉल मैच का आयोजन किया जायेगा। वहीं 15 अगस्त की संध्या स्थानीय विधालय के बच्चों व कलाकारों के द्वारा देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

उपायुक्त ने कर्ज़न ग्राउंड की वर्तमान स्थिति से अवगत होते हुए साफ़ सफ़ाई और रंग रोगन आदि कार्यो को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की स्वतन्त्रता दिवस पर

जिला के स्वतन्त्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्य अथवा राष्टीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिले के खिलाड़ियों,रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले लोगो तथा जिला के आंदोलनकारियों को भी सम्मानित किया जायेगा।

मौके पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे के अलावा उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा,सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार,एसडीओ बरही पुनम कुजूर,जिलास्तरिय पदाधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार,एनजीओ के प्रतिनिधि व अन्य मौजूद थे।

## कटिहार के शहीद चौक के समीप डाक बंगला का होगा कायाकल्प, पंचायती राज मंत्री ने लिया जायजा

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो चीफ /रूपेश मिश्रा** सिस्टम की बेरुखी ने डाक बंगला के अस्तित्व को ही खत्म कर दिया। लेकिन अब सरकार की नींद खुल गई है। कटिहार के शहीद चौक स्थित वर्षो से खंडहर पड़े डाक बंगला का कायाकल्प करने की तैयारी शुरू हो गई है। पंचायती राज्य मंत्री मुरारी गौतम ने वर्षों से खंडहर पड़े डाक बंगला का जायजा लेते हुए कहा कि जिला परिषद की जमीन से राजस्व की प्राप्ति के लिए यहां अत्याधुनिक मॉल तैयार किया जाएगा। जिसमें होटल, रेस्टोरेंट्स, मल्टीप्लेक्स, कपड़े की दुकान सहित अन्य कई दुकान खोले जाएंगे। फिलहाल 50 करोड़ की लागत से यहां मॉल तैयार किया जाएगा। उससे अधिक लगने पर अन्य मदों से राशि की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा मॉल में पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध होगी। निश्चित तौर पर शहर के बीच खंडहर बने इस डाक बंगला का कायाकल्प होने से शहर की रौनक में चार चांद आने की उम्मीद है।



## कविगुरु एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच से यात्रियों का सामान हुआ चोरी, ट्रेनों के अंदर सुरक्षा पर सवाल हुए खरे

**दैनिक शुभ भास्कर /जिला ब्यूरो चीफ /रूपेश मिश्रा**
ट्रेनों में सफर करना अब लोगों के लिए सुरक्षित नहीं है। चाहे आप स्लीपर में सफर कर रहे हो या एसी बोगी में आपका सामान सुरक्षित नहीं है और अपने सामान का स्वयं रक्षा करना होगा। बता दें कि ट्रेनों में यात्रियों के सामान और उनके सुरक्षा को लेकर रेलवे की ओर से हर माह अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं। लेकिन इसके बावजूद ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था ना के बराबर रहता है। ताजा मामला कटिहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर देखने को मिला। जहां कवीगुरु एक्सप्रेस ट्रेन के एसी 2 के एक नंबर कोच में सफर कर रहे 3 यात्रियों का सामान चोरी हो गया। जब यात्रियों के द्वारा इस मामले में रेल प्रशासन को शिकायत किया तो रेल प्रशासन की ओर से सिर्फ खानापूर्ति की गई। बाद में जब कटिहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंची तो रेल प्रशासन हरकत में आई और यात्रियों से जाकर पूछताछ करते हुए उनकी शिकायत दर्ज किया।

## विश्व स्तनपान योजना सप्ताहिक कार्यशाला आयोजित





**मोतिहारी।** अशोक वर्मा डीपीओ आईसीडीएस ,मोतिहारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा लाभुकों का आवेदन अपलोड करने से संबंधित प्रशिक्षण एवं राष्टीय पोषण अभियान के तहत 1 से 7 अगस्त 2023 तक विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यशाला का आयोजन किया गया ।स्तनपान की महत्ता के प्रति समुदाय को जागरूक करने हेतु

1. स्तनपान के प्रति जागरूकता हेतु प्रभात फेरी, फ्लैक्स, बैनर,दीवाल लेखन एवं संचार के विभिन्न साधनों का उपयोग कर प्रचार प्रसार करना ।
2. जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान का शीघ्र शुरुआत, 6 माह तक केवल स्तनपान , 2 साल तक के बच्चे को ऊपरी आहार के साथ स्तनपान जारी रखना , सामान्य तथा सिजेरियन दोनो प्रकार के प्रसव में 1 घंटे के भीतर स्तनपान से संबंधित परिवार के सदस्यों को परामर्श देना ।
3. समुदाय आधारित गतिविधियों (अन्नप्राशन/गोदभराई तथा अन्य) के आयोजना पर स्तनपान के महत्ता पर परामर्श देना ।
4. स्तनपान कराने वाली माताओं को नियमित रूप से आयरन,फोलिक एसिड का सेवन से सम्बन्धित परामर्श देना ।
5. स्तनपान को बढ़ावा देने एवम बोतल के दूध से मुक्ति हेतु जागरुकता फैलाना ।

अति महत्वपूर्ण कार्यशाला में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और प्रशिक्षण के दौरान संकल्प लिया कि हम लोग इस योजना को आम महिलाओं तक पहुंचायेंगे।

**मुलाकात** कोचाधामन राजद विधायक सह सचेतक इजहार आसफी ने किशनगंज आगमन पर खास तौर पर मुलाकात किया

# पंचायती राज मंत्री का किशनगंज जिला आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया





**किशनगंज (अली रजा)** श्री मुरारी प्रसाद गौतम मंत्री, पंचायती राज विभाग बिहार सरकार का किशनगंज के आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया।इस दौरान किशनगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष इमाम अली चिंटू ने गुलदस्ता भेंट किया। कोचाधामन राजद विधायक सह सचेतक इजहार आसफी ने किशनगंज आगमन पर खास तौर पर मुलाकात किया और आवश्यक बिन्दुओं पर मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित कराया। ईस अवसर पर किशनगंज युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो आज़ाद साहिल, संसद प्रतिनिधि हसन, किशनगंज विधायक प्रतिनिधि इरशाद हयात, कांग्रेस महासचिव सबल अख्तर, कांग्रेस नेता इमरान आलम, नगर अध्यछ युवा सिंगर्स अमजद अली, युवा कांग्रेस जिला संयोजक वसीम अख्तर, जिला महासचिव तौसीफ नजर , जिला परिषद मो इमरान, कोचाधामन सांसद प्रतिनिधि गामा, युवा नेता अतुल, ह्स्ढ्ढ प्रदेश सचिव अमन रेजा, ह्स्ढ्ढ जिला अध्यक्ष मो इस्तियाक,ह्स्ढ्ढ पूर्व जिला अध्यक्ष विक्की ठाकुर , महिला नेत्री शाहिदा बेगम, युवा कांग्रेस नेता शुभम दास, महिला नेत्री इला देवी, कांग्रेस नेता सजल साह, कांग्रेस नेता जुल्फेकार अंसारी, देवनाद ठाकुर, सारिक, अमित, मो इस्लाम, किशनगंज जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। ईस अवसर पर कांग्रेस नेता असगर अली उर्फ पीटर ने मंत्री महोदय के किशनगंज आगमन पर फुलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और कहा कि मंत्री श्री मुरारी प्रसाद गौतम एक जुझारू एवम कर्मठ नेता हैं और इनके यहाँ आगमन से पंचायती राज के सभी जनप्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल है। एवम मंत्री महोदय को पंचायती राज से संबधित समस्याओ से अवगत भी कराया गया है।

# राहत संस्था आई पार्टनर एवम महिला थाना के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**किशनगंज (अली रजा)**
राहत संस्था आई पार्टनर एवम महिला थाना किशनगंज के संयुक्त तत्वावधान में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गाछपाडा किशनगंज में मानव तस्करी,बाल मजदूरी,यौन उत्पीड़न,एवम घरेलु हिंसा व शिक्षा के मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला थाना से पी एस आई सिमरन कुमारी,एवम सुनैना कुमारी ने कहा कि महिला थाना से कभी भी उक्त कोई बात होती है तो सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी हिंसा हो किसी भी बच्ची या बच्चा को कोई भी दलाल बहला फुसला कर कहीं ना ले जा पाये ईस पर हम सब की नजर होनी चाहिए। कहीं भी किसी भी प्रकार का किसी पर कोई संदेह हो तो तुरंत हमें जानकारी दें। साथ ही उन्होंने उक्त घटनाओं को रोकने के सबंध में विस्तृत जानकारी दी और समाज के हर व्यक्ति से जागरुक रहने की अपील की। ईस अवसर पर राहत संस्था की सचिव डाक्टर फरजाना बेगम ने इस विषय पर विस्तारपूर्वक बातों को रखा एवम शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी बच्चे बच्चियों के स्कूल जाने पर जोर दिया और कहा कि हमारा यह प्रयास है कि जो बच्चे बच्चियाँ स्कूल नहीं जाते हैं उन्हें स्कूल से जोरा जाये ।उन्होंने बताया कि अभी यास्मीन प्रवीण ने वैसी 56 बच्चियों का स्कूल में नामांकन कराया है जो स्कूल नहीं जाती थीं। इस अवसर पर यहाँ उपस्थित शिक्षिका ब्यूटी रानी,तंजिल आलम,प्रतिभा कुमारी,विकास कुमार,मीका सिन्हा,और सैंकड़ों की संख्या में बच्चे बच्चियाँ भी उपस्थित थीं।







## ख़ास ख़बर

## सप्ताह में एक दिन आती है महिला चिकित्सक




शासन स्तर से जनपद में बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए मेडीकल कालेज के स्थापना करा रही हो। लेकिन जनपद में संचालित सरकारी अस्पतालों की स्थिति काफी दयनीय है। यहां पर तैनात चिकित्सक अस्पताल आने की बजाय विभाग में अपनी सेटिंग फिट कर सप्ताह में एक या दो दिन आकर शेष दिन अपने निजी अस्पताल में समय दे रहे है। मुगलसराय क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोगवारे का यही हाल है। जहाँ पर सुबह साढ़े दस बजे तक मात्र एक डॉक्टर ही मौजूद थे। बाहर खड़े मरीज काफी देर से डॉक्टरों का इंतजार कर रहे थे। सीएचसी पर कुल डॉक्टर और कर्मचारियों की संख्या 25 है। जिसमें एक चिकित्साधिक, एक महिला चिकित्सक, एक दंत चिकित्सक,03 चिकिस्तक व दो चिकित्सक जिन्हें कोविड चिकित्सक है। अस्पताल पर एक मात्र महिला चिकिस्तक के रूप में डॉ अमृता सिंह है जो सप्ताह में एक दिन ही यहाँ आती है। जबकि कोविड चिकिस्तक के रूप में तैनात डॉ प्रमोद व सोनम सप्ताह में के दिन आकर अपनी उपस्थिति बनाकर चले जाते है। कोविड के नाम पर तैनाती होने कारण जब चिकिस्तक नही आते तो उनके साथ विशेष रूप में लगे स्टाफ भी अस्पताल पर दर्शन नही देते।जिसके कारण आये दिन मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि इस अस्पताल पर अल्ट्रासाउंड, पैथोलाजी की ब्यवस्था होने के बाद भी इसका लाभ मरीजों को नही मिल पा रहा है। गुरुवार को जब अस्पताल पर पहुंचकर जानकारी लिया गया तो यहां पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि आठ चिकिस्तक नियुक्त है। मौके पर केवल तीन लोग ही मिलते है। इसमें एक आंख व एक दंत चिकित्सक है।

## गांजा बरामद तस्कर गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर** रेलवे स्टेशन,सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी वह बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जीआरपी व आरपीएफ डीडीयू की संयुक्त टीम द्वारा एक अभियुक्त बृजेश कुमार यादव को प्लेटफार्म संख्या 5/6 के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके पास से पुलिस ने 10 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया पकड़ा गया अभियुक्त ट्रेनों के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी करता था। जिसपर पुलिस संबंधीत धारा लगाते हुए अग्रिम कारवाई करने में जुट गई।

## चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पैदल गस्त के साथ की जा रही चेकिंग



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चन्दौली पुलिस के समस्त अधिकारी व थाना/चौकी प्रभारीगण द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ किया जा रहा सायंकाल पैदल गश्त,संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग के साथ आमजन व व्यापारियों से संवाद कर कराया जा रहा सुरक्षा का एहसास।पुलिस अधीक्षक चन्दौली डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में चन्दौली जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका/महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारीगण द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायंकाल पैदल गश्त किया जा रहा।पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो,चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति,वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की जा रही तथा इस दौरान आमजन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि चन्दौली पुलिस शांति,सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

## नाबालिक के साथ छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीनदयाल पांडेय के नेतृत्व में मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर की सूचना पर नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी करने वाले अभियुक्त नवीन कुमार को गिरफ्तार किया।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# नवागत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाईन चन्दौली स्थित सभागार कक्ष में की गई अपराध समीक्षा गोष्ठी



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)**
नवागत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाईन चन्दौली स्थित सभागार कक्ष में की गई अपराध समीक्षा गोष्ठी,समस्त अधिकारी एवं थाना प्रभारी व शाखा प्रभारीगण को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।डॉ0 अनिल कुमार,पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सदर/आपरेशन,समस्त क्षेत्राधिकारीगण तथा समस्त थाना/शाखा प्रभारीगण के साथ पुलिस लाईन स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी किया गया।जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी अधिकारी एवं थाना प्रभारी को समय से कार्यालय में उपस्थित रहते हुए लोगों की समस्यायों/शिकायतों को सुनने,थाना स्तर पर कोई भी फरियादी बिना सुनवाई के वापस न जाए,थाने पर रखे आगन्तुक रजिस्टर में सभी का विवरण अपडेट रखने हेतु निर्देशित किया गया। शिकायतकर्ता को उसके शिकायत से सम्बन्धित रशीद प्रदान की जाए एवं हेल्प डेस्क पर कार्यरत कर्मी द्वारा शिकायतकर्ता से उसके समस्या/शिकायत निस्तारण के विषय में फीडबैक लिया जाए यदि शिकायतकर्ता कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है तो उसकी शिकायत को पुनर्जीवित कर पुनःजांच एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए। आइजीआरएस व जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के डिफाल्टर से पूर्व की स्थिति में समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सभी संबंधित को सख्त निर्देश दिए गए।लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी व पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। टॉप टेन सूची में शामिल अभियुक्तों की सतत निगरानी व उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व अपराधियों की निगरानी के लिए%एक अपराधी एक आरक्षी%को नियुक्त कर सतत निगरानी करना सुनिश्चित करें,लुटेरे व पेशेवर अपराधियों का जमानत निरस्त्रीकरण करा गुंडा/गैंगस्टर की कार्रवाई करने हेतु सभी थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए गए।अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व पर्वो के दौरान संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारीगण को निर्देशित किया गया एवं किसी भी परिस्थिति में सार्वजनिक मार्गो पर अवरोध अथवा बाधित कर विरोध प्रदर्शन न होने दिया जाए जिस हेतु आवश्यक प्रभावी कार्रवाई की जाए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दिया गया।लम्बित विवेचनाओं व प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध कराया जाए तथा महिला सम्बंधित अपराधों में संवेदनशील होकर गम्भीरता से त्वरित व प्रभावशाली कार्यवाही के लिए कड़े निर्देश दिए गए। सभी सम्बंधित को बिना नंबर प्लेट व त्रुटिपूर्ण नंबर प्लेट लगे वाहनों की सघन चेकिंग व चालान की कार्रवाई हेतु सख्त निर्देश दिए गए। समस्त पुलिस बल अनुशासित रहते हुए आमजनमानस के साथ सौम्य व्यवहार व मर्यादित भाषा का प्रयोग करेंगे।महिला हेल्प डेस्क पर प्रतिदिन प्राप्त प्रार्थना पत्रों की ससमय जांच करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित संज्ञान ले कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते/कराते हुए पीड़ित को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। समस्त थाना प्रभारीगण को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि क्षेत्र में कार्यरत पुलिसकर्मियों को 10 दिवस कर्तव्य निर्वहन के उपरांत एक दिवस अर्थात 24 घंटे का रेस्ट प्रदान किया जाए, इस अवधि में उक्त कर्मी अपने नियुक्ति स्थल पर ही उपस्थित रहेगा। उपरोक्त के साथ ही अन्य महत्वपुर्ण बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# पीडीडीयू नगर से चहनियां को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग की लंबाई लगभग 20 किलोमीटर है



पीडीडीयू नगर से चहनिया को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग लगभग तीन दशक से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। यही नहीं इन दिनों जगह-जगह जलाशय में तब्दील हो जाने से राहगीरों की आवागमन करने में और मुश्किलें बढ़ गई है। लेकिन विभागीय अधिकारी एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजने की बात का पल्ला झाड़ रहे हैं।

पीडीडीयू नगर से चहनियां को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग की लंबाई लगभग 20 किलोमीटर है। इससे प्रतिदिन सैकड़ों गांव सहित चहानिया सैदपुर बलुआ कमालपुर धानापुर सहित अन्य जनपद वाराणसी गाजीपुर आजमगढ़ आदि जनपदों का लोक सफर तय करते हैं। लेकिन तीन दशक से बदहाल सड़क से आवागमन करना राहगीरों के लिए मुसीबत भारी साबित हो रहा है। इन दिनों हल्की बरसात होने जगह-जगह बने गड्ढों ने जलाशय का रूप ले लिया है। चहनिया निवासी डा आरबी यादव ने बताया कि चहनिया से होकर पीडीडीयू नगर को आवागमन करना हम लोगों के लिए मुसीबत भरा साबित हो रहा है। जिस पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। टड़ियां गांव निवासी डॉ शिव कुमार यादव ने बताया कि यह मुख्य सड़क खराब होने से सैकड़ों गांवों के लोगों को मुश्किलों का सामना इन दिनों करना पड़ रहा है। गर्मी में किसी प्रकार आवागमन हो जाता था। लेकिन बरसात के दिनों में गड्ढों में भरे पानी से पता ही नहीं चल पाता किस सड़क में गड्ढा है या गड्ढा में सड़क।कोरी गांव निवासी राकेश तिवारी ने बताया कि तीन दशक से खराब सड़क पर अभी तक अनगिनत दुर्घटनाएं हो चुकी है। लेकिन विभागीय अधिकारियों से लेकर शासन सत्ता में आसीन लोग भी सड़क बनाने की जगह टालमटोल करने में जुटे हैं।डेरवा कला गांव निवासी छोटेलाल ने बताया कि इस सड़क के किनारे बीच में ही हम लोगों का गांव पड़ता है किसी तरह निकलना मुश्किल हो जाता है। गांव से निकलते समय कई बार सोचना पड़ता है कि आखिर कौन सा सड़क बदलकर आवागमन हम लोग करें।

# 4 अगस्त को बेगूं में भाजपा पैदल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री के नाम देगी ज्ञापन



दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़ / जिले की बेगूं विधानसभा में राजस्थान सरकार की किसान विरोधी तुकलकी फरमान व अघोषित बिजली कटौती के विरोध में 4 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 11 बजे बेगूं में पैदल मार्च निकालकर उपजिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगी।

नही सहेगा राजस्थान आंदोलन के जिला सहसंयोजक व किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने बताया कि राजस्थान की गहलोत सरकार ने एक तुकलकी फरमान जारी किया जिसके अनुसार अफीम कास्तकार को चार साल का डोडाचूरा तुलवाना है,राजस्थान सरकार एवं नारकोटिक विभाग को ज्ञात हो की किसान के पास इतना छायादार स्थान नही होता है की वह चार साल का डोडाचूरा एकत्रित कर सके।बारिश होते ही डोडाचूरा सड़ जाता है और उसमे कीड़े पड़ने लग जाते है तो किसान उसे अपने खेत में डाल देता है। भाजपा इस तुकलकी फरमान,अघोषित बिजली कटौती,नारकोटिक विभाग की धारा 8/29 के विरोध में चित्तौड़गढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट की अगुवाई में पैदल मार्च निकालकर एवं धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देगा। सरकार इस तुकलकी फरमान को निरस्त कर,अघोषित बिजली कटौती बंद कर तथा नारकोटिक विभाग की धारा 8/29 में संशोधन कर कास्तकारो को राहत प्रदान करे।

## धरनावदा बालाजी के पदयात्रा में शामिल हुए टीकम चंद वर्मा



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह /राजस्थान / कोटा /** जिले की रामगंजमंडी के नगरपालिका चैयरमैन देवीलाल सैनी एवं परिवार द्वारा आयोजित बालाजी की विशाल पदयात्रा में राष्ट्रीय युवा शक्ति कांग्रेस के रामगंजमंडी विधानसभा अध्यक्ष टीकमचंद वर्मा शामिल हुए,रामगंजमंडी विधानसभा अध्यक्ष टीकमचंद वर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ यात्रियों का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। राष्ट्रीय युवा शक्ति कांग्रेस के रामगंजमंडी विधानसभा अध्यक्ष टीकमचंद वर्मा ने कहा कि धर्म की जड़ पताल में है,ईश्वर ने हमें ये अमूल्य जीवन दिया है

इसका धार्मिक कार्यो एवं परोपकार कार्य में लगाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका चेयरमैन हुकम चंद बाफना,राजेंद्र सिंह सिसोदिया,देवेंद्र सिंह,तेजमल सर्राफ,राहुल चतर,प्रदीप राय,संजय सावला,ओम गुप्ता,अनिल कुमार भील,सहित श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## अंगदान कर जीवनदान दे अंगदान जीवनदान महा अभियान





सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान उदयपुर/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि जिले में आज भारतीय अंगदान दिवस की शुरुआत चिकित्सा विभाग और शिक्षा विभाग ने अंगदान की शपथ लेते हुए की। उन्होंने बताया कि 3 अगस्त से 17 अगस्त तक अंगदान जीवनदान अभियान पखवाड़ा मनाया जाएगा।

चिकित्सा विभाग में संयुक्त निदेशक डॉ जेड ए काजी और उप निदेशक डॉ पंकज गौड़ ने अपने कार्यकाल में सभी कर्मचारियों को अंगदान करने की शपथ दिलाई। सीएमएचओ कार्यालय, बीसीएमओ कार्यालय एवं सभी चिकित्सा संस्थानों पर शपथ का कार्यक्रम हुआ। जिले में सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा में शपथ का कार्यक्रम हुआ जिसमें चिकित्सा विभाग से सी एच ओ एवं ए एन एम उपस्थित थे ।

सी एम एच ओ डॉक्टर बामणिया ने बताया कि अंगदान कोई भी कर सकता है । अंगदान दो प्रकार के होते हैं -- जीवित अंगदान और मरणोपरांत अंगदान । जीवित अंगदान में व्यक्ति अपने किडनी और लीवर को दान कर सकता है । मरणोपरांत फेफड़े , लीवर, किडनी ,अग्नाशय और ऊतकों में आंखों का कॉर्निया , हड्डी ,त्वचा ,रक्त वाहिकाएं ह्रदय के वॉल्व आदि दान कर सकता है ।

संयुक्त निदेशक डॉ जेड ए काजी ने बताया कि आज शाम 5ः00 बजे हमारे माननीय मुख्यमंत्री इस अभियान का राज्य स्तर पर शुभारंभ करेंगे। सभी मेडिकल कॉलेजों में अंग प्रत्यारोपण यूनिट की स्थापना की जाएगी।

जिला नोडल अधिकारी डॉ प्रणव भावसार ने बताया कि अंगदान जीवनदान महाअभियान पखवाड़े के तहत जिले भर में वाद विवाद प्रतियोगिता ,पोस्टर और नारा लेखन रैली का आयोजन किया जाएगा । जो भी व्यक्ति अंगदान करने की घोषणा करेगा उसे जिला स्तर पर एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा । आज जिले भर में सभी चिकित्सा एवं अन्य विभागों में अंगदान की शपथ दिलाकर इसकी रिपोर्ट जिला कार्यालय में भेजी गई।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत कोचिंग पढ़ाने के इच्छुक विषय विशेषज्ञ अध्यापक करें आवेदन

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत आगामी प्रतियोगी परीक्षा जैसे-सिविल सेवा (आई0ए0एस0/पी0सी0एस0),जे0ई0ई0, नीट,एन0डी0ए0, सी0डी0एस0 व अन्य एक दिवसीय परीक्षाओं की तैयारी हेतु निम्नांकित कोर्स विशेषज्ञ अध्यापक की आवश्यकता है।1.यू0पी0एस0सी0/यू0पी0पी0एस0सी0- इतिहास व हिन्दी,2.नीट, जे0ई0ई0, एन0डी0ए0/सी0डी0एस0-जीवविज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान व भौतिक विज्ञान,3 अन्य एक दिवसीय परीक्षा -गणित व अंग्रेजी।अतःउपरोक्त के क्रम में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत कोचिंग पढ़ाने के इच्छुक विषय विशेषज्ञ अध्यापक(जैसे-भौतिक विज्ञान,रसायन विज्ञान,जीव विज्ञान,गणित,अंग्रेजी, इतिहास व हिन्दी)अपना सम्पूर्ण बायोडाटा अनुभव सहित कार्यालय,जिला समाज कल्याण अधिकारी,चन्दौली (स्थित-गंगा रोड,चन्दौली) में दिनांक 09 अगस्त 2023 तक 10.00 बजे से 5.00 बजे के मध्य किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है।

**आयोजित** सर्पदंस से मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित को शासन द्वारा चार लाख की सहायता राशि दी जाती है।

## सर्पदंस की जागरूक्ता के सम्बन्ध में निम्न घटनाओं को कम करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सर्पदंस से सुरक्षा सप्ताह 2023 किया जा रहा आयोजित



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)** वर्तमान में सर्पदंस की घटनाओं में वृद्धी हुई है। जिसके कारण सर्पदंस की घटनाओं को राज्य सरकार द्वारा 2018 में राज्य सरकार आपदाओं की सूची में सम्मिलित किया गया है। सर्पदंस से हो रही मृत्यु के मुआवजे के लिए शासनादेश जारी किया गया है।सर्पदंस से मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित को शासन द्वारा चार लाख की सहायता राशि दी जाती है।अतःसर्पदंस की जागरूक्ता के सम्बन्ध में निम्न घटनाओं को कम करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सर्पदंस से सुरक्षा सप्ताह 2023 आयोजित किया जा रहा है।जिसमें सर्पदंस से बचाव हेतु क्या करें/क्या ना करें की स्थिति का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि सर्पदंस से होने वाली जनहानी को न्युनिकृत किया जा सकता है।उक्त कम में आप से अनुरोध है सर्पदस से बचाव हेतु क्या करें/ क्या ना करें की स्थिति का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि भविष्य में होने वाली सर्पदस की घटनाओं को न्यून कर जन मानस को जागरूक किया जा सके।सर्पदंस के लक्षणःसर्पदंस होने पर अत्यधिक असर मानव तंत्रिका तंत्र (मस्तिष्क)पर होना,सबसे अधिक बेहोसी का आना, पल्को का भारी होना व अत्यधिक नींद का आना,पलको का भारी होना,सांस लेने में तकलीफ होना,आखो में बुधलापन छाना,अत्यधिक पसीना आना,सांप काटने की स्थिति में क्या करें-सर्पदंस वाले अंग को न मोड़े,सर्पदंस वाले अंग पर सूजन वाले भाग में रस्सी व पट्टी न बाधे,पीडित को स्थिर रखे,पीड़ित को तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर जायें,सर्पदंस हेतु प्राथमिक उपचार-सर्पदस की स्थिति में तुरंत स्पताल नही लेजा सकते तो प्राथमिक उपचार दे,सबसे पहले रोगी को आश्वस्त करे क्योंकी लगभग 70 से 80 प्रतिशत मृत्यु मामले गैर विषैले सर्प के काटने से होते हैं।शरीर के प्रभावित हिस्से से अगुठीयों घड़ी आभूषण,जूते व तंग कपडे हटा दे

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।